हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 05.05.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 277 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये    RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902


## एक नजर

### प्रधानमंत्री अगले सप्ताह यूरोप यात्रा पर

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह यूरोप के चार देशों नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की यात्रा पर जायेंगे। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। प्रधानमंत्री मोदी नॉर्वे में तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। नवाचार, आर्थिक विकास, पर्यावरण के अनुकूल समाधान, आपसी फायदे वाले व्यापार और निवेश इस शिखर सम्मेलन के मुख्य मुद्दे होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री इस आने वाले शिखर सम्मेलन के दौरान पांच नॉर्डिक देशों डेनमार्क, फि नलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी नीदरलैंड दौरे पर सेमीकंडक्टर, एआई, ग्रीन हाइड्रोजन, व्यापार और रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाने, स्वीडन दौरे पर दोनों पक्ष एक टिकाऊ भविष्य के लिए नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। इटली दौरे पर व्यापार, निवेश और रक्षा सहित द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा और उसे आगे बढ़ावा देने की उम्मीद है।

### अयोध्या से लौट रही टवेरा कार ट्रक में घुसी, 6 की मौत

**जालौन** : उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में हुए सड़क हादसे ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग -27 पर कालपी कोतवाली क्षेत्र के 84 गुंबद नामक स्थान के पास एक तेज रफ्तार टवेरा कार ने पीछे से ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कार का कुछ हिस्सा ट्रक में घुस गया। हादसे में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

### रोहतास में सड़क हादसा, पांच की मौत

**रोहतास** : बिहार में रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मठिया गांव में बीती देर रात सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई । मृतकों में एक कैमूर जिले के भगवानपुर का रहने वाला है,जबकि एक नटवार थाना क्षेत्र के मिश्रवालिया निवासी है। बाकी तीन लोग दिनारा के मठिया गांव के रहने वाले हैं। सभी लोग आपस में रिश्तेदार थे। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि सभी लोग चेनारी के लोधी गांव में अशोक कुमार की पुत्री का तिलक चढ़ाकर गांव लौट रहे थे। गांव के पास मोड़ पर खड़ी गई बस और पिकअप को अनियंत्रित कंटेनर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत और दस लोग जख्मी हो गए हैं। कंटेनर को जब्त कर लिया गया है, जबकि चालक भाग गया है।

### उत्तर प्रदेशः सड़क हादसों में 18 लोगों की मौत, 27 घायल

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश में सोमवार का दिन सड़क हादसों के लिहाज से बहुत दु:खद रहा। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में हुए हादसों में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 27 लोग घायल हैं। अंबेडकर नगर में हुए दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई, वहीं जालौन में अयोध्या से दर्शन करके लौट रहे कार सवार एक ही परिवार के छह लोगों की जान चली गई। इसके अलावा रायबरेली, बुलंदशहर, बस्ती और फतेहपुर जिले में हुए दुर्घटनाओं में एक-एक लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन दुर्घटनाओं में हुई जनहानि पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। इसके साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए।

# बंगाल में पहली बार खिला कमल

## चुनाव परिणाम 2026

| प. बंगाल (293) | | तमिलनाडु (234) | | केरलम (140) | | असम (126) | | पुडुचेरी (30) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बीजेपी | 208 | टीवीके | 107 | युडीएफ | 99 | बीजेपी | 102 | बीजेपी | 18 |
| टीएमसी | 79 | डीएमके+ | 74 | एलडीएफ | 35 | कांग्रेस | 21 | कांग्रेस | 06 |
| कांग्रेस | 02 | एआईडीएमके+ | 53 | बीजेपी + | 03 | अन्य | 03 | अन्य | 06 |
| लेफ्ट | 02 | अन्य | 00 | अन्य | 03 | | | | |
| अन्य | 02 | | | | | | | | |

नोट : समाचार लिखे जाने तक प्राप्त आंकड़े, परिणामो में बदलाव संभव है।



## भवानीपुर सीट से ममता की हुई हार, 15 हजार से अधिक मतों से शुभेंदु अधिकारी ने दी मात

एजेंसी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की राजनीति में आज एक नया इतिहास रचा गया। विधानसभा चुनाव के नतीजों और रुझानों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए पूर्ण बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है। 293 सीटों में से भाजपा 144 सीटें जीत चुकी है और 63 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। वहीं, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस मात्र 53 सीटों पर जीत दर्ज कर सकी है और 27 सीटों पर आगे चल रही है। भाजपा ने राज्य के विभिन्न कोनों में अपनी पैठ मजबूत की है। प्राप्त परिणामों में आसनसोल दक्षिण (अग्निमित्रा पाल), मंतेश्वर, भातार, कालिमपांग, दार्जिलिंग और मेदिनिपुर जैसी महत्वपूर्ण सीटों पर भाजपा ने जीत का परचम लहराया है। मंतेश्वर में भाजपा के सैकत पांजा ने राज्य के कद्दावर मंत्री सिद्दिकुल्ला चौधुरी को 14,798 मतों से करारी शिकस्त दी।

नतीजों ने ममता कैबिनेट के कई 'हैवीवेट' मंत्रियों को संकट में डाल दिया है। मलय घटक, शशि पांजा, सुजीत बसु और राजीव बनर्जी जैसे बड़े नाम पिछड़ गये। दूसरी ओर, भाजपा के प्रमुख चेहरे जैसे दिलीप घोष, निशिथ प्रमाणिक, रूपा गांगुली और संदेशखाली की रेखा पात्रा अपनी सीटों पर जीत हासिल की।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने कार्यकर्ताओं से धैर्य रखने की अपील करते हुए मतगणना में धांधली का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की साजिश के तहत टीएमसी की बढ़त वाली सीटों पर गिनती धीमी की जा रही है।



प्रतिक्रिया और आरोप-प्रत्यारोप हिंदू मतदाताओं की एकजुटता और अल्पसंख्यक वोटों में बिखराव ने भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त किया है। कई मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में भी हमें अप्रत्याशित समर्थन मिला है।
— शुभेंदु अधिकारी, भाजपा नेता



### तमिलनाडु के नए 'जन नायक' बने थलापति विजय

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कजगम सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनकर सामने आयी है, हालांकि वह बहुमत के 118 सीटों के आंकड़े से थोड़ा दूर हैं, लेकिन संभावना है कि उन्हें दोनों द्रविड़ गठबंधनों की छोटी पार्टियों का समर्थन मिल जाएगा।

### असम में बीजेपी की बड़ी जीत

असम विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने बड़ी जीत के साथ लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए को कुल 126 सीटों में से 100 से ज्यादा सीट पर जीत मिली है। कांग्रेस इस बार 20 सीट भी जीत नहीं पाई। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर शाम 6 :45 बजे तक जारी नतीजों के मुताबिक, बीजेपी 63 सीटें जीत चुकी है और 19 सीटों पर आगे है। एनडीए के सहयोगी दल बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट ने 7 सीटों पर जीत दर्ज की है।

### केरल में यूडीएफ की ऐतिहासिक जीत

यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने 2026 के केरल विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल की, भारी बहुमत से सीटें जीतीं और लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) के एक दशक लंबे राज का नाटकीय ढंग से अंत किया। इस ऐतिहासिक जनादेश ने न केवल मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को गद्दी से हटा दिया है, बल्कि देश में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सिस्ट को उसके एकमात्र शासक राज्य से भी छीन लिया है।

### पुडुचेरी में फिर खिला 'कमल'

केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में सोमवार को आए विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर एनडीए गठबंधन पर जनता के भरोसे की मुहर लगा दी है।




## गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल : पीएम

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल और असम की जीत पर अपने संबोधन में कहा, 'गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आत्मा को आज शांति मिली। 2021 में हमने पुडुचेरी के लोगों के सामने बेस्ट पुडुचेरी का विजन पेश किया था। पुडुचेरी के लोगों ने उस विजन पर अपना भरोसा जताया और हमें आशीर्वाद दिया। पिछले पांच सालों में, हमारी एनडीए सरकार ने इस विजन को आगे बढ़ाने के लिए पूरे समर्पण और कमिटमेंट के साथ काम किया है। आगे कहा, 'आज अलग-अलग उपचुनावों के नतीजे भी बहुत उत्साह बढ़ाने वाले थे। महाराष्ट्र, गुजरात, नागालैंड और त्रिपुरा में हुए उपचुनावों में हमारे उम्मीदवारों को लोगों का आशीर्वाद मिला और इन राज्यों में भी हम



जीते। एनडीए नेता और महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने भी जबरदस्त जीत हासिल की।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'एक पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर, मैं हर बीजेपी कार्यकर्ता की खुशी में शामिल हूं। आज का दिन कई मायनों में खास है। यह देश के उज्ज्वल भविष्य की घोषणा का दिन है। यह भरोसे का दिन है। भारत के महान लोकतंत्र पर भरोसा। परफॉर्मेंस की राजनीति पर भरोसा। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना पर भरोसा।'

### विक्रमशिला पुल का 34 मीटर स्लैब गंगा में गिरा

**भागलपुर** : बिहार के भागलपुर में 4.7 किमी लंबे विक्रमशिला सेतु का 34 मीटर हिस्सा देर रात गंगा में गिर गया। राहत की बात रही कि प्रशासन ने पहले ही ट्रैफिक रोक दिया था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस घटना से सीमांचल समेत करीब 16 जिलों की कनेक्टिविटी प्रभावित हुई है और रोजाना करीब 1 लाख लोगों के आवागमन पर असर पड़ा है। पिछले 10 साल में इस पुल की तीन बार मरम्मत हो चुकी है, और हाल ही में मार्च 2026 में भी रिपेयर वर्क हुआ था। पुल यूपी ब्रिज कॉपोरेशन ने बनाया था। लापरवाही को लेकर पथ निर्माण विभाग ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को सस्पेंड किया है। बिहार राज्य पुल निगम लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ चंद्रशेखर ने बताया, 'भागलपुर पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन की सजगता से बड़ी घटना होने से बचा है। अगर समय रहते पुलिस प्रशासन सजग नहीं होती तो कई लोगों की जान माल का नुकसान हो जाता।

## असम में जेएमएम की सशक्त दस्तक दो सीटों पर दूसरे स्थान पर रही पार्टी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची/गुवाहाटी** : असम विधानसभा चुनाव के परिणामों के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने असम की जनता के प्रति 'जोहार' प्रकट करते हुए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बेहद सीमित समय और संसाधनों के बावजूद जेएमएम ने असम की राजनीति में अपनी पहचान और उपस्थिति मजबूती से दर्ज कराई है।

#### पहली कोशिश में ही चौंकाने वाले आंकड़े

जेएमएम नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि बिना किसी बड़े गठबंधन के अकेले चुनाव लड़ते हुए पार्टी ने जो परिणाम दिए हैं, वे भविष्य के

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जताया जनता का आभार



#### यह केवल शुरूआत है, संघर्ष जारी रहेगा

मुख्यमंत्री ने कहा, सीमित संसाधनों में मिला यह समर्थन हमारी शक्ति और प्रेरणा का स्रोत है। यह परिणाम स्पष्ट करते हैं कि आदिवासी समाज के मुद्दों को अब राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने की जरूरत है। असम की जनता का भरोसा इस बात का संकेत है कि आने वाले समय में संगठन और भी मजबूत होकर उभरेगा।

लिए शुभ संकेत हैं। पार्टी ने कुल 16 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। पहली बार चुनावी मैदान में उतरने के बावजूद पार्टी 2 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। 7 विधानसभा सीटों पर पार्टी उम्मीदवारों ने 15 हजार से अधिक मत प्राप्त कर अपनी सांगठनिक पकड़ का प्रमाण दिया।

हेमन्त सोरेन ने अपने संदेश में कहा कि असम में चुनाव लड़ना केवल राजनीतिक विस्तार का हिस्सा नहीं था, बल्कि वहां के उपेक्षित समाज के हक की आवाज बनना था। उन्होंने असम के आदिवासियों से जुड़े तीन प्रमुख मुद्दों को रेखांकित किया। राज्य में आदिवासियों को लंबे समय से अनुसूचित जनजाति का दर्जा न मिलना। मजदूरों के लिए उचित मजदूरी और बुनियादी सुविधाओं का अभाव। आदिवासियों का अपनी ही जमीन के मालिकाना हक से वंचित रहना।

## भीषण गर्मी को लेकर मुख्यमंत्री सख्तः बिजली-पानी में कोताही पर नपेंगे अफसर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को राज्य के वरीय पदाधिकारियों और सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ हाई-लेवल समीक्षा बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट चेतावनी दी कि पेयजल, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### जनता प्यासी न रहेः चापाकलों और टैंकरों की हो नियमित निगरानी

मुख्यमंत्री ने पेयजल संकट को लेकर जिला प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिलों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जलापूर्ति योजनाओं और चापाकलों की मरम्मत में देरी न हो। जरूरत पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के जरिए पानी पहुंचाने की त्वरित व्यवस्था हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सर्वोच्च



प्राथमिकता होनी चाहिए।

**बिजली:** ट्रांसफॉर्मर की खराबी या बिजली कटौती की शिकायतों का समाधान तुरंत किया जाए।

**हीटवेव से बचाव:** सभी अस्पतालों में लू से प्रभावित मरीजों के लिए बेड, आवश्यक दवाइयां और ओआरएस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

गर्मी के इस मौसम में आमजन को असुविधा न हो, यह जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अधिकारी मानवीय संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और जनता की समस्याएं सुनें।
— हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को एयरकंडीशंड कमरों से निकलकर जमीनी हकीकत जानने का सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने कहा डीसी नियमित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करें और व्यवस्थाओं का भौतिक निरीक्षण करें। अधिकारियों को अपने भ्रमण की जानकारी और तस्वीरें मुख्यालय के साथ साझा करनी होंगी। स्थानीय लोगों से सीधा संवाद करें ताकि प्रशासनिक जवाबदेही तय की जा सके।

समीक्षा बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, गृह विभाग की अपर मुख्य सचिव वंदना दादेल सहित विभिन्न विभागों के सचिव और सभी जिलों के उपायुक्त उपस्थित थे।

## एक नजर

### चलकुशा भाजपा कमेटी का विस्तार, मुन्ना यादव बने प्रखंड महामंत्री



**चलकुशा** : हजारीबाग जिले के चलकुशा प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी संगठन का विस्तार किया गया। इस दौरान ग्राम गोपीडीह निवासी श्री मुन्ना यादव को सर्वसम्मति से प्रखंड महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की उपस्थिति में लिए गए इस निर्णय को संगठन को और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। नव-नियुक्त प्रखंड महामंत्री मुन्ना यादव से अपेक्षा जताई गई है कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिम्मेदारी मिलने पर महामंत्री मुन्ना यादव ने कहा कि पार्टी द्वारा यह विश्वास जता कर जो मुझे जिम्मेदारी सौंपी गई है, मैं उसका निस्वार्थ भाव से पालन करूंगा तथा पार्टी को धरातल तक मजबूत करने पर जोर रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की प्रत्येक योजनाओं को प्रखंड के जरूरतमंद आखिरी व्यक्तियों तक पहुंचाने का प्रयास रहेगा।

### जमीन खाली नहीं करने वालों पर चलेगा बुलडोजर



**चौपारण** : चौपारण सिक्स लेन राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। सोमवार को अंचलाधिकारी संजय यादव के नेतृत्व में सिंघरावा, पिपरा, पाण्डेयबारा और जोकट मौजा में प्रभावित रैयतों के साथ बैठक कर स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई और जमीनी स्तर की समस्याओं को सुना गया। बैठक के दौरान विशेष रूप से उन रैयतों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिन्हें जमीन का मुआवजा मिल चुका है, लेकिन अब तक उन्होंने अपने मकान और अन्य संरचनाएं नहीं हटाई हैं। कई रैयतों ने अपनी व्यावहारिक कठिनाइयों से प्रशासन को अवगत कराया, वहीं कुछ लोगों ने अतिरिक्त समय की मांग भी रखी। अंचलाधिकारी संजय यादव ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिन लोगों को मुआवजा मिल चुका है, वे अविलंब अपनी जमीन खाली करें, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समयसीमा के भीतर कब्जा नहीं हटाने पर प्रशासन द्वारा बलपूर्वक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# प्राचीन मां भगवती मंदिर कोनरा में 7 मई से 9 दिवसीय महायज्ञ का भव्य आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही पोस्ट ऑफिस के सामने स्थित प्राचीन मां भगवती मंदिर कोनरा के जीर्णोद्धार के बाद आगामी 7 मई से 9 दिवसीय महायज्ञ का भव्य आयोजन शुरू होगा। आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां जोरों पर है। आकर्षक यज्ञशाला बनकर तैयार हो चुकी है, जो अभी से लोगों को आकर्षित कर रही है। सोमवार यज्ञशाला निर्माण होते ही शाम में झमाझम बारिश को श्रद्धालु शुभ संकेत मान रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार, 7 मई को सुबह 6 बजे जलयात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ होगा, वहीं गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह धार्मिक अनुष्ठान आगामी 15 मई तक चलेगा, जिसमें श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के साथ हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 8 मई को पंचांग पूजन, आचार्य ब्राह्मण वरण एवं मंडप प्रवेश के साथ हवन प्रारंभ होगा। 9 से 11 मई तक वेदी पूजन, चंडी पाठ, हवन, आरती एवं अधिवास कार्यक्रम होंगे। 12 मई को फलाधिवास, मिष्ठाधिवास एवं घृताधिवास आयोजित किया जाएगा। 13 मई को मंडप पूजन, महास्नान और प्रतिमा नगर भ्रमण के बाद रात्रि में सजियाधिवास होगा। 14 मई को हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के साथ रात्रि जागरण आयोजित होगा। समापन 15 मई को पूणार्हुति, आरती, कन्या-साधु-ब्राह्मण भोजन एवं महाभंडारा के साथ किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से सपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## शिव मंदिर प्रांगण में हुआ आयोजन बड़ी संख्या में मातृशक्ति हुई शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी बरही इकाई के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय शिव मंदिर प्रांगण में सीतानवमी का भव्य आयोजन किया गया। जिला संयोजिका प्रीति कुमारी के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर दुर्गा वाहिनी की प्रांत संयोजिका कृति गौरव शामिल हुईं। भारत माता, माता सीता और प्रभु श्रीराम के पूजन-अर्चन व पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

₹सीता का जीवन संयम का पाठ पढ़ाता हैः कृति गौरव

सभा को संबोधित करते हुए प्रांत संयोजिका कृति गौरव ने कहा कि वैशाख शुक्ल नवमी को माता सीता पृथ्वी से प्रकट हुई थीं। यह दिन धैर्य, पवित्रता और आदर्श नारीत्व का प्रतीक है। माता सीता ने वनवास से लेकर अग्निपरीक्षा तक हर विषम परिस्थिति में मयार्दा और संयम नहीं छोड़ा। आज की पीढ़ी को भी उनके जीवन से सीख लेकर धैर्य, सच्चाई और कर्तव्यनिष्ठा को अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि सीतानवमी पर उपवास और विशेष पूजन से घर में सुख समृद्धि आती है और दाम्पत्य जीवन सुखमय होता है। व्रती दिनभर फलाहार या निर्जल उपवास रखते हैं और शाम को पूजन के बाद व्रत खोलते हैं। इस दिन मिट्टी के बर्तन में अनाज व जल दान करने की परंपरा भी है।

## असम, प बंगाल व पुडुचेरी में भाजपा की जीत पर विधायक ने जताई खुशी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनने पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने खुशी जताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम देशभर में विकास और सुशासन की राजनीति पर जनता की मुहर है। विधायक मनोज यादव ने कहा कि इस बार पूरे देश की नजर विशेष रूप से पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों पर टिकी हुई थी। पश्चिम बंगाल की जनता ने जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया है, वह यह दशार्ता है कि अब देश की जनता बदलाव और विकास चाहती है। उन्होंने कहा कि जनता ने जाति, धर्म और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर विकास के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते वर्षों में अभूतपूर्व विकास किया है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है। यही कारण है कि जनता ने एक बार फिर भाजपा को अपना समर्थन देकर स्थिर और मजबूत सरकार बनाने का अवसर दिया है। विधायक मनोज यादव ने कहा कि इन राज्यों में मिली जीत आने वाले समय में देश के विकास को और गति प्रदान करेगी। उन्होंने कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है कि भाजपा आज देश के कोने-कोने में मजबूत हो रही है। अंत में उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## स्वास्थ्य विभाग की पहल, दैहर में 100 से अधिक लोगों का हुआ मुफ्त जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** प्रखंड अंतर्गत दैहर पंचायत सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पंचायत के मुखिया ब्रमदेव भुइयाँ ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के स्वास्थ्य शिविर लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से जरूरतमंद लोगों को बिना खर्च के इलाज और परामर्श मिल पाता है। शिविर में 100 से अधिक महिला एवं पुरुषों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के दौरान मरीजों के खून, ब्लड प्रेशर, वजन सहित अन्य आवश्यक जांच की गई। साथ ही जरूरतमंद मरीजों के लिए एक्स-रे की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे ग्रामीणों को काफी सहूलियत मिली और उन्हें शहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। समाजसेवी नागेंद्र कुशवाहा ने बताया कि इस प्रकार के शिविर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए बेहद लाभकारी साबित होते हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से ऐसे शिविरों का नियमित आयोजन करने की मांग की। शिविर में डॉ. दिनेश एक्बल्य के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम में पंकज कुमार, प्रवीण कुमार, मनीष कुमार, संजीत कुमार, कमलेश कुमार एवं ऋतिक कुमार शामिल रहे। वहीं पंचायत की सहिया दीदियों ने ग्रामीणों को जागरूक कर शिविर को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

## नीरज कुमार गुप्ता बने संकल्प रामराज्य सेवा ट्रस्ट के हजारीबाग जिला अध्यक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** संकल्प रामराज्य सेवा ट्रस्ट द्वारा सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में सक्रिय व्यक्तियों को जिम्मेदारी सौंपने के क्रम में हजारीबाग निवासी नीरज कुमार गुप्ता को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। ट्रस्ट ने उन्हें हजारीबाग जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है।

ट्रस्ट द्वारा जारी चयन पत्र के अनुसार, नीरज कुमार गुप्ता, जो कृष्णापुरी मटवारी क्षेत्र के निवासी हैं, सनातन धर्म के सिद्धांतों एवं वैदिक परंपराओं के प्रति आस्था रखते हैं और समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी निष्ठा और सेवा-भावना को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

यह नियुक्ति 03 मई 2026 से प्रभावी मानी जाएगी। ट्रस्ट ने विश्वास जताया है कि वे संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप धर्म, संस्कृति और समाज की सेवा में अपना योगदान देंगे। संगठन की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई सदस्य संगठन के नियमों के विरुद्ध कार्य करता है, तो उसकी सदस्यता स्वतः समाप्त मानी जाएगी।

इस अवसर पर स्थानीय लोगों और समर्थकों ने नीरज कुमार गुप्ता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

## स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में रजिस्ट्रेशन शुरू, छात्रों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** प्रखंड परिसर बरही स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय सह वाचनालय में प्रवेश को लेकर रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार दत्त एवं सचिव संजय कुमार दुबे के निर्देशन में नामांकन प्रभारी राजेश कुमार की देखरेख में पहले दिन चार बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। रजिस्ट्रेशन प्रत्येक दिन शाम चार बजे से रात 8 बजे तक पुस्तकालय कार्यालय, प्रखंड मैदान में चालू रहेगा, जहां मात्र 200 रुपये वार्षिक शुल्क में छात्रों को सदस्यता दी जा रही है। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस पुस्तकालय में छात्रों के लिए वाई-फाई, कंप्यूटर, सीसीटीवी सुरक्षा, स्वच्छ पेयजल, शौचालय की व्यवस्था के साथ योग्य शिक्षकों का मार्गदर्शन भी उपलब्ध रहेगा। डॉ. सुनील कुमार दत्त ने बताया कि शांत माहौल में अध्ययन के लिए यह पुस्तकालय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक बेहतर मंच साबित होगा और सभी छात्र-छात्राओं से समय पर नामांकन कराने की अपील की है। वही सचिव संजय कुमार दुबे ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं अपने घर में पढ़ाई जैसा माहौल से वंचित बच्चे पुस्तकालय को उपयोग में ला सकते हैं।

## रात के फ्लडलाइट में एचपीएल सीजन-1 का फाइनल बलिया 11 बनी चैंपियन, डीएक्स 11 को हराया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग के वार्ड नंबर 2 स्थित पांडू मैदान में रविवार देर रात हजारीबाग प्रीमियर लीग सीजन-1 टी-10 नाइट क्रिकेट टूनामेंट का रोमांचक समापन हुआ। फ्लडलाइट की रोशनी में खेले गए फाइनल मुकाबले में बलिया 11 ने शानदार खेल दिखाते हुए डीएक्स 11 को हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल से पहले खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले भी काफी रोमांचक रहे। पहले सेमीफाइनल में बलिया 11 ने मेडिचेक को मात देकर फाइनल का टिकट कटाया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में डीएक्स 11 ने एफसीसी 11 को हराकर फाइनल में जगह बनाई। 10 ओवर के फाइनल मैच में दोनों टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया। अंत तक चले रोमांचक मुकाबले में बलिया 11 ने बाजी मारी। मैच के सफल आयोजन पर आयोजक सफी खान एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सबा करीम ने सभी खिलाड़ियों, सहयोगियों और दर्शकों का आभार जताया।

**पुरस्कार वितरण**

मुख्य अतिथि समाजसेवी इजहार अंसारी, पूर्व मेयर प्रत्याशी तस्लीम अंसारी, वार्ड 21 के पार्षद वसीम अहमद टिंकू खान, बड़कागांव बीस सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम खान तथा ओमेगा ग्रुप के सादाब अंसारी ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया।

पुरस्कार राशि

- विजेता बलिया 11ः 31,000 रुपये नगद + ट्रॉफी
- उपविजेता ऊ11ः 15,000 रुपये नगद + ट्रॉफी
- अन्य पुरस्कारः मैन ऑफ द मैच, बेस्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज समेत कई अवॉर्ड दिए गए

टूनामेंट में 32 टीमों ने दिखाया दम अंपायरिंग फैज अकरम और नाजिश अख्तर ने की, जबकि कमेंट्री शरीफ उल्लाह गुड्डू ने संभाली। टूनामेंट में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया, जो क्षेत्र में क्रिकेट प्रतिभा को मंच देने में सफल रहा। मौके पर दरगाही खान, माहताब आलम, शिबली नोमानी, नेजाम अंसारी, पेलावल कमिटी के सदर मोहम्मद मुमताज, अफगान, मोहम्मद ताज, मोहम्मद सलाउद्दीन सिल्लू, रईस खान, अनवर खान, शाने अहमद, मुनाजिर अहमद, वारिस खान, मोहम्मद शाहिद समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### उरेज गांव में मंडा पूजा धूमधाम से मानने को लेकर बैठक संपन्न



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पंचायत आंगो अंतर्गत ग्राम उरेज में मंडा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर शिव मंदिर प्रांगण उरेज में एक विशेष बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी कालेश्वर गंझू एवं संचालन रमन गंझू के द्वारा किया गया।समाजसेवी कालेश्वर गंझू ने कहा कि ग्रामीणों ने सर्व समिति से निर्णय लिया है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 मई को ग्राम उरेज में मंडा पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं 31मई के रात्रि में ही मंदिर परिसर में भव्य मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें झारखंडी नागपुरी कलाकारों के द्वारा नागपुरी गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे।पूजा एवं मेला को सुचारू रूप से संपन्न कराने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। बताते चले कि झारखंड की पारंपरिक मंडा पूजा अपनी कठोर नियमों और विशेष अनुष्ठानों के लिए जान जाती है।जहां भक्त शिव की भक्ति में अग्नि पर चलते हैं। वहीं शिव भक्त जतरा खुटा से झूलते हुए पीठ में कांटा फंसाकर शिवभक्तों पर पुष्प बरसाए जाते हैं।बैठक में मुख्य रूप से समाजसेवी कालेश्वर गंझू , रमन गंझू, जागेश्वर गंझू, कृष्णा गंझू , जयनंदन गंझू, एतवा गंझू, टिकेंद्र गंझू , प्रेम गंझू, शिवनाथ गंझू, दिनेश करमाली, बरतू गंझू, रामजीत गंझू, गोवर्धन गंझू, दशरथ गंझू, श्याम कुमार रंजन उर्फ श्याम ठाकुर, नागेश्वर गंझू, विशाल कुमार गंझू , संजय गंझू, महेश महतो रोहित कुमार आकाश कुमार सिंह एवं अरविंद कुमार सिंह , छोटन करमाली, रमेश गंझू, एतवा बेसरा, मिश्रलाल मांझी, बिनोद बेसरा, महादेव मांझी, जगदीश मांझी, दर्शन गंझू , उमेश गंझू, बालेश्वर गंझू सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### किसान संघर्ष समिति ने एनटीपीसी के शोषण के विरुद्ध उपायुक्त को दिया आवेदन



**बड़कागांव** : किसान संघर्ष समिति बड़कागांव के द्वारा हजारीबाग उपायुक्त को एनटीपीसी कॉल कंपनी के द्वारा किसानों रैयतों पर किए जा रहे शोषण के खिलाफ आवेदन दिया गया। आवेदन में मुख्य रूप से गैर-मजरुआ भूमि का मुआवजा भुगतान किये बिना कंपनी के द्वारा बाजबरंग कब्जा करने,लोगों को रोजगार उपलब्ध नहीं कराने, गलत कट ऑफ डेट के कारण विस्थापन के लाभ से रैयतों को वंचित रखने जैसी मांगे शामिल थी। उपायुक्त महोदय ने समिति के सदस्यों को आश्वासन दिया की मेरे रहते किसानों और रैयतों के साथ कंपनी के द्वारा कोइ भी मनमानी नहीं होगी। उपायुक्त महोदय ने कहा आपके आवेदन को मैं अच्छी तरीके से देखूंगा फिर आप लोगों से बात करता हूं। आवेदन देने वालों में किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, उपाध्यक्ष बालेश्वर महतो,सचिव रामलखन महतो,समिति के सदस्य राजेंद्र महतो एवं रंजन कुमार शामिल थे।

### बंगाल,असम और पुडुचेरी में प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने जश्न मनाया



**बड़कागांव** : बंगाल,असम एवं पुडुचेरी में2026 विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करने पर बड़कागांव के भाजपाइयों में खुशी की लहर देखी जा रही है। भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जमकर जश्न मनाया। बड़कागांव भाजपा मंडल में मंडल अध्यक्ष शिव शंकर मेहता उर्फ शिबू एवं बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष विजय यादव की नेतृत्व में अपने-अपने क्षेत्र में जुलूस निकाल एवं जश्न मनाया। जिसमें भारी संख्या में भाजपाई कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपाइयों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,अमित शाह की जोड़ी ने पूरे भारत देश में भाजपा को भगवा रंग में रंग दिया है। कुछ गिने चुने प्रदेश छोड़कर बाकी पूरे देश में भाजपा व समर्थित पार्टी की सरकार है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, बड़कागांव मंडल अध्यक्ष शिव शंकर मेहता उर्फ शिबू व बड़कागांव उरीमारी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, रामपति राम, जागेश्वर उर्फ बढ़न तुरी , उदय मेहता, भीखन महतो, नरसिंह प्रसाद ,भागीरथ ठाकुर ,राजू सोनी ,किशोर कुमार ,सत्यजीत विद्या अलंकार, सुमन गिरी, ज्ञानचंद कुमार, विष्णु गुप्ता, अनुज यादव ने एक दूसरे की मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए प्रसन्नता जाहिर की।

### दर्दनाक हादसा, दो युवकों की असमय मौत से गांव में पसरा मातम



**चौपारण** : इटखोरी थाना क्षेत्र के परसौनी चौक के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घायलों को आनन-फानन में इटखोरी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान चौपारण प्रखंड के करमा गांव निवासी अभिषेक कुमार पासवान और ऋषि कुमार पासवान के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक कांग्रेस नेता रेवाली पासवान के भतीजे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, चतरा भेज दिया। हादसे की खबर गांव पहुंचते ही शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला करमा गांव पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना दी। सोमवार को स्थानीय मुक्तिधाम में दोनों युवकों का अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जबलपुर हादसे के बाद रांची में बोटिंग पर सख्ती: बिना लाइफ जैकेट नो एंट्री, नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** जिले के सभी डैम एवं जलाशयों में नौका विहार (बोटिंग) को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए कई ठोस निर्णय लिए गए।

प्रशासन ने साफ कर दिया है कि पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ सुरक्षा मानकों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान जिला स्तर पर वाटर ट्रांसपोर्ट एक्शन ग्रुप के गठन का निर्देश दिया गया। इस ग्रुप का उद्देश्य किसी भी आपातकालीन स्थिति या दुर्घटना की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देना होगा, ताकि जान-माल की हानि को रोका जा सके।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी बोटिंग स्थलों पर सुरक्षा प्रबंधन को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाए। प्रशासन ने सभी पर्यटकों और यात्रियों के लिए लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य कर दिया है। बिना लाइफ जैकेट किसी भी व्यक्ति को बोटिंग कराने पर संबंधित बोट संचालक या ऑपरेटर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, मौसम की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। खराब या प्रतिकूल मौसम की स्थिति में बोटिंग गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी नौकाओं के पास वैध फिटनेस प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य होगा। बिना फिटनेस सर्टिफिकेट वाली नौकाओं को संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, सभी बोटिंग स्थलों पर हेल्पलाइन नंबर के साथ सूचना पट्ट (इन्फॉर्मेशन बोर्ड) लगाए जाएंगे, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके। बोट ऑपरेटरों के लिए नशापान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यदि कोई संचालक इस नियम का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, सभी संचालकों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करें और यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखें।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने विशेष रूप से बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की लाइफ जैकेट स्वयं ठीक से पहनाएं और उसकी बेल्ट को अच्छी तरह से कसकर बांधें। यह भी सुनिश्चित करें कि बच्चे पूरे समय लाइफ जैकेट पहने रहें। उन्होंने कहा कि बोटिंग के दौरान निर्धारित गति सीमा का पालन करना अनिवार्य होगा और किसी भी प्रकार की स्टंटबाजी, अनावश्यक तेज रफ्तार या जोखिम भरे तरीके से बोट चलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें जुमार्ना, लाइसेंस निलंबन और कानूनी कार्रवाई तक शामिल हो सकती है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) गौरव गोस्वामी, अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह समेत कई अधिकारी और बोटिंग संचालक उपस्थित रहे। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं और नियमित निगरानी करते रहें।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और रांची के डैम एवं जलाशयों को सुरक्षित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे। साथ ही, आम लोगों से भी अपील की गई है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित बोटिंग का आनंद लें।

## एक नजर

### भाजपा की जीत पर आदित्य साहू ने जताई प्रसन्नता

**रांची :** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव की मतगणना के दौरान भाजपा को मिल रही प्रचंड बढ़त पर भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने प्रसन्नता व्यक्त की है। साहू ने कहा कि अब अंधेरा छंटने और भगवामय सूरज के उदय होने की ओर है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं और देशवासियों को इस सकारात्मक रुझान के लिए बधाई दी। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, विकास और सुशासन की राजनीति पर जनता के समर्थन का संकेत बताया। आदित्य साहू ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार के 15 वर्षों के कुशासन का अंत निश्चित है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता लंबे समय से तृणमूल सरकार की नीतियों से त्रस्त थी।

### बंगाल सहित तीन राज्यों में पीएम मोदी की नेतृत्व क्षमता की जीत : सुदेश

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में एनडीए और भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह ऐतिहासिक जनादेश एनडीए के विकास और विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत नेतृत्व क्षमता को जनता का पूर्ण समर्थन दशार्ता है। सुदेश ने आशा व्यक्त की कि नवनिर्वाचित सरकारें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगी और समृद्धि और प्रगति की नई ऊंचाइयों को स्थापित करेंगी।

### टीएमसी के गुंडाराज, सिंडिकेट सिस्टम, महिला असुरक्षा और घुसपैठ के खिलाफ है यह जनादेश : बाबूलाल

**रांची :** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बंगाल चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए बंगाल की जनता, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, शीर्ष नेतृत्व, वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी, बंगाल प्रदेश अध्यक्ष सौमिक भट्टाचार्य, भाजपा के असंख्य नेता-कार्यकर्ता और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग को बधाई दिया है। उन्होंने साफ तौर पर इसे बंगाल की जनता की जीत करार दिया है। मरांडी ने सोमवार को कहा कि यह स्पष्ट हो गया कि बंगाल की जनता को प्रधानमंत्री पर भरोसा है। इसके लिए बंगाल की जनता बधाई की पात्र है। बंगाल की जागरूक जनता ने टीएमसी के गुंडा राज, सिंडिकेट सिस्टम, महिला असुरक्षा और घुसपैठ की गंभीर समस्याओं के खिलाफ निर्णायक जनादेश दिया है।

## कांग्रेस का कुनबा बढ़ाः पूर्व विधायक के पुत्र समेत कई दिग्गज पार्टी में शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को आयोजित एक भव्य 'मिलन समारोह' के दौरान विभिन्न दलों और संगठनों के दर्जनों नेताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और पूर्व वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने नए सदस्यों को पार्टी की अंगवस्त्र पहनाकर विधिवत सदस्यता दिलाई।

पार्टी में शामिल होने वाले प्रमुख नामों में कोडरमा के बरकट्ठा से पूर्व विधायक सुखदेव यादव के पुत्र हितेंद्र कुमार और दिग्गज नेता रहे स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा के पुत्र शिवराज जयपाल सिंह प्रमुख रहे। इनके अलावा कोडरमा से शिवशंकर कुमार, केदार यादव, चंद्रशेखर प्रसाद, दिव्यांशु कुमार, शिवकुमार और निखिल कुमार। संगठन से दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति (कोडरमा) के मनोज कुमार दास और सुनील कुमार। अन्य क्षेत्रों से रांची के आलोक कुजूर और गुरमीत सिंह ने भी कांग्रेस की नीतियों में विश्वास जताते हुए सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा, आज का यह मिलन समारोह झारखंड में कांग्रेस की सांगठनिक मजबूती की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है। जो लोग कांग्रेस की नीतियों और सिद्धांतों में भरोसा रखते हैं, वे ही देश की सामाजिक एकता के असली संवाहक हैं। उन्होंने आगे कहा कि राज्य की जनता संविधान और सामाजिक ढांचे को अक्षुण्ण रखने के लिए कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़ी है।

पूर्व वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि विपरीत राजनीतिक परिस्थितियों में भी जिस तरह लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं, उससे यह स्पष्ट है कि जनता का जुड़ाव पार्टी की विचारधारा से गहरा है।

समारोह के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी, अभिलाष साहू, डॉ. राजेश गुप्ता छोटू, राजीव रंजन प्रसाद, आलोक कुमार दुबे, लाल किशोरनाथ शाहदेव और राजन वर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बारिश और वज्रपात की संभावना को लेकर 10 मई तक येलो अलर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में 10 मई तक बारिश के साथ वज्रपात की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

विभाग की ओर से सोमवार और मंगलवार को राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ बारिश के साथ वज्रपात एवं ओलावृष्टि हो सकती है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 38.5 डिग्री डाल्टनगंज में और सबसे कम न्यूनतम तापमान रांची के कांके में 16.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश बोकारो जिले के तेनुघाट में 22.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई।

उल्लेखनीय है कि पिछले लगभग 10 दिनों से राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। किसी जिले में भारी बारिश तो किसी जिले में गर्मी महसूस हो रही है। मौसम विभाग में पूरे मई महीने में इसी प्रकार के मौसम रहने की संभावना जताई है।

### टेम्परेचर अपडेट

सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री और न्यूनतम 19.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 34.9 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 38.5 और न्यूनतम 23.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 31.5 डिग्री और न्यूनतम 21.2 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## उपायुक्त ने किया लापुंग और हेहल सीओ को शोकॉज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जल्द निष्पादन करने के निर्देश दिया।

जनता दरबार में तुपुदाना निवासी बुजुर्ग भोलाराम, जिनका पेंशन नवंबर 2024 से बंद था, जनता दरबार में गुहार लगाने के बाद उन्हें राहत मिली। उपायुक्त के निर्देश पर हुई जांच में आधार सीडिंग की कमी सामने आई, जिसे तत्परता से ठीक कराया गया। परिणामस्वरूप उनका पेंशन पुनः नियमित हुआ। वहीं हेहल अंचल के आलोक कुमार ने अपने पुत्र के लिए ईडब्लूएस प्रमाण पत्र के लिए दिया गया। इसपर उपायुक्त के निर्देश के बाद अंचल कार्यालय ने सभी दस्तावेजों की जांच कर प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया।

सोनाहातू अंचल के गणेश महतो की ओर से पंजी-2 में कथित छेड़छाड़ की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने अंचल अधिकारी को पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट कराने का निर्देश दिया। इधर, लापुंग अंचल में फर्जी कागजात के आधार पर जमीन कब्जा करने की शिकायत पर समय पर कार्रवाई नहीं करने पर उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारी को शो-कॉज करने का निर्देश दिया।

## जनगणना-2027 में सरना धर्म कोड का कॉलम शामिल करे केंद्र सरकार : कमलेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और झारखंड के राज्यपाल को पत्र लिखकर जनगणना-2027 में आदिवासी/सरना धर्म को अलग पहचान के रूप में धर्म कोड में शामिल करने की मांग की है।

अपने पत्र में उन्होंने कहा कि झारखंड की पहचान समृद्ध आदिवासी सभ्यता, संस्कृति और प्रकृति पूजक परंपरा से जुड़ी है। राज्य के आदिवासी समाज का धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन प्रकृति पूजा, जंगल और जमीन पर आधारित है, जिसे सरना धर्म के रूप में जाना जाता है। उन्होंने इसे केवल आस्था नहीं, बल्कि सदियों से चली आ रही जीवन पद्धति बताया।

सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि आजादी के बाद अलग झारखंड राज्य के आंदोलन की नींव भी आदिवासी समाज की विशिष्ट पहचान और उनकी प्रकृति-आधारित आस्था पर टिकी रही है। ऐसे में जनगणना-2027 में सरना धर्म कोड को शामिल करना आवश्यक है, ताकि आदिवासी समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान सुरक्षित रह सके और नीतिगत निर्णयों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2011 की जनगणना में अलग धर्म कोड का कॉलम नहीं होने के बावजूद लगभग 50 लाख लोगों ने स्वयं को सरना धर्मावलंबी के रूप में दर्ज कराया था। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरना धर्म को अलग पहचान देने की मांग लंबे समय से आदिवासी समाज की भावनाओं से जुड़ी हुई है।

# स्वच्छ हाथ, सुरक्षित जीवनः संक्रमण की रोकथाम का सबसे प्रभावी हथियार : तुषार कांति शीट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** छोटी सी लगने वाली एक आदत-हाथ धोना-अक्सर जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय कर देती है। संक्रमण की रोकथाम के लिए हाथों की स्वच्छता प्राथमिक सुरक्षा कवच है। इसी महत्व को रेखांकित करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन प्रतिवर्ष 'सेव लाइव्सः क्लीन योर हैंड' अभियान चलाता है। इस वर्ष भी 5 मई, 2026 को पूरे विश्व में 'विश्व हाथ स्वच्छता दिवस' मनाया जाएगा।

### क्यों है यह बेहद जरूरी?

अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में होने वाले संक्रमण मरीजों के लिए निरंतर गंभीर खतरा बने रहते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सही समय और सही तरीके से हाथ धोए जाएं, तो अधिकांश संक्रमणों को फैलने से रोका जा सकता है। वर्ष 2026 के लिए हल्ड ने 'एक्शन सेव लाइव्स' (कार्य ही जीवन बचाता है) का नारा दिया है, जो स्वच्छता को केवल विचार नहीं बल्कि व्यवहार में लाने पर जोर देता है।

### अस्पतालों के लिए राष्ट्रीय लक्ष्य

देशभर के स्वास्थ्य संस्थानों में संक्रमण नियंत्रण के लिए कड़े मानक तय किए जा रहे हैं। अस्पतालों में हैंड हाइजीन के अनुपालन की नियमित मॉनिटरिंग। पानी, साबुन, साफ तौलिया और अल्कोहल-आधारित हैंडरब की 24 घंटे उपलब्धता सुनिश्चित करना। स्वास्थ्य कर्मियों को लगातार शिक्षित और प्रशिक्षित करना।

### बचाव के आसान मंत्रः क्या करें?

हाथों की स्वच्छता केवल अस्पतालों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, इसे हमारे सामाजिक जीवन का हिस्सा बनना होगा। डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ मरीजों के संपर्क में आने से पहले और बाद में स्वच्छता के पांच मानकों का पालन करें। घर पर या सार्वजनिक स्थानों पर साबुन से कम से कम 40-60 सेकंड तक अच्छी तरह हाथ धोने की आदत डालें। खाना खाने से पहले, खाना बनाने के दौरान और शौच के बाद हाथ धोना अनिवार्य है। सोशल मीडिया और सामुदायिक स्तर पर स्वच्छता का संदेश फैलाएं।

हाथों की सफाई एक व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी है और सामाजिक सेवा भी। स्कूल, दफ्तर या घर-हर जगह स्वच्छ हाथ न केवल आपको बल्कि आपके आसपास के लोगों को भी बीमारियों से बचाते हैं। आइए, इस विश्व हाथ स्वच्छता दिवस पर हम स्वयं को और अपने समाज को संक्रमण मुक्त रखने का संकल्प लें।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में छात्रों का उग्र प्रदर्शन, फीस वृद्धि का विरोध

**रांची:** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि को लेकर छात्रों का आंदोलन अब उग्र रूप लेता जा रहा है। सोमवार को कॉमर्स विभाग के छात्रों ने प्रशासनिक भवन का घेराव किया। वहीं आदिवासी छात्र संघ ने तालाबंदी कर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बड़ी संख्या में छात्रों के जुटने से पूरे कैंपस का माहौल गर्मा गया और घंटों तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। आंदोलनरत छात्रों का कहना है कि फीस में बढ़ोतरी को लेकर वे पिछले कई दिनों से लगातार आंदोलन कर रहे हैं। इस संबंध में पहले भी विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जा चुका है लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इस बीच कई दौर की वार्ता के बावजूद भी सहमति नहीं बन पाई है, जिससे छात्रों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आंदोलन कर रहे छात्रों का आरोप है कि फीस वृद्धि से खासकर गरीब और आदिवासी वर्ग के छात्रों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। छात्रों ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि जब तक फीस वृद्धि को वापस नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### अनियमित जलापूर्ति से हरमू हाउसिंग कॉलोनी निवासी परेशान

**रांची :** हरमू हाउसिंग कॉलोनी (एच आई-1-100) निवासी विगत लगभग दो सप्ताह से अनियमित पेयजलापूर्ति को लेकर परेशान हैं। इस संबंध में कल्याण एवं विकास समिति हरमू हाउसिंग कॉलोनी के सचिव एसएल बख्शी ने कहा कि गत दस-बारह दिनों से पेयजल विभाग व नगर निगम प्रबंधन द्वारा इस क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति नहीं की जा रही है। श्री बख्शी ने बताया कि इन दोनों विभागों का कार्यकलाप घोर गैर जिम्मेदाराना है। इस मामले में नगर विकास विभाग भी मौन है।

जनहित के इस ज्वलंत मुद्दे पर विभागीय उदासीनता के कारण इस क्षेत्र के निवासी व पेयजल उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। श्री बख्शी ने कहा कि सरकार को जनता से कोई सरोकार ही नहीं है। गर्मी के मौसम में पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति नहीं किए जाने से नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दिशा में मोहल्लेवासियों द्वारा विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन स्थिति यथावत है। इधर दो-तीन दिनों से दिनों से जलापूर्ति ठप है। इससे स्थानीय निवासी आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति के एवज में उपभोक्ता शुल्क अदा करते हैं। इसके बावजूद पर्याप्त मात्रा में नियमित रूप से पेजलापूर्ति नहीं किया जाना संबंधित विभागों की अकर्मण्यता दशार्ता है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई शीघ्र करने का आग्रह किया है। की कृपा की जाय। उन्होंने बताया कि हालांकि इस दिशा में वार्ड 25 की पार्षद और उनकी टीम प्रयासरत हैं।

### अंडर- 23 एशियाई कुश्तीः झारखंड के अमित गोप के चयन से खुशी की लहर

**रांची:** झारखंड के लिए एक और गर्व का क्षण सामने आया है। राज्य के उभरते हुए पहलवान अमित गोप का चयन अंडर-23 सीनियर एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता-2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता इस वर्ष वियतनाम में आयोजित होने जा रही है, जहां एशिया के कई देशों के बेहतरीन पहलवान अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। अमित गोप 77 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अमित गोप की इस उपलब्धि से पूरे झारखंड में खुशी की लहर है। यह चयन न केवल उनकी व्यक्तिगत मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि राज्य में कुश्ती के बढ़ते स्तर और खिलाड़ियों की निरंतर प्रगति का भी प्रमाण है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण और अनुशासन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। झारखंड राज्य कुश्ती संघ और खेल प्रेमियों ने अमित गोप को इस बड़ी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। संघ के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि अमित वियतनाम की मैट पर शानदार प्रदर्शन करेंगे और अपने खेल से देश-प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि अमित जैसे खिलाड़ी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं, जो यह दिखाते हैं कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अमित गोप ने भी अपने चयन पर खुशी जताते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। उन्होंने अपने कोच, परिवार और संघ का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं। अब उनका लक्ष्य प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर पदक जीतना और भारत का तिरंगा लहराना है। इस उपलब्धि ने झारखंड के खेल जगत को नई ऊर्जा दी है। उम्मीद की जा रही है कि अमित गोप वियतनाम में होने वाली इस प्रतियोगिता में अपने दमदार प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित करेंगे और आने वाले खिलाड़ियों के लिए एक नई मिसाल कायम करेंगे।

### तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर संजय सेठ ने दी बधाई, बोले- बंगाल में सनातन की जीत

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मिली जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पार्टी नेतृत्व और कार्यकताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में यह जीत सनातन मूल्यों की जीत और अहंकार की हार का प्रतीक है। सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में संजय सेठ ने कहा कि पश्चिम बंगाल, जो रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा देवी, स्वामी विवेकानंद, सुभाषचंद्र बोस, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी महान विभूतियों की पावन धरती है, अब परिवर्तन के एक नए दौर की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वर्षों से चले आ रहे अत्याचार, अनाचार और भ्रष्टाचार के वातावरण से मुक्ति की दिशा में जनता ने सशक्त कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि वामपंथ के लंबे शासन के बाद तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त जनता अब सुशासन, विकास और स्थिरता की नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ने को तैयार है। पश्चिम बंगाल, जो अब तक अव्यवस्था और पीड़ा से जूझ रहा था, अब सुशासन के नए दौर की ओर देख रहा है।

### परिसीमन के जरिए क्षेत्रों में बदलाव कर विस चुनाव किया गया प्रभावित : झामुमो

**रांची :** झाारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने असम के चुनाव परिणामों पर भट्टाचार्य ने कहा कि परिसीमन के जरिए विधानसभा क्षेत्रों में बदलाव कर चुनाव को प्रभावित किया गया। झामुमो ने पहली बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 17 सीटों पर चुनाव लड़ा और करीब 0 .5 प्रतिशत वोट हासिल किए। पार्टी 10 सीटों पर तीसरे और एक सीट पर दूसरे स्थान पर रही। भट्टाचार्य सोमवार को मोर्चा के प्रधान कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देश के पांच राज्यों में खासकर पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों पर तीखी प्रतिक्रिया देत हुए इसे अवैध और असंवैधानिक करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए बड़ी संख्या में सेना के जवानों के साथ-साथ सीबीआई, ईडी, एनआईए और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल किया। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि करीब 29 लाख मतदाताओं को मतदान से वंचित रखा गया। भट्टाचार्य ने कहा कि तमिलनाडु और दक्षिण भारत की राजनीति में सिनेमा जनसंवाद का बड़ा माध्यम रहा है। कर्नाटक, तेलंगाना और केरल में पार्टी के प्रदर्शन की सराहना की। झारखंड में संभावित परिसीमन को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी इस पर लगातार नजर बनाए हुए है और आंतरिक तैयारी कर रही है।

**एक नजर**

## अवैध बोल्डर लदा दो हाइवा जब्त

**मरकच्चो :** पुलिस अधीक्षक कोडरमा कुमार शिवाशीष के दिशा निर्देश पर सोमवार की सुबह कोडरमा – गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नवलशाही थाना पुलिस ने जाँच अभियान चला बिना चलान के दो अवैध बोल्डर लदा हाइवा को जप्त किया गया। वाहन जांच के दौरान नवलशाही थाना भवन के समीप बोल्डर लदा वाहन जे एच 17 एन 5397 और जे एच 12 एस 0932 को रोक कर जांच पदाधिकारी द्वारा चालक को बोल्डर से सम्बंधित कागजात की मांग किया गया लेकिन चालक द्वारा बोल्डर से सम्बंधित किसी प्रकार का कागजात प्रस्तुत नही करने पर हाइवा को जप्त कर अग्रेसर कानूनी करवाई हेतु नवलशाही थाना में सुरक्षित रखा गया है वही थाना प्रभारी सुमन कुमार ने जानकारी देते हुवे बताया की अवैध परिवहन के खिलाफ हमेशा जाँच जारी रहेगा।

## झुंड से बिछड़े जंगली हाथी के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल

**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना क्षेत्र के दशारो पंचायत स्थित ग्राम पुरानी बखरी गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जहां हाथियों के झुंड से बिछड़कर एक हाथी ने एक महिला पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि पुरनी बखरी निवासी महिला सोहवा देवी 45 वर्ष पति मेघलाल यादव सोमवार 5 बजे सुबह अपने घर से बाहर शौच के लिए गई थी, तभी अचानक जंगल की ओर से आए हाथी ने उसे दौड़ाया और दौड़ाते हुवे उसे पटक दिया जिससे महिला घायल हो गई। इस दौरान गांव के बिनोद यादव ने हांथी पर ईंट फेंक कर मारा। हांथी महिला को छोड़कर बिनोद यादव पर दौड़ा। बिनोद यादव तेज दौड़ते हुए भाग गया। हांथी ने महिला सोहवा देवी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। अगर बिनोद यादव ईंट फेंक कर नही मारता और हांथी महिला को छोड़कर बिनोद यादव पर नहीं दौड़ता तो बड़ी घटना हो सकती थी। घटना में सोहवा देवी को हांथ,पैर और कमर में गम्भीर चोटें आई है। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है । स्थानीय लोगों व परिजनों ने तुरंत घायल महिला को इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल ले गए जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार इस क्षेत्र में पिछले कई दिनों से हाथियों की गतिविधि बढ़ गई है, जिससे लोगों में भय बना हुआ है। वन विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है, लेकिन अभी तक हाथी को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## रामगढ़ में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, विजय जुलूस में उमड़ी भीड़

**रामगढ़ :** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में मिली बड़ी सफलता के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने रामगढ़ में भव्य विजय उत्सव मनाया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में शहर में विशाल पैदल मार्च निकाला गया, जिसमें कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था। चट्टी बाजार, बगड़िया, लोहार टोला और शिवाजी रोड से गुजरते हुए सुभाष चौक तक पहुंचे इस जुलूस में ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी और अबीर-गुलाल के बीच कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। इस दौरान मनीष जायसवाल ने राहगीरों और दुकानदारों के बीच मिठाई बांटकर खुशी साझा की। जुलूस का समापन सुभाष चौक पर हुआ, जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद आतिशबाजी के साथ कार्यकताओं ने उत्साह का प्रदर्शन किया। मनीष जायसवाल ने कहा कि यह परिणाम जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है और इसे सामान्य नहीं बल्कि प्रचंड जीत माना जाना चाहिए।

# झुमरी तिलैया में छात्र की फांसी से मौत स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत असनाबाद स्थित सेक्रेड हार्ट नामक एक विद्यालय में रविवार की शाम कक्षा 10 वीं के एक छात्र ने विद्यालय के हॉस्टल में फांसी लागाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान कोडरमा थाना क्षेत्र के दूधिमाटी निवासी विजय यादव के 17 वर्षीय पुत्र उदीत यादव के रूप में की गई है। मामले की जानकारी देते हुए मृतक के बड़े भाई आदित्य कुमार ने बताया कि रविवार को वह अपने भाई उदित को कुछ सामान पहुंचाने हेतु दो बार विद्यालय गए हुए थे। दूसरी बार वह शाम करीब 5:30 बजे अपने भाई से स्कूल में मिलकर कुछ जरूरी सामान देखकर घर लौटे ही थे कि अचानक विद्यालय के एक छात्र ने उनके मोबाइल पर फोन किया और सूचना दी कि उदित की तबीयत काफी खराब है, आप जल्द से जल्द स्कूल आ जाएं। इसके पश्चात आदित्य अपने भाई रोहित के साथ विद्यालय पहुंचा। वहां जाने पर उसने देखा कि उदित हॉस्टल के एक कमरे में जमीन पर मृत अवस्था में लेटा हुआ था। विद्यालय प्रबंधन से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उदित ने कमरे में गमछे के सहारे फांसी लगा ली है। हालांकि उदित के जिंदा बचने की एक उम्मीद में विद्यालय प्रबंधन ने एक निजी गाड़ी से उसे सदर अस्पताल कोडरमा लाया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आदित्य ने बताया कि उदित अगले वर्ष कक्षा दसवीं की परीक्षा देने वाला था, जिसको लेकर बेहतर तैयारी हो सके इसलिए उसका सेक्रेड हार्ट स्कूल के हॉस्टल में पांच माह पूर्व ही दाखिला कराया गया था। इधर परिजनों का आरोप है कि उदित ऐसी घटना को अंजाम दे ही नहीं सकता है और उन्होंने विद्यालय प्रबंधन पर साफ तौर पर लापरवाही बरतने का रूप भी लगाया है। परिजनों का कहना है कि वे उदीत के मौत की निष्पक्ष जांच करवाना चाहते हैं ताकि इसकी हकीकत सामने आ सके। इधर विद्यालय के संचालक प्रमोद कुमार से बात होने पर उन्हें बताया कि फिलहाल वे शहर से बाहर हैं। उन्हें सूचना मिली थी कि उदित ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। वहीं उन्होंने बताया कि उदित पिछले चार-पांच दिनों से काफी परेशान चल रहा था और वह हॉस्टल में रहकर पढ़ाई नहीं करना चाहता था। बावजूद इसके उदित के अभिभावक उसे हॉस्टल में ही रहकर पढ़ाई करने का दबाव बना रहे थे। इधर मृतक के परिजनों का कहना है कि हॉस्टल में इतने सारे छात्रों के रहते हुए भी आखिर उदित को इतना समय कैसे लगा कि उसने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। इधर घटना की सूचना मिलते ही तिलैया पुलिस सदर अस्पताल कोडरमा पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करने में लगी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के स्पष्ट कारण का पता चल पाएगा। इधर घटना के पश्चात परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक छात्र के शव के साथ मृतक के परिजन ने रांची पटना मुख्य मार्ग को जाम कर दिया जाम स्थल पर कोडरमा के वरीय पुलिस पदाधिकारी अपने दल बल के साथ तैनात रहे काफी मकसद के बाद मृतक के परिजन को समझा बूझाकर सड़क जाम को हटाया गया।

# अपराध पर कड़ी नजर, सुरक्षा पर फोकस पतरातू में पुलिस की सख्त रणनीति तय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** पुलिस अनुमंडल कार्यालय में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित कर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ राघवेंद्र शर्मा ने की, जिसमें विभिन्न मामलों की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान एसडीपीओ ने लंबित मामलों और हालिया आपराधिक घटनाओं का विश्लेषण करते हुए पुलिस पदाधिकारियों को अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपराधियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से संगठित आपराधिक गिरोहों पर नजर रखने और उनकी गतिविधियों को समय रहते चिन्हित कर कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे तत्वों के खिलाफ लगातार निगरानी और खुफिया जानकारी एकत्रित की जाए। क्षेत्र में पुलिस गश्त को और सुदृढ़ करने तथा आम जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने की बात कही गई।

एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का मजबूत रिश्ता ही अपराध नियंत्रण में अहम भूमिका निभाता है। बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, भुरकुंडा थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, भदानीनगर थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली और बरकाकाना थाना प्रभारी उमाशंकर सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सभी अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराया और अपराध नियंत्रण को लेकर ठोस रणनीति पर सहमति जताई। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प लिया।

# फूड इंस्पेक्टर बने शैलेश यादव का गांव में भव्य स्वागत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** डोमचांच प्रखंड के बंगाइकला निवासी शैलेश यादव के फूड इंस्पेक्टर बनने पर गांव पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। पहली बार घर लौटने पर ग्रामीणों ने उत्साह के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष उमेश वर्मा ने शहीद चौक के समीप शैलेश यादव का स्वागत किया और गाजे-बाजे के साथ पैदल जुलूस निकालते हुए उन्हें उनके घर तक पहुंचाया। मौके पर उन्हें शॉल देकर सम्मानित भी किया गया। नगर अध्यक्ष उमेश वर्मा ने कहा कि पिता के निधन के बाद भी शैलेश यादव ने हार नहीं मानी और लगातार मेहनत व संघर्ष करते रहे। उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि अन्य युवा भी शैलेश की जैसे मेहनत करें सफलता जरूर मिलेगी। वहीं राजद नेता सुभाष यादव, समाजसेवी महावीर यादव, संतोष यादव सहित अन्य सैकड़ों ग्रामीणों ने शैलेश यादव को बधाई दी।शैलेश यादव की इस सफलता पर स्थानीय लोगों एवं शुभचिंतकों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है।

# बकाया मानदेय पर आंदोलन तेज, 7 मई को डीसी कार्यालय घेरेंगे आउटसोर्सिंग कमी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददतात

**कोडरमा :** आउटसोर्सिंग कम्पनी कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्युरिटी फोर्स हजारीबाग के अंतर्गत जिला के सदर अस्पताल एवं सभी प्रखण्डों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को तीन माह से मानदेय भुगतान नहीं होने के खिलाफ आउटसोर्स कर्मियों ने रोष व्यक्त किया है. सोमवार को सिविल सर्जन को ज्ञापन देकर मानदेय भुगतान की मांग किया है। जिसके बाद ध्वजाधारी स्थान पर सीटू एवं झारखंड राज्य चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ के नेतृत्व में झारखंड स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मियों ने बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाया और अपनी मांगों को लेकर 07 मई को उपायुक्त के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। मांगे पूरी नहीं होने पर अगले सप्ताह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला कार्यकारी महामंत्री अरविंद कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक को सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, जनस्वास्थ्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र कुमार तिवारी, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री शशि कुमार पांडेय ने मुख्य रूप से संबोधित किया और कहा कि कमांडो कंपनी एक तरफ तीन महीने से मानदेय भुगतान नहीं कर रही है, दूसरी तरफ झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दे रही है और कर्मियों का हक का चोरी कर रही है। पीएफ और ईएसआई भी सही से नहीं काटा जा रहा है। इसलिए इसके खिलाफ सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारी को एकजुट होकर आंदोलन करना होगा।

# रजरप्पा में कोयला का काला खेल, बाइक-ट्रैक्टर से लाखों की वसूली के आरोप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रजरप्पा :** रजरप्पा थाना क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार एक बार फिर सुर्खियों में है और इस बार सवाल सीधे सिस्टम की कार्यशैली पर उठ रहे हैं। नए एसपी और उपायुक्त के पदभार ग्रहण के बाद सख्ती की उम्मीद थी, लेकिन जमीनी हालात इसके उलट नजर आ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि थाना से जुड़े दो सरकारी ड्राइवर और एक प्राइवेट ड्राइवर इस पूरे नेटवर्क में अहम कड़ी बने हुए हैं। आधिकारिक पुष्टि भले नहीं हुई हो, लेकिन लगातार उठती आवाजें जांच की जरूरत को साफ तौर पर दर्शा रही हैं। चचाओं के मुताबिक, करीब 300 से 400 बाइक इस अवैध कारोबार में लगी हुई हैं। प्रत्येक बाइक से 3500 मासिक वसूली की बात सामने आ रही है। एक बाइक दिन में तीन से चार चक्कर लगाकर कोयला ईंट भट्ठों तक पहुंचा रही है, जिससे इस धंधे का दायरा और स्पष्ट हो रहा है। ट्रैक्टर मालिकों से 30,000 प्रतिमाह लेने की चर्चा इस नेटवर्क को संगठित और मजबूत बनाती दिख रही है। यह संकेत देता है कि कारोबार छोटे स्तर तक सीमित नहीं, बल्कि व्यापक रूप ले चुका है। यह गतिविधि केवल दिन तक सीमित नहीं है, बल्कि रात में और बड़े पैमाने पर संचालित होने की बातें सामने आ रही हैं। दिनदहाड़े जहां वाहन खुलेआम चलते दिखते हैं, वहीं रात के अंधेरे में इस कथित धंधे की रफ्तार और तेज होने की चर्चा है। थाना के आसपास और मुख्य मार्गों से लगातार आवाजाही निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। रजरप्पा मंदिर के समीप दामोदर पुल के नीचे से कोयला निकासी की चचाएं लोगों को हैरान कर रही हैं, जिससे आस्था स्थल की गरिमा भी प्रभावित होती दिख रही है। अब सबकी नजर प्रशासन पर है। यदि आरोपों में सच्चाई मिलती है, तो यह मामला केवल अवैध खनन नहीं, बल्कि सिस्टम के भीतर गहरी मिलीभगत का संकेत साबित होगा।

# जनहित पर फोकस : दिशा बैठक में विकास योजनाओं को गति देने का रोडमैप तैयार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** जिला समाहरणालय सभागार में सांसद मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में दिशा (डीडीसीएमसी) की बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में विधायक ममता देवी, निर्मल महतो, रोशन लाल चौधरी, उपायुक्त ऋतुराज, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, नगर परिषद अध्यक्ष कुसुमलता कुमारी सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की शुरूआत पूर्व में दिए गए निदेशों की प्रगति रिपोर्ट से हुई। जेएसएलपीएस के तहत सखी मंडलों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्हें रोजगार से जोड़ने और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। सांसद ने विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर मरम्मत और नए कनेक्शन की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही पेंशन योजनाओं के तहत सभी पात्र लाभार्थियों को जोड़ने और मईया सम्मान योजना की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए सर्वे और प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। शिक्षा क्षेत्र में पाठ्यपुस्तक वितरण, पोशाक डीबीटी और मध्याह्न भोजन व्यवस्था को समय पर लागू करने के निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकारी भवनों में स्थानांतरित करने की दिशा में कार्य करने को कहा गया। सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाओं को बेहतर बनाने, टीकाकरण अभियान और ट्रॉमा सेंटर को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। जलापूर्ति योजनाओं के सर्वे और मरम्मत कार्य को प्राथमिकता देने को कहा गया। एनएचएआई को चुट्टूपालू घाटी में दुर्घटनाएं रोकने और चरही घाटी में लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी सदस्यों ने स्थानीय समस्याएं रखीं, जिनके समाधान हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**संक्षिप्त खबरें**

## भाजपा की जीत पर कोडरमा में जश्न आतिशबाजी और मिठाई किया गया वितरण

**कोडरमा :** भारतीय जनता पार्टी जिला कोडरमा द्वारा झुमरी तिलैया के झंडा चौक पर असम, बंगाल और पुदुचेरी में पार्टी की प्रचंड जीत की खुशी में भव्य जश्न मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और आम लोगों के बीच मिठाइयां बांटकर खुशी साझा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी ने अबीर-गुलाल लगाकर जीत का उत्सव मनाया। इस अवसर पर कोडरमा सांसद सह भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों पर जनता ने मुहर लगाई है। वहीं कोडरमा विधायक नीरा यादव ने कहा कि यह परिणाम भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि पार्टी लगातार जनहित के मुद्दों पर काम कर रही है, जिसका सकारात्मक असर चुनाव परिणामों में साफ दिखाई दे रहा है। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत भाजपा की नीतियों, संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में भी पार्टी इसी तरह जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाती रहेगी। नीतीश चंद्रवंशी ने कहा पार्टी के कार्यकर्ता के अथक परिश्रम का परिणाम है यह जीत।

## जयनगर में जनगणना प्रशिक्षण का तीसरा बैच शुरू, अधिकारियों ने किया उद्घाटन



**कोडरमा :** जयनगर प्रखंड में जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु तीसरे बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज पदाधिकारी, जयनगर द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में सहायक चार्ज पदाधिकारी कमल किशोर सिंह, मास्टर ट्रेनर विपिन कुमार, राहुल कुमार, दिनेश कुमार एवं अभिनय कुमार सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर दीप प्रज्वलन के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की। अपने संबोधन में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रशिक्षु शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील कार्य है, जिसे पूरी जिम्मेदारी और दक्षता के साथ संपादित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, पूरी जानकारी प्राप्त करें और किसी भी प्रकार की शंका होने पर मास्टर ट्रेनरों से तुरंत समाधान प्राप्त करें। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान किसी भी दिन अनुपस्थित न रहें। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा सौंपे गए इस महत्वपूर्ण कार्य को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने में आप सभी की भूमिका अत्यंत अहम है और आप सभी इस दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाएं। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय के प्रधान लिपिक सहित सभी कार्यालय कर्मी भी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से जनगणना कार्य को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## रामगढ़ की बेटी ने दो-दो रजत पदक जीतकर बढ़ाया गौरव



**रामगढ़ :** सिंधु कान्हू स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एला एंगलाइज स्कूल की छात्रा आस्था सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोला फेंक और कबड्डी स्पर्धा में रजत पदक हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। आस्था सिंह ने खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय देते हुए एक साथ दो अलग-अलग प्रतियोगिताओं में सफलता दर्ज की। गोला फेंक में दमदार प्रदर्शन के साथ कबड्डी में भी उनकी सक्रिय भागीदारी ने टीम को मजबूत बनाया। कोच कंचन दास के निर्देशन में प्रशिक्षण ले रही आस्था ने निरंतर अभ्यास और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। कोच ने बताया कि आस्था शुरू से ही मेहनती खिलाड़ी रही हैं और आगे भी बेहतर प्रदर्शन की पूरी संभावना है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखा गया। प्राचार्य विजयंत कुमार ने आस्था सिंह को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद को समान महत्व देना ही छात्रों के सर्वांगीण विकास का आधार है। कंचन दास ने जानकारी दी कि कबड्डी टीम से झारखंड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पांच छात्राओं का चयन हुआ है, जिसमें आस्था सिंह भी शामिल हैं। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। कुरसे निवासी आस्था सिंह, माता रेखा देवी और पिता पंकज सिंह की 17 वर्षीय पुत्री हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कोच को दिया। विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## झामुमो ने एक बूथ व 20 यूथ गठन पर की चर्चा

**कोडरमा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला समिति की एक बैठक आज दिनांक 4 मई दिन सोमवार समय 12:00 बजे माहुरी धर्मशाला में आयोजित की गई बैठक के मंच की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने कि तथा संचालन जिला सचिव पवन माइकल कुजूर ने की बैठक का मुख्य उद्देश्य bla 2 का गठन sir को लेकर तथा एक बूथ 20 यूथ गठन पर चर्चा तथा कमेटी के बिस्तार पर व्यापक रूप से चर्चा की गई बैठक में मौजूद जिला समिति के पदाधिकारीयो ने प्रखंड स्तर के पदाधिकारीयो ने भी -अपने विचारों को बारी-बारी से रखा तथा यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की मतदाता गहन पुनरीक्षण में व्यापक रूप से सावधानी बरतने की जरूरत है अन्यथा सही लोगों का नाम भी काट दिया जाएगा विरोधियों की मंशा किसी भी तरीके से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार को गिरा देना है झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला समिति ऐसे सोच को नाकाम करने के लिए बुथ स्तर पर अपने कार्यकताओं को तैयार करेगी जो मतदाता गहन पुनरीक्षण पर अपनी नजर रखेंगे साथ ही प्रखंड स्तर पर कमेटी विस्तार की भी चर्चा की गई बैठक में भारी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला स्तरीय प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे जिन्होंने एक स्वर में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिए गए दिशा निर्देश पर चलने का संकल्प लिया बैठक में आज झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला समिति ने पार्टी में शामिल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी तथा अब झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल शालिनी गुप्ता जी का अंग वस्त्र तथा शाल देकर सम्मानित किया आज की बैठक में मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष तथा बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव जी मुख्य रूप से मौजूद रहे जिन्होंने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को हमेशा तैयार रहने तथा किसी भी परिस्थिति में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# हाथियों ने पटककर ली एक की जान, आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर किया सड़क जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुकड़ू :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड के कुकड़ु प्रखंड कार्यालय से करीब 300 मीटर दुर हाथियों ने कुकड़ु गोराई टोला के मुनि राम गोराई 50 वर्ष को एक खेत में हाथियों ने पटककर जान मार दिया। आक्रोशित लोगों ने पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार साहू के नेतृत्व में कुकड़ु प्रखंड कार्यालय के सामने मुख्य सड़क पर लाश को रखकर सड़क जाम कर दिया। बाद में सुचना मिलते ही विधायक सविता महतो के पहल पर डीएफओ द्वारा लिखित आश्वासन के बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए। विधायक के आप्त सचिव सह झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलू महतो ने बताया कि डीएफओ को विधायक द्वारा वन कर्मियों का ग्रामीणों से गलत व्यवहार पर कारवाई सुनिश्चित करने, लगातार गस्ती करने एवं माइकिंग



कर लोगों को सतर्क करने का निर्देश दिया गया है। विभाग द्वारा तत्काल मृतक की पत्नी अम्बावती गोराई को 50 हजार रुपए मुआवजा राशि दिया एवं तिरूलडीह पुलिस द्वारा लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला अस्पताल भेज दिया। वन विभाग द्वारा हाथी प्रभावित गांवों में माइकिंग करने, क्यूआरटी टीम का प्रतिनियुक्ति कर हाथियों को भगाने का लिखित आश्वासन दिया गया। घटना रविवार रात करीब 7 बजे की बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मुनि राम गोराई अपने घर से ब्लॉक मोड़ राशन खरीदने आ रहे थे,तभी हाथियों द्वारा हमला कर देने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सोमवार को सुचना मिलते ही इस पास के सैकड़ों ग्रामीणों का भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक कुमार साहू ने कहा कि हाथियों का अस्थाई समाधान हो। हाथी गांव में आने की सुचना माइकिंग कर दें और हाथियों को क्षेत्र से भगाया जाय । एक वन रक्षी पर भी ग्रामीणों का गुस्सा फुट पड़ा। प्रभारी वनपाल मुकेश महतो ने कहा कि सुबह हाथी द्वारा एक व्यक्ति को मारे जाने की सुचना मिली। उन्होंने कहा कि जनताओं के मांगों पर अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाथियों को बंगाल या अन्य जिलों में पहुंचाने पर वहां के लोगों द्वारा भी विरोध किया जाता है। उन्होंने कहा कि हाथियों को खदेड़ने से ओर उग्र एवं आक्रामक हो जाता है। मौके पर जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कृतिवास महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमन मुखर्जी पूर्व मुखिया गोराचांद सिंह मुण्डा, उप मुखिया मनोज मछुआ, झारखंड आंदोलनकारी सुनील महतो आदि उपस्थित थे।

## हाथी हमले में मृत मुनी राम गोराई के अंतिम संस्कार में आजसू के हरे लाल महतो ने जताया शोक



**ईचागढ़ :** कुकडू प्रखंड में जंगली हाथियों के हमले में मारे गए मुनी राम गोराई के अंतिम संस्कार में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अंतिम संस्कार के मौके पर हरे लाल महतो ने घटना को गंभीर लापरवाही का परिणाम बताते हुए ईचागढ़ विधायक और वन विभाग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते हाथियों की गतिविधियों पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में हालात और भयावह हो सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए ठोस और प्रभावी व्यवस्था करने की मांग की। हरे लाल महतो ने कहा कि आए दिन जंगली हाथियों के हमले में गरीब ग्रामीणों की जान जा रही है, लेकिन इसके बावजूद राज्य सरकार, स्थानीय विधायक और वन विभाग इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर कब तक मौत के बाद मुआवजा और फोटोशूट की राजनीति चलती रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर हजारीबाग में जश्न, विधायक प्रदीप प्रसाद ने बांटी मिठाई



**हजारीबाग :** बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर हजारीबाग विधायक कार्यालय के समक्ष रविवार को भव्य जश्न मनाया गया। सैकड़ों कार्यकताओं और आम नागरिकों ने आतिशबाजी कर मिठाई बांटी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यह जीत विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की नीति पर जनता के भरोसे का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देश ने तुष्टिकरण की राजनीति को नकार कर सेवा और समर्पण को चुना है। बंगाल में मिली उल्लेखनीय सफलता, असम में फिर से जनसमर्थन और पुडुचेरी में गठबंधन की जीत ने पार्टी की मजबूत पकड़ दिखाई है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए।

### पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर सरिया में जश्न का माहौल



**सरिया :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा आम चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर सोमवार को सरिया में जश्न का माहौल दिखा। भाजपा कार्यकर्ता शाम 4 बजे सरिया थाना के समीप दयाल भवन पहुंचे। जहां से दर्जनों की संख्या में जुलूस की सकल में जय श्री राम, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद,नरेंद्र मोदी जिंदाबाद,अमित शाह जिंदाबाद आदि नारे लगाते हुए झंडा चौक पहुंचे। पूरा शहर जय श्री राम के नारे से गूंज उठा। लोगों ने जमकर आतिशबाजी की,एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपाइयों ने कहा कि पश्चिम बंगाल में बीते 15 साल से ममता दीदी का जंगल राज चल रहा था। जिससे वहां की जनता त्रस्त थी। भाजपा ने इस बार पश्चिम बंगाल में प्रचंड जीतकर इतिहास रच दिया है। पहली बार भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। वहां की जनता ने राहत की सांस ली है। स्थानीय पार्टी कार्यकताओं ने पश्चिम बंगाल की जनता सहित देश के प्रधानमंत्री व पार्टी के अन्य नेताओं को बधाई दी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार मंडल ने की। मौके पर मनीष मंडल, बबलू मंडल,नकुल मंडल, युगल यादव, अरविंद महतो,हरिहर मंडल,चिंतामणी मंडल,रघु मंडल,पींटु मोदी,सोहन मंडल,संटु मंडल,संतोष मंडल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### भाजपा की बढ़त पर धनबाद में जश्न, ढुल्लु ने मनाई खुशी

**धनबाद :** पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी में भाजपा को मिली बढ़त पर धनबाद में भाजपा कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। भाजपा सांसद ढुल्लु महतो के कार्यालय से लेकर सड़कों तक कार्यकताओं ने जश्न मनाया। जगह-जगह आतिशबाजी की गई और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की गई। रणधीर वर्मा चौक पर भी कार्यकताओं की भारी भीड़ जुटी, जहां सांसद ढुल्लु महतो जश्न में शामिल हुए। इस दौरान कार्यकताओं ने झालमुरही बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ता एक-दूसरे को झाल मुरही खिलाते नजर आए, जिससे जश्न का माहौल और भी खास बन गया।
सांसद ढुल्लु महतो ने चुनावी रुझानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह जनादेश भाजपा की नीतियों और नेतृत्व पर जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता ने उन्हें नकार दिया है।

## एक नजर

### उच्चतम चेतना तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है तंत्र साधना : आचार्य विश्वदेवानंद

**पूर्वी सिंहभूम :** आनंद मार्ग प्रचारक संघ के वरिष्ठ आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत ने सोमवार को गदरा स्थित जागृति कीर्तन मंडप हॉल में आयोजित आध्यात्मिक सभा में साधकों को संबोधित करते हुए तंत्र साधना की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि साधना का उद्देश्य केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मनुष्य को उसकी निम्न प्रवृत्तियों से ऊपर उठाकर उच्चतम चेतना तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। अपने प्रवचन में आचार्य ने स्पष्ट किया कि हर मनुष्य जन्म से ही विभिन्न प्रवृत्तियों के प्रभाव में रहता है, जिनमें पशुवत गुण भी शामिल होते हैं। लेकिन अनुशासित साधना, संयम और आत्मचिंतन से वह धीरे-धीरे अपने भीतर की शक्ति को जागृत कर वीरता की अवस्था में प्रवेश करता है। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए साधक अंततः दिव्यता को प्राप्त करता है, जो जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य है। तंत्र शास्त्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने एक श्लोक के माध्यम से समझाया कि इस धरती पर सभी मनुष्य प्रारंभिक अवस्था में पशु प्रवृत्तियों से युक्त होते हैं, लेकिन ज्ञान और साधना के प्रकाश से उनमें वीरभाव का उदय होता है और उसी के सहारे वे क्रमशः देवत्व की ओर अग्रसर होते हैं। उन्होंने साधकों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो लोग इस त्याग और साधना के मार्ग पर चल रहे।

### सड़क हादसे में किसान की मौत, पत्नी घायल

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बारकुंडिया गांव के पास हुए एक सड़क हादसे में किसान देवेन्द्र बिरुवा (35) की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सोंगा बिरुवा गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, देवेन्द्र बिरुवा अपनी पत्नी सोंगा बिरुवा के साथ सोमवार को दोपहर बाइक से टोंटो देनासाई जा रहे थे। रास्ते में बरकुंडिया गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि देवेन्द्र बिरुवा पुलिया के नीचे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी पत्नी भी हादसे में बुरी तरह जख्मी हो गईं। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकाला और पुलिस की मदद से तुरंत सदर अस्पताल, चाईबासा पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने देवेन्द्र बिरुवा को मृत घोषित कर दिया। वहीं सोंगा बिरुवा का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार हादसे में उनका दायां पैर टूट गया है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। देवेन्द्र बिरुवा पेशे से किसान थे और खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी और एक छह साल का बच्चा है।

# प्रेस क्लब ने पत्रकारों पर हमले के विरोध में उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** पौता ट्रिपल मर्डर मामले में 28 अप्रैल को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के दौरे के दौरान मंत्री से सवाल पूछने पर दो पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में हजारीबाग प्रेस क्लब ने उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई और पत्रकारों की सुरक्षा की मांग की है, क्योंकि मंत्री की मौजूदगी में हुई इस घटना के तुरंत बाद 28 अप्रैल की रात सदर थाना में एफआईआर के लिए आवेदन देने के बावजूद एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी न किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई है और न ही



कोई कार्रवाई हुई है जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं और पत्रकारों में भारी आक्रोश है, वहीं प्रेस क्लब ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन तेज किया जाएगा, ज्ञापन सौंपने वालों में सचिव दीपक सिंह, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा गुप्ता, विकास सिंह, अर्जुन सोनी, कोषाध्यक्ष सागर कुमार, सुबोध मिश्रा, एजाज आलम, अनिल कुमार, शशांक शेखर, अभिषेक पाण्डेय, सुशांत कुमार सोनी, भावेश मिश्रा, रूपेश कुमार सोनी, रवि शर्मा एवं फजल खान सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

# नाबालिक के दुष्कर्म मामले को लेकर पुलिस ने की कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** नाबालिक लड़की को शादी का झांसा देखकर दुष्कर्म करने के मामले में लड़की पक्ष के द्वारा बड़कागांव थाना में आवेदन दिया गया है। आवेदन के द्वारा लड़की के पिता ने पुलिस से गुहार लगाते हुए कहा है कि मैं दैनिक मजदूरी का कार्य करता हूं। 26 अक्टूबर 2025 को शाम लगभग 6:00 बजे जब मैं घर आया तो देखा कि मेरी 17 वर्ष 10 माह की बेटी रो रही थी। पूछने पर बताई कि पापा आज सूरज कुमार मिलने के बहाने करीब 3:00 बजे घर आया था। और घर में अकेला पाकर मेरे साथ गलत करने का प्रयास किया।जब मैं विरोध की तो शादी का झांसा दिया।और जबरन मेरे साथ बलात्कार किया।और भाग गया।पुत्री के साथ ऐसी घटना से मैं स्तब्ध हूं।लोक लाज के डर से मैं कुछ कर नहीं पा रहा था। क्योंकि सूरज कुमार हमारा दूर का रिश्तेदार भी है। इसलिए मुझे समझ में भी नहीं आ रहा था। अंततः मैं सुरज कुमार के माता-पिता से मिलकर इस घटना के संबंध में बताया तो वे लोग उल्टे मुझे ही डांटने लगे।और मुझे धमकाएं की मेरा बेटा सूरज कुमार से मिलने का भी कोशिश किया तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। क्योंकि हम दोनों के रिश्तेदार भी सगे संबंधी हैं। इसलिए उनसे भी गुहार लगाया लेकिन सूरज के माता-पिता एवं मौसा तीनों एक ना सुने।और पैसे लेकर मामला रफा दफा की बात करते रहे।और अपने पुत्र सूरज को कहीं गायब कर दिए।इस संबंध में मैं लड़की के पिता बड़कागांव थाना में आवेदन देने 6 फरवरी 2026 को आए थे। लेकिन मुझे लड़का का बाप समझौता का झांसा देकर अपने पास बुला लिया। और बोला कि अगर थाना में आवेदन देगा तो जान से बाप बेटी को मार देंगे।

# सड़क हादसे में मौत, ग्रामीणों ने शव सड़क पर रख किया जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा के जलडहर पेट्रोल पंप के पास मुख्य सड़क पर रविवार देर शाम हुई सड़क हादसा के बाद 40 वर्षीय अजीत सहिस की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को परिवार वालों को सौंप दिया। जिसके बाद उग्र ग्रामीणों ने सोमवार दोपहर 3:00 बजे मृतक के शव को बीच सड़क पर रख मुआवजे की मांग को लेकर आधे घंटे के लिए टाटा पटमदा मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम होने की सूचना पर थाना प्रभारी विष्णु चरण भोगता दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर पीड़ित परिवार समेत गांव वालों को समझाया पर गांव के लोग नहीं माने। जिसके बाद गांव के ग्राम प्रधान बृंदावन दास, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, वंशी दास द्वारा मृतक की पत्नी कल्पना सहिस समेत ग्रामीणों को समझा गया कि मंगलवार को पटमदा थाने में गाड़ी मालिक के साथ बैठ कर मामले को निपटारा किया जाएगा। पत्नी कल्पना ने कहा कि पति की मौत हो गई, उनके परिवार में दो छोटे छोटे बच्चे भी हैं आखिर उन बच्चों का भरण पोषण कैसे होगा। परिवार कैसे चलेगा। पति के दाह संस्कार व श्राद्धकर्म केसे होगा, उनके परिवार को कौन देखेगा बोल कर फुट फुट कर रो पड़ी। तत्काल थाना प्रभारी ने अपने पॉकेट से मृतक के परिवार को ग्राम प्रधान व झामुमो नेता के हाथों पांच हजार रुपए नगद श्राद्धकर्म के लिए दिए जाने के बाद सड़क जाम हटाया गया।

# एसडीपीओ की जांच में फर्जी चालान का खुलासा, बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** जिले के हैदरनगर-जपला मुख्य पथ पर निमियादोहर के समीप स्थित कुकही संस्कार भवन के पास सोमवार को वाहन जांच अभियान के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिव्यांश शुक्ला ने बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। उल्लेखनीय है कि प्रशासन की ओर से क्षेत्र में अवैध खनन और बालू के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत यह कार्रवाई की गई।
जांच के क्रम में ट्रैक्टर चालक से परिवहन संबंधी कागजात की मांग की गई। प्रस्तुत किए गए बालू चालान की जब बारीकी से जांच की गई, तो चालान जपला-




हुसैनाबाद थाना क्षेत्र का पाया गया, जबकि संबंधित ट्रैक्टर हैदरनगर थाना क्षेत्र में बालू गिरा रहा था। इससे स्पष्ट हुआ कि चालान का उपयोग निर्धारित स्थल के अतिरिक्त अन्य स्थान पर किया जा रहा था। इतना ही नहीं, चालान में अंकित समय और तिथि भी वास्तविक परिवहन से मेल नहीं खा रहे थे। प्रथम दृष्टया यह मामला फर्जी प्रतीत हुआ, जिससे प्रशासन को राजस्व क्षति पहुंचने की आशंका हुई।

# ड्रोन से लैस हुई धनबाद पुलिस, हाईटेक निगरानी की शुरूआत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में धनबाद पुलिस ने आधुनिक तकनीक की ओर बड़ा कदम बढ़ाया है। इसी कड़ी में सोमवार को पुलिस केंद्र में तीन दिवसीय ड्रोन प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।
इस अवसर पर एसएसपी ने कहा कि बदलते समय के साथ पुलिसिंग के तौर-तरीकों में तकनीकी बदलाव बेहद जरूरी है। ड्रोन तकनीक पुलिस को आसमान से निगरानी की क्षमता प्रदान करती है, जिससे भीड़-भाड़ वाले इलाकों, संवेदनशील क्षेत्रों और दुर्गम स्थानों पर नजर रखना आसान होगा। उन्होंने बताया कि ड्रोन के माध्यम से गुप्त रूप से सूचनाएं एकत्र करने और आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई करने



में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि ड्रोन के उपयोग से समय की बचत के साथ जोखिम भरे अभियानों में पुलिसकर्मियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी। भविष्य में आवश्यकता अनुसार अत्याधुनिक ड्रोन उपलब्ध कराने की भी योजना है। प्रशिक्षण शिविर में पुलिस पदाधिकारी और जवानों को ड्रोन संचालन की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। विशेषज्ञों की ओर से संचालित इस प्रशिक्षण में ड्रोन ऑपरेशन, सुरक्षा मानक और विभिन्न परिस्थितियों में इसके उपयोग की जानकारी दी जा रही है। साथ ही प्रतिभागियों को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दी जा रही है, ताकि वे वास्तविक परिस्थितियों में इसका बेहतर उपयोग कर सकें। प्रशिक्षकों ने बताया कि ड्रोन का उपयोग भीड़ प्रबंधन, सर्च ऑपरेशन, राहत और बचाव कार्यों और गैरकानूनी गतिविधियों पर नजर रखने में काफी प्रभावी साबित होगा। नाइट विजन ड्रोन के जरिए अंधेरे में भी निगरानी संभव होगी, वहीं संदिग्ध ड्रोन की पहचान कर उसे निष्क्रिय करने के उपाय भी सिखाए जा रहे हैं।

**Office of District Supply Officer, Ranchi**
**Address :- Room No.-G-10, Block-A,**
**Ranchi Collectorate, Ranchi.**

Letter No:- 209 Dated :- 02.05.26

**SHORT-TERM INVITATION OF BID**

TRANSPORTATION & HANDLING SERVICES FOR DELIVERY OF FOODGRAINS, SALT, SUGAR & PULSES FROM WAREHOUSES OF JHARKHAND STATE FOOD AND CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD. TO THE DOOR STEP OF FAIR PRICE SHOPS LOCATED AT **RANCHI** DISTRICT OF JHARKHAND THROUGH E-BID ON GeM PORTAL. **BID Details as Follows :-**

| Sl. No. | Godown | BID No. | BID Date |
|---|---|---|---|
| 1 | ANGARA | GEM/2026/B/7493318 | 04.05.2026 to 12.05.2026 |
| 2 | BUNDU | GEM/2026/B/7493175 | 04.05.2026 to 12.05.2026 |
| 3 | BURMU | GEM/2026/B/7496214 | 04.05.2026 to 12.05.2026 |
| 4 | CHANHO | GEM/2026/B/7496158 | 04.05.2026 to 12.05.2026 |
| 5 | ITKI | GEM/2026/B/7496113 | 04.05.2026 to 12.05.2026 |
| 6 | KHELARI | GEM/2026/B/7496261 | 04.05.2026 to 12.05.2026 |
| 7 | LAPUNG | GEM/2026/B/7496038 | 04.05.2026 to 12.05.2026 |
| 8 | ORMANJHI | GEM/2026/B/7493359 | 04.05.2026 to 12.05.2026 |
| 9 | SILLI | GEM/2026/B/7493398 | 04.05.2026 to 12.05.2026 |
| 10 | SONAHATU | GEM/2026/B/7493379 | 04.05.2026 to 12.05.2026 |

Sd/-
District Supply Officer,Ranchi
PR 378995 District(26-27).D

**e- Procurement Cell**
**Office of The Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Ramgarh.**

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस
ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– RE/02/BCD/EE/RAMGARH/ 06 /2026-27 2nd Call
दिनांकः– 04/05/2026

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Chhat Ghat (In Damodar River) Near Muktidham, Ramgarh | 63,24,800/- | 6 (Six) Months |
| 2 | Const. of 7 Additional Class room at Bhurkunda HS Bhurkunda, Block- Patratu, Ramgarh | 80,73,700/- | 6 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 09-05-2026 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 15-05-2026 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 16-05-2026 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e-Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Ramgarh. | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8789037009 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 7004466764 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

Nodal Officer
e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department,Building Division, Ramgarh.
PR 378945 Building(26-27).D

# बंगाल की जनता ने उगाया भाग्योदय का नया सूर्य

सुदूर अमरीका में जा बसे एक भारतवंशी मित्र ने मुझे कल रात (मतगणना से पूर्व) एक संदेश भेजा- "क्या मोदी-शाह भारतीय बंगाल को पुनः भारत में विलय करा पाएंगे?" भारत भूमि से बहुत दूर एक भारतीय की चिंता ने पश्चिम बंगाल की वास्तविक स्थिति को एक लाइन में व्यक्त कर दिया था। मैंने उन्हें आश्वस्त किया था, "बंगाल में भाजपा अभी नहीं तो कभी नहीं का आह्वान करके मैदान में उतरी थी। इससे अनुकूल परिस्थिति हो ही नहीं सकती। बाकी.. बंगाल और बंगाली समाज का भाग्य!" बंगाल की जनता का वंदन...साफ कहें तो बंगाल के हिन्दुओं का अभिनंदन कि उन्होंने अपने आत्मबोध को जगाया और जिस धरती ने पूरे भारत को क्रांति और अखंडता का संदेश दिया था, उसका स्वाभिमान फिर से जगाया। चार मई की शाम होते-होते बंगाल से आने वाले ढोल नगाड़ों के नाद और उड़ते गुलाल ने केवल एक राज्य ही नहीं बल्कि पूरे देश की राष्ट्रभक्त और रामभक्त लोगों के मन को भाव विभोर कर दिया, उल्लास से भर दिया। यह भले एक राज्य के शासन के लिए चुनाव हो पर इस परिणाम का बहुत दूरगामी प्रभाव होगा। बंगाल की वह धरती जिसने इस देश की आजादी का महामंत्र वन्देमातरम दिया, जहां से पैदा हुई क्रांति की ज्वाला ने देश में ज्वार पैदा किया, जिस धरती पर जन्मे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जैसे महान क्रांतिकारी ने आजाद हिन्द का सपना जन-जन की आखों में जगाया, मां काली के भक्त परमहंस रामकृष्ण दास के शिष्य स्वामी विवेकानंद ने विश्व गगन पर हिन्दुत्व की आध्यात्मिक शक्ति का नाद "गर्व से कहो हम हिन्दू हैं" गुंजाया, उस बंगाल के बारे में यह संशय, यह चिंता, पिछले 33 साल के कम्युनिस्ट कुशासन और अब 15 साल में ममता बनर्जी के तुष्टीकरण शासन से उपजी थी। मुझे अच्छे से याद है कि जब ममता बनर्जी कम्युनिस्टों की हिंसक और खूनी सरकार के खिलाफ संघर्ष कर रही थीं तब वे हिंसा के शिकार कुछ लोगों को दिल्ली लेकर आई थीं। दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब के सभागार में हुए उस आयोजन का संचालन मैंने (इन पंक्तियों के लेखक) ही किया था, जिसमें उन लोगों को प्रदर्शित किया गया था जिनके हाथ कलाइयों से काट दिए गये थे। उनका कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस को वोट दिया था। उस समय ममता बनर्जी कांग्रेस से अलग होकर केन्द्र में अटल जी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार का समर्थन कर रहीं थीं। ममता बनर्जी ने जो उन दिनों संघर्ष किया, उसके लिए उन्हें जितनी प्रताड़ना सहनी पड़ी, उसी के लिए मैंने उस दिन उन्हें बार-बार बंगाल की शेरनी कहकर संबोधित किया था। उस संघर्ष के बल पर कम्युनिस्टों के खूनी राज को उखाड़ कर सत्ता में पहुंची बंगाल की वह शेरनी मात्र 5 साल बाद ही अपनों के लिए ही खूंखार होने लगी थी। सत्ता पाने के बाद ममता बनर्जी का एक दूसरा ही रूप सामने आया, जो तुष्टिकरण की पराकाष्ठा तक पहुंच गया था। मां, माटी और मानुष का नारा लगाकर सत्ता में पहुंचीं ममता बनर्जी के लिए अब मुल्ला, मुअज्जिन और मदरसा ही सब कुछ हो गए थे। यही वजह है कि कभी भारत की स्वतंत्रता की आवाज उठाने वाली धरती से यह सुनाई देने लगा था कि यह मिनी पाकिस्तान है या यह बांग्लादेश है। जो बाबर कभी बंगाल की धरती तक नहीं पहुंचा, उसके नाम पर बाबरी मस्जिद बनाने की कसम खाने वाले वहां पैदा होने लगे थे। बंगाली महिलाओं की इज्जत दांव पर लगी थी और एक महिला मुख्यमंत्री की यह निर्लज्ज टिप्पणी थी कि अगर सुरक्षित रहना है तो रात के अंधेरे में घर से न निकलो। मां काली का भक्त हिन्दू समाज चुप रहकर, भौचक होकर आश्चर्य से देख रहा था कि वोट बैंक की राजनीति में अंधी हो गई ममता बनर्जी को उनकी पीड़ा क्यों नहीं दिख रही है। आखिर क्या वजह है कि हिन्दू स्वाभिमन का उद्घोष ह्यजय श्रीरामह्ल का नारा ममता के कानों में शीशे के घोल सा महसूस होता है। बंग भंग के आंदोलन से लेकर नोआखली के दंगों और विभाजन की त्रासदी को सहकर भी जो बंगाली समाज परम्परागत रूप से राष्ट्रभक्ति के रस में सराबोर रहा, उसके लिए यह सारी परिस्थितियां असहनीय थीं।

## सूडोकु नवताल- 7785

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -7784 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

# किराये की संतान नहीं, अपनत्व का पुनर्जागरण चाहिए

**ललित गर्ग**




जीवन की सांझ जब अपने पूरे विस्तार के साथ उतरती है, तब मनुष्य को सबसे अधिक आवश्यकता दवाइयों या धन की नहीं, बल्कि अपनों के सान्निध्य और अपनों की होती है। यह वही समय होता है जब व्यक्ति अपने जीवन की संचित स्मृतियों, अनुभवों और भावनाओं को साझा करना चाहता है। लेकिन आज का कठोर यथार्थ यह है कि अनेक बुजुर्ग अपने ही घरों में अजनबी-से होकर रह गए हैं। विशाल मकानों में गूंजती खामोशी, सूने आंगन, और दरवाजे पर टकटकी लगाए प्रतीक्षा करती आंखें-यह सब मिलकर एक ऐसी त्रासदी रचते हैं, जो केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक विघटन का संकेत है। आज वैश्वीकरण, रोजगार की अनिवार्यता और बेहतर भविष्य की तलाश ने नई पीढ़ी को देश-विदेश के कोनों में बिखेर दिया है। यह स्वाभाविक भी है, लेकिन इस प्रक्रिया में जो सबसे बड़ी कीमत चुकाई जा रही है, वह है पारिवारिक संवेदना का क्षरण। अनेक बच्चे विदेश जाकर वहीं बस जाते हैं, अपने जीवन में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि माता-पिता केवल फोन कॉल और औपचारिक संदेशों तक सीमित रह जाते हैं। कुछ तो ऐसे भी हैं जो एक ही शहर में रहते हुए वर्षों तक माता-पिता की सुध नहीं लेते। यह केवल दूरी की समस्या नहीं, बल्कि भावनात्मक दूरी का संकट है।

इसी संवेदनहीनता के वातावरण में एक नया और विचलित करने वाला प्रचलन उभरा है- "किराये की संतान"। कुछ कंपनियां और संस्थान अब ऐसे युवाओं या बच्चों को उपलब्ध करा रहे हैं, जो बुजुर्गों के साथ समय बिताते हैं, उनसे बातें करते हैं, उनके साथ सैर करते हैं, खेलते हैं और उनके अकेलेपन को कुछ हद तक कम करने का प्रयास करते हैं। पहली दृष्टि में यह व्यवस्था राहत देती प्रतीत होती है, लेकिन गहराई से देखने पर यह हमारे सामाजिक ढांचे की विफलता का प्रमाण बन जाती है। यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है-क्या अब ममता और अपनत्व भी अनुबंधों और पैकेजों में बांटे जाएंगे? क्या संबंधों की गरमाहट अब सेवा-शुल्क के साथ उपलब्ध होगी? यह स्थिति केवल विडंबना नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक चेतावनी है कि हम अपने मूल्यों से कितनी दूर चले आए हैं। किराये की संतान सुलभ कराने की परम्परा आधुनिक समाज-संरचना की एक बड़ी विडम्बना एवं त्रासदी है।

हालांकि यह भी सत्य है कि हर परिवार की परिस्थितियां समान नहीं होतीं। कई बार बच्चों के सामने ऐसी मजबूरियां होती हैं, जिनके कारण वे माता-पिता के साथ नहीं रह पाते। वहीं कुछ बुजुर्ग भी अपने स्वभाव या सोच के कारण नई पीढ़ी के साथ सामंजस्य नहीं बैठा पाते। लेकिन इन अपवादों के बावजूद, व्यापक स्तर पर जो प्रवृत्ति उभर रही है, वह आत्मकेंद्रित जीवनशैली और संवेदनाओं के ह्रास की ही परिणति है। और भी चिंताजनक तथ्य यह है कि यह सुविधा केवल उन बुजुर्गों के लिए सुलभ है, जिनके पास पर्याप्त आर्थिक संसाधन हैं। मध्यमवर्गीय या निम्नवर्गीय बुजुर्ग, जिनकी आय के स्रोत सीमित हो चुके हैं, वे इस प्रकार की सेवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते। निजी क्षेत्र से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है, जहां पेंशन नगण्य होती है और चिकित्सा खर्च लगातार बढ़ते जाते हैं। ऐसे में उनका जीवन आर्थिक असुरक्षा और मानसिक अवसाद के बीच झूलता रहता है।

निश्चिततौर पर आज का समाज तीव्र गति से बाजारवाद और भौतिकवाद की ओर बढ़ रहा है, जहाँ संबंधों की ऊष्मा और भावनाओं की गहराई धीरे-धीरे क्षीण होती जा रही है। जीवन की प्राथमिकताएँ अब मानवीय मूल्यों से हटकर उपभोग, प्रतिस्पर्धा और आर्थिक सफलता तक सीमित हो गई हैं। परिणामस्वरूप रिश्ते भी उपयोगिता और स्वार्थ के आधार पर आँके जाने लगे हैं। परिवार, जो कभी संवेदना, सहारा और संस्कार का केंद्र हुआ करता था, अब व्यस्तताओं और महत्वाकांक्षाओं के दबाव में बिखरता नजर आ रहा है। इस बदलते परिवेश में बुजुर्ग पीढ़ी सबसे अधिक उपेक्षित हो रही है, क्योंकि वे न तो बाजार की दौड़ में शामिल हो सकते हैं और न ही नई पीढ़ी की भौतिक अपेक्षाओं को पूरा कर पाते हैं। उनके अनुभव, त्याग और स्नेह को अब बोझ या बाधा के रूप में देखा जाने लगा है। संयुक्त परिवारों के टूटने और एकल परिवारों के बढ़ने से उनकी सामाजिक और भावनात्मक सुरक्षा भी कमजोर हुई है। डिजिटल दुनिया ने संवाद को और अधिक सतही बना दिया है, जिससे आत्मीयता का स्थान औपचारिकता ने ले लिया है। ऐसे में बुजुर्गों का अकेलापन, असुरक्षा और उपेक्षा बढ़ती जा रही है, जो हमारे समाज के नैतिक पतन का संकेत है।

विकसित देशों में बुजुर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा की मजबूत व्यवस्थाएं हैं। वहां सरकारें उनकी स्वास्थ्य सेवाओं, पेंशन और देखभाल की जिम्मेदारी निभाती हैं। इसके विपरीत भारत में, जहां परिवार को ही सबसे बड़ी सुरक्षा माना गया था, आज वही ढांचा कमजोर पड़ता जा रहा है। सरकारें कर तो वसूलती हैं, लेकिन बुजुर्गों के लिए समुचित कल्याणकारी योजनाओं का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है। ऐसी परिस्थितियों में समाधान केवल भावनात्मक अपील तक सीमित नहीं रह सकता। इसके लिए बहुआयामी और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सबसे पहले हमें पारिवारिक मूल्यों के पुनर्जागरण की दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे। बच्चों में बचपन से ही माता-पिता के प्रति कर्तव्यबोध, सम्मान और संवेदना का संस्कार विकसित करना होगा। शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम न होकर, जीवन मूल्यों का संवाहक बनेकृयह सुनिश्चित करना समय की मांग है।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम है-वृद्धाश्रमों और अनाथालयों का एकीकरण। यह विचार केवल कल्पना नहीं, बल्कि एक अत्यंत व्यावहारिक और मानवीय समाधान हो सकता है। यदि एक ही परिसर में बुजुर्गों और अनाथ बच्चों को साथ रखा जाए, तो दोनों की समस्याओं का समाधान संभव है। बच्चों को जहां स्नेह और मार्गदर्शन मिलेगा, वहीं बुजुर्गों को अपनत्व और बच्चों के साथ का अनुभव होगा। यह संबंध कृत्रिम नहीं, बल्कि स्वाभाविक और आत्मीय होगा। सरकार को इस दिशा में नीतिगत पहल करनी चाहिए। सुविधा-संपन्न, गरिमामय और मानवीय वृद्धाश्रमों का निर्माण, जहां केवल देखभाल ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी समावेश हो, यह अत्यंत आवश्यक है। साथ ही निजी संस्थाओं को भी इस क्षेत्र में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, लेकिन यह सुनिश्चित करते हुए कि सेवाएं केवल व्यवसाय न बन जाएं, बल्कि सेवा का भाव प्रमुख रहे। बुजुर्गों को भी इस सच्चाई को स्वीकार करना होगा कि जीवन का यह चरण आत्मनिर्भरता और आत्मबल की मांग करता है। योग, ध्यान, प्राणायाम, सत्संग और सामाजिक सहभागिता उनके जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकते हैं। डिजिटल साक्षरता भी उन्हें अपने बच्चों और समाज से जुड़े रहने में सहायक हो सकती है।

साररूप में यह समझना होगा कि समाज केवल आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि संवेदनाओं की समृद्धि से विकसित होता है। यदि हम अपने बुजुर्गों को सम्मान, स्नेह और सुरक्षा नहीं दे पा रहे हैं, तो हमारी सारी उपलब्धियां अधूरी हैं। "किराये की संतान" का प्रचलन हमें यह सोचने पर विवश करता है कि कहीं हम संबंधों को भी वस्तु तो नहीं बना रहे, भौतिकता की तराजू में तो नहीं तौल रहे हैं। यह समय है आत्ममंथन का अपने भीतर झांकने का और यह तय करने का कि हम कैसा समाज बनाना चाहते हैं। यदि हम सच में एक स्वस्थ, संवेदनशील और संतुलित समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें अपनत्व के उस दीप को पुनः प्रज्वलित करना होगा, जिसकी रोशनी में हर बुजुर्ग अपने जीवन की सांझ को गरिमा और सुकून के साथ जी सके।

# यूपी में अखिलेश को भी लग सकता है ममता वाला झटका

**अजय कुमार**


पश्चिम बंगाल में बीजेपी की शानदार जीत का जो तूफान आया है, उसने पूरे देश को झंझोर के रख दिया है। वहां की जनता, खासकर हिंदू समुदाय ने एकजुट होकर ममता बनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति को करारा जवाब दिया। राज्य में वर्षों से चली आ रही मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के खिलाफ हिंदुओं ने वोट की ताकत से विद्रोह कर दिया। यह कहना गलत नहीं होगा कि जिस तरह से बीजेपी को हराने के लिये मुस्लिम वोटर तुष्टिकरण की सियासत करने वालों के पक्ष में लामबंद होते हैं, उसी तरह से अब हिन्दू वोटर बीजेपी के पक्ष में एकजुट होकर वोटिंग करने लगे हैं। अब सवाल उठ रहा है कि क्या उत्तर प्रदेश में भी यही इतिहास दोहराया जाएगा? यहां समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत को एकजुट हिंदू वोटर रोक देंगे? क्या अब जात-पात के नाम पर हिंदू समाज बंटेगा नहीं? और क्या पश्चिम बंगाल को फतह करने वाले रणनीतिकार सुनील बंसल एक बार फिर उत्तर प्रदेश की चुनावी जंग में कमान संभालकर भाजपा को विजयी बनाएंगे, जैसे उन्होंने 2017 में किया था?

उत्तर प्रदेश की राजनीति हमेशा से ही जटिल रही है। यहां सत्ता का खेल जातिगत समीकरणों पर टिका होता है। समाजवादी पार्टी ने लंबे समय से मुस्लिम वोट बैंक को मजबूत करने पर जोर दिया है। अखिलेश यादव ने अपनी रणनीति में मुस्लिम समुदाय को लुभाने के लिए कई कदम उठाए। पंचायत चुनावों में मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट बांटना, उनके क्षेत्रों में विकास के नाम पर विशेष योजनाएं चलाना और हिंदू त्योहारों पर विवादास्पद बयान देकर तुष्टिकरण का राग अलापना, ये सब उनकी सियासत का हिस्सा बने। लेकिन पश्चिम बंगाल का उदाहरण सबके सामने है। वहां ममता बनर्जी ने भी इसी फॉमूर्ले पर दांव लगाया था। रामनवमी पर जुलूसों पर पाबंदी लगाना, हिंदू मंदिरों के आसपास दुकानों पर कार्रवाई और मुस्लिम समुदाय को वोट के बदले लाभ पहुंचाना, इन सबने हिंदुओं को जगा दिया। नतीजा सबके सामने है। भाजपा ने वहां हिंदू एकता का झंडा बुलंद किया और भारी सफलता हासिल की। पश्चिम बंगाल के नतीजे आने के बाद उत्तर प्रदेश के हिंदू वोटर भी अब यूनाइट होने की बात करने लगे हैं। सोशल मीडिया पर चचाएं गर्म हैं, धार्मिक आयोजनों में राजनीतिक संदेश गूंज रहे हैं और जातिगत बंटवारे की पुरानी चाल अब काम नहीं आ रही। पश्चिम बंगाल की जीत में भाजपा के रणनीतिकार सुनील बंसल की भूमिका अहम रही। उन्होंने हिंदू एकता पर जोर दिया। बंगाल के हर कोने में हिंदू समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए सूक्ष्म रणनीति बनाई। गांव-गांव जाकर कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया, धार्मिक नेताओं से संपर्क साधा और मुस्लिम तुष्टिकरण के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया। 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी सुनील बंसल ने यही जादू दिखाया था। तब भाजपा ने जातिगत समीकरण तोड़े। ब्राह्मण, ठाकुर, दलित, ओबीसी सभी को एक मंच पर लाकर अखिलेश की सपा को पटखनी दी। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हिंदुत्व का मुद्दा उठा और विकास के वादों ने वोटरों को लुभाया। आज फिर वही हालात हैं। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सुनील बंसल की वापसी की चर्चा जोरों पर है। क्या वे एक बार फिर कमान संभालेंगे? उनके पास अनुभव है, नेटवर्क है और हिंदू एकता का मंत्र है। अगर भाजपा उन्हें जिम्मेदारी सौंपती है, तो अखिलेश की राह कठिन हो जाएगी।

दरअसल, उत्तर प्रदेश के चुनावी समीकरण अब बदल चुके हैं। पहले हिंदू वोट जाति के आधार पर बंटते थे। जाटव दलित बसपा की ओर, यादव सपा की तरफ, ब्राह्मण और ठाकुर भाजपा के साथ। लेकिन अब हिंदू एकता का दौर चल पड़ा है। पश्चिम बंगाल की तर्ज पर यहां भी राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और अयोध्या विकास ने हिंदुओं को जोड़ा है। सोशल मीडिया ने जागरूकता फैलाई है। हर छोटे-बड़े हिंदू नेता अब तुष्टिकरण के खिलाफ बोल रहे हैं। अखिलेश की सपा अब सिर्फ मुस्लिम वोट पर निर्भर नहीं रह सकती। उनके पास मुस्लिम तुष्टिकरण के अलावा कुछ अन्य रास्ते खुले हैं। सबसे बड़ा रास्ता है युवाओं को लुभाना। सपा ने पहले भी लैपटॉप वितरण जैसी योजनाओं से युवा वोट हासिल किया था। अब वे बेरोजगारी, किसान कर्जमाफी और ग्रामीण विकास पर जोर दे सकते हैं। दूसरा रास्ता है गठबंधन की राजनीति। बसपा के साथ पुराना गठजोड़ दोहराना या छोटी जातियों को साधना। लेकिन सबसे चुनौतीपूर्ण होगा हिंदू ओबीसी वोट को तोड़ना। कुर्मी, मौर्य, निषाद जैसे समुदायों को सपा ने कभी मजबूत नहीं किया। अगर अखिलेश इनके लिए विशेष आरक्षण या योजनाएं घोषित करें, तो कुछ सफलता मिल सकती है। तीसरा रास्ता है विकास का। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गंगा अभियान और शहरीकरण जैसे मुद्दों पर सपा अगर ठोस वादे करे, तो शहरी हिंदू वोटर आकर्षित हो सकते हैं। लेकिन इन सबके बावजूद मुस्लिम तुष्टिकरण छोड़ना होगा, वरना हिंदू एकता सबको नेस्तनाबूद कर देगी।

इस सबके बीच यह हकीकत है कि उत्तर प्रदेश की सियासत में हवा का रुख बदल रहा है। पश्चिम बंगाल ने साबित कर दिया कि तुष्टिकरण की राजनीति का अंत हो चुका। यहां के हिंदू वोटर अब जाति से ऊपर उठकर सोच रहे हैं। भाजपा के पास योगी आदित्यनाथ जैसा मजबूत नेता है, जो बुलडोजर कार्रवाई से अपराधियों पर शिकंजा कस रहा है। कानून-व्यवस्था सुधरी है, माफिया खत्म हो रहे हैं। ये सब हिंदू समाज को भरोसा दे रहे हैं। सुनील बंसल अगर लौटे, तो उनकी रणनीति फिर कमाल करेगी। वे हर जिले में बूथ स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय करेंगे, हिंदू संगठनों से गठजोड़ बनाएंगे और अखिलेश की कमजोरियों पर प्रहार करेंगे। सपा के पास मुस्लिम तुष्टिकरण के अलावा युवा, किसान और विकास के मुद्दे हैं, लेकिन इनका असर तभी होगा जब वे हिंदू वोट को नजरअंदाज न करें। अखिलेश को समझना होगा कि वोट बैंक की राजनीति अब पुरानी हो चुकी। एकजुट हिंदू वोटर अब किसी की नहीं सुनेंगे। वे सिर्फ अपने हितों की रक्षा करेंगे। कुल मिलाकर, इस आज की तारीख में यूपी की चुनावी जंग में भाजपा का पलड़ा भारी लग रहा है। पश्चिम बंगाल की जीत ने पूरे देश में संदेश दिया है। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरों तक हिंदू समाज में उत्साह है। धार्मिक उत्सवों में राजनीतिक बहसें हो रही हैं। लोग कह रहे हैं, अब जात-पात नहीं, हिंदू एकता ही जीतेगी। अखिलेश अगर नहीं चेते, तो सपा का सफर मुश्किल होगा। सुनील बंसल की वापसी भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकती है। 2017 की तरह वे फिर इतिहास रच सकते हैं। कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश की राजनीति एक नए मोड़ पर है। तुष्टिकरण की हवा निकल चुकी, अब एकता का दौर शुरू हो गया।

# पश्चिम बंगाल में भय की हार भरोसे की जीत



**कृष्णमोहन झा**

पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचंड लहर में ममता बनर्जी का किला ढह चुका है।भारतीय जनता पार्टी (पूर्ववर्ती जनसंघ) के संस्थापक स्व.डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के गृहराज्य पश्चिम बंगाल के विधान सभा चुनावों में भाजपा ने प्रचंड बहुमत हासिल करके इतिहास रच दिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा के अभूतपूर्व चुनावों के अब तक घोषित नतीजों से भाजपा को जो अभूतपूर्व खुशी हो रही होगी उसे समझना कठिन नहीं है। इसमें दो राय नहीं हो सकती कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के इन चुनावों को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था इसलिए भाजपा शासित 19 राज्यों के मुख्यमंत्रियों,सैकड़ों पार्टी पदाधिकारियों और हजारों ,कार्यकताओं की फौज ने पार्टी को पश्चिम बंगाल में पहली बार सत्ता की दहलीज तक पहुँचाने के लिए रात दिन एक कर दिये थे। राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वयं ही पार्टी के चुनाव अभियान की बागडोर संभाल रखी थी।देश के किसी राज्य में चुनाव प्रक्रिया के दौरान उपद्रवी तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए चप्पे चप्पे पर सुरक्षा बलों की इतनी बड़ी संख्या में तैनाती भी संभवतःपहले कभी नहीं की गई होगी। कहने का तात्पर्य यह कि इतनी ऐहतियात बरतने के बाद राज्य में पहली बार भाजपा की सरकार बनने में संशय की कहीं कोई गुंजाइश ही नहीं बची थी।राज्य में दूसरे और अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के तत्काल बाद जब 8 में से 6 एजेंसियों ने अपने एक्जिट पोल में भाजपा को बहुमत मिलने की भविष्यवाणी कर दी तब अनेक राजनीतिक विश्लेषकों ने भी उसे अतिशयोक्ति मान कर यह राय व्यक्त की थी कि पश्चिम बंगाल की राजनीति में ममता बनर्जी का ऐसा पराभव संभव नहीं है लेकिन चुनाव परिणामों ने साबित कर दिया है कि ममता बनर्जी अपनी सरकार के विरुद्ध जनता में तेजी से बढते असंतोष का अंदाजा लगाने में चूक गई ।ममता बनर्जी राज्य में गत डेढ़ दशकों से सत्तारूढ़ अपनी पाटीर्तृणमूल कांग्रेस की शोचनीय पराजय के लिए भले ही एस आई आर को जिम्मेदार ठहराएं लेकिन इस कड़वी हकीकत से उन्हें मुंह नहीं मोड़ना चाहिए कि पिछले पांच सालों में चरम पर पहुंची एंटी इंकम्बेसी ने उनकी पार्टी को सत्ता से बाहर का दरवाजा दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ममता बनर्जी को पूरी विनम्रता के साथ अब यह स्वीकार करने का साहस दिखाना चाहिए कि गत पांच सालों में उजागर हुए भ्रष्टाचार के गंभीर मामलों में तृणमूल कांग्रेस के मंत्रियों और नेताओं की संलिप्तता , संदेश खाली में महिलाओं के शारीरिक शोषण के आरोप, आरजीकर मेडिकल कालेज में महिला डाक्टर की बलात्कार के बाद हत्या सहित राज्य के विभिन्न भागों में महिला उत्पीड़न की घटनाएं, तृणमूल कांग्रेस कार्यकताओं की निरंकुशता और युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी जैसे कारकों ने उनके पांव के नीचे की जमीन छीन ली।

पश्चिम बंगाल विधानसभा के इन चुनावों में जब 92 प्रतिशत से अधिक का रिकार्ड मतदान हुआ उसी समय यह संकेत मिल गये थे कि इस बार मतदाताओं ने निर्भय होकर मतदान किया जिसका श्रेय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जाता है जिन्होंने राज्य में एक पखवाड़े से अधिक समय तक मौजूद रहकर मतदाताओं के मन में बैठे उस डर को निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मतदान की तारीख के पहले से ही बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती ने मतदाताओं के मन में यह भरोसा जगाया कि अब उन्हें तृणमूल कांग्रेस के निरंकुश कार्यकताओं से डरने की आवश्यकता नहीं है। इतना ही नहीं,केंद्रीय गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल की जनता को आश्वस्त कर दिया था कि चुनाव परिमाणों की घोषणा के बाद भी केंद्रीय सुरक्षा बलों को एकदम वहां से नहीं हटाया जाएगा। गौर तलब है कि गत विधानसभा चुनावों के बाद तृणमूल कांग्रेस कार्यकताओं के एक वर्ग पर राज्य के उन क्षेत्रों में हिंसक गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप लगे थे जहां तृणमूल कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ा था।इन चुनावों में भाजपा ममता बनर्जी की मुस्लिमतुष्टीकरण की नीति पर निशाना साधकर जिस तरह हिन्दू मतदाताओं को एकजुट करने में सफल हुई उसने भी भाजपा की प्रचंड जीत का मार्ग प्रशस्त करने में महत्वपूर्ण योगदान किया। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की करिश्माई लोकप्रियता, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के रणनीतिक कौशल, पार्टी नेताओं और जमीन से जुड़े कार्यकताओं के अथक परिश्रम और राज्य में भय के माहौल की समाप्ति ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के उस सुनहरे स्वप्न को साकार कर नया इतिहास रच दिया है जिसे कल तक नामुमकिन मानने वालों की कमी नहीं थी।आज घोषित चुनाव परिणामों ने उन्हें स्तब्ध कर दिया है।

**(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)**

## दैनिक पंचांग

**5 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.02 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मिथुन | 08.00 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.14 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.30 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 14.42 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 16.53 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.07 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 21.23 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 23.28 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.15 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मीन | 02.48 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 04.18 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 125 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 05.25 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 12.55 बजे को समाप्त। **योग** शिव 00.17 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 05.25 बजे तदनन्तर बव 18.38 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 16° 12' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872700 **जूलियन दिन** 2461165.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जिल्काद **तारीख** 17 **विशेष** एकदन्त संकष्टी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की हुई समीक्षा बैठक

# जल योजनाओं में डुप्लीकेसी नहीं होगी बर्दाश्त : मेघा भारद्वाज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन से संबंधित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रखंडों में संचालित योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता एवं समन्वय की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं में किसी प्रकार की डुप्लीकेसी या ओवरलैप न हो, इसे हर स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही एसवीएस क्लस्टर रिपोर्ट, प्रखंड स्तरीय योजना एवं हाउसहोल्ड कनेक्शन की प्रगति का समुचित आकलन करने को कहा गया। पाकुड़ सम्पूर्ण अच्छादन बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए भूमि से संबंधित मुद्दों के समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। लिट्टीपाड़ा एमभीएस योजना में वेयर संचालन के लिए सिंचाई विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट (तरल अपशिष्ट प्रबंधन) के अंतर्गत किए गए कार्यों को और अधिक प्रगतिशील एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन केवल विकास योजनाएं नहीं हैं, बल्कि यह नागरिकों के स्वास्थ्य, सम्मान एवं जीवन-स्तर से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वय, गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य पाकुड़ को शत-प्रतिशत हर घर जल एवं स्वच्छता संपन्न जिला के रूप में स्थापित करना है, जिसके लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।

### नगर परिषद क्षेत्र में जलापूर्ति समस्या समाधान हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी

**पाकुड़ :** ज़िले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर पाकुड़ नगर परिषद अंतर्गत शहरी क्षेत्र के कुल 21 वार्डों में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा समय-समय पर उत्पन्न होने वाली जल संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों की सुविधा के लिए निम्न पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है, जिनसे संपर्क कर जलापूर्ति से संबंधित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। हेल्पलाइन नंबर- सौरभ कुमार, राजस्व निरीक्षक, नगर परिषद, पाकुड़, मोबाईल नम्बर: 7004372129 शमशेर अंसारी, कर संग्रहकर्ता, नगर परिषद, पाकुड़, मोबाईल नम्बर- 9304501204 उपायुक्त ने कहा कि गर्मी के मौसम में शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित न हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने नागरिकों से अपील किया कि जलापूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबरों पर दें, ताकि त्वरित कार्रवाई कर समस्या का समाधान किया जा सके।

## सड़क सुरक्षा को लेकर स्टेशन चौक पर सघन जांच अभियान, नियम पालन करने की अपील



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और लोगों की जान बचाने के उद्देश्य से उपायुक्त दीपक कुमार दुबे के निर्देश पर शहर के स्टेशन चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत मोटरसाइकिल, टोटो और चार पहिया वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश चौधरी, एमवीआई, मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा, मेजर, नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता, एसआई गुलाम सरवर समेत कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद रहे। अधिकारियों ने वाहन चालकों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग की सख्ती से जांच की। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को चेतावनी दी गई, अधिकारियों ने कहा कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे। लोगों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं और सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, ताकि अनमोल जीवन की रक्षा की जा सके।

## साहेबगंज में बंदियों के परिजनों को विधिक सहायता डेस्क से मिली महत्वपूर्ण जानकारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निदेर्शानुसार और जिला सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज, अखिल कुमार के मार्गदर्शन में, मंडल कारा, साहिबगंज के मुलाकाती क्षेत्रों में एक विधिक सहायता हेल्प डेस्क का जायजा लिया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जेल में बंद व्यक्तियों के परिजनों को मुलाकात के दौरान आवश्यक कानूनी जानकारी और सहायता उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशों के तहत शुरू की गई यह पहल, उन परिजनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो अक्सर अपने अधिकारों, कानूनी प्रक्रियाओं और उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी के अभाव में परेशान रहते हैं। इस हेल्प डेस्क पर पैरालीगल वॉलंटियर्स, लीगल एड डिफेन्स कौंसिल- न्याय रक्षक मुलाकात के समय उपस्थित रहेंगे। कारा प्रशासन के समन्वय से आवश्यक स्थान और बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। ह्लमुलाकात से न्याय तकह्व पहल के तहत, जेल में अवरुद्ध व्यक्तियों के परिवारों को कानूनी संबल मिल रहा है। इस दौरान संचालित मुलाकात विधिक सहायता हेल्प डेस्क की भी समीक्षा की गई, जहाँ परिजनों को जमानत, केस की स्थिति, दस्तावेज और अपील संबंधी जानकारी तत्काल उपलब्ध कराई जा रही है। पैरा लीगल वालंटियर्स झ न्याय मित्र और लीगल एड डिफेन्स कौंसिल- न्याय रक्षक परिवार और बंदियों के बीच एक सेतु का कार्य कर रहे हैं। मुलाकात स्थल पर जागरूकता अभियान चलाकर परिजनों को उनके अधिकारों की जानकारी भी दी जा रही है, जिसका उद्देश्य परिवारों को न्याय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाना है। प्राधिकार के सचिव, विश्वनाथ भगत ने मुलाकात स्थल और जेल परिसर में स्वच्छता, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और परिजनों के साथ व्यवहार का भी निरीक्षण किया। इन स्थलों को गरिमामय, सुरक्षित और मानवीय वातावरण प्रदान करना इस पहल का एक प्रमुख उद्देश्य है। जेल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मुलाकात प्रणाली को और अधिक सुचारू बनाया जाए, मुलाकात स्थल पर विधिक सहायता की दृश्यता बढ़ाई जाए, परिजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए और नियमित निरीक्षण व डेटा संग्रह के माध्यम से व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए।

## मजदूरी के नाम पर तस्करी : आरपीएफ ने चार बच्चों को बचाया, दो आरोपी गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मालदा मंडल रेल अंतर्गत आरपीएफ पोस्ट बरहरवा के इंस्पेक्टर/संजीव कुमार के पर्यवेक्षण में एएसआई/बिस्वनाथ टुडू, एएसआई/सुरेश पासवान, कांस्टेबल/अमरेश कुमार, एलसीटी/अर्पण कुमारी, एलसीटी/काजल कुमारी एवं बाल संरक्षण संस्था (बाल मंथन) की प्रतिनिधि आराधना मंडल के साथ बरहरवा रेलवे स्टेशन पर रात्रि 21.30 बजे से असामाजिक तत्वों, मानव तस्करी,यात्री संबंधी अपराधों एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु सघन चेकिंग एवं सर्च अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति चार नाबालिग लड़कों को मजदूरी के लिए अन्य राज्यों (अंबाला कैंट, हरियाणा एवं सहारनपुर, उत्तर प्रदेश) ले जाने हेतु ट्रेन संख्या 15743 अप (फरक्का एक्सप्रेस) से प्लेटफार्म संख्या 01 पर फुट ओवर ब्रिज के पास यात्री शेड में बैठे हैं। प्राप्त सूचना के सत्यापन हेतु टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां दो वयस्क व्यक्तियों के साथ चार नाबालिग लड़के संदिग्ध अवस्था यात्री शेड में बैठे पाए गए। पूछताछ करने पर नाबालिगों ने अपना उम्र 15,14,15 व 14 साल और थाना बरहेट जिला साहेबगंज, झारखंड का रहने वाला बताया।आगे पूछताछ करने पर पहले तीन नाबालिक बच्चों ने बताया कि मनोज साह (उम्र लगभग 40 वर्ष), पिता- चामू साह, निवासी- बारोबांध, थाना- बरहेट, जिला- साहिबगंज ने लगभग एक सप्ताह पूर्व उनके घर जाकर उन्हें अंबाला कैंट स्थित मेडिकल दुकान में मजदूरी के लिए 11,000 से 12,000 रुपये प्रति माह का प्रलोभन दिया तथा उनके यात्रा टिकट भी बनवाए। गरीबी के कारण वे उसके साथ जाने को तैयार हो गए। इसी प्रकार चौथे नाबालिग ने बताया कि मोहम्मद अताउल अंसारी (उम्र लगभग 51 वर्ष), पिता- हसन अंसारी, निवासी- सनमनी, मोमिनटोला, थाना- बरहेट, जिला- साहिबगंज ने उसे सहारनपुर (उ.प्र.) में होटल में कार्य दिलाने के नाम पर 9,000 रुपये प्रति माह का प्रलोभन दिया एवं यात्रा की व्यवस्था की। पूछताछ के दौरान दोनों व्यक्तियों मनोज साह एवं मोहम्मद अताउल अंसारी ने स्वीकार किया कि वे इन नाबालिग बच्चों को मजदूरी के लिए अन्य राज्यों में ले जा रहे थे तथा इसके बदले उन्हें प्रत्येक बच्चे पर लगभग 8% कमीशन प्राप्त होता। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बच्चों को राज्य के बाहर ले जाने हेतु पंचायत अथवा श्रम विभाग से कोई वैधानिक पंजीकरण/अनुमति नहीं ली गई है तथा अपनी गलती को स्वीकार किया।

### पाकुड़ में गर्मी के बीच पेयजल संकट से निपटने को हेल्पलाइन जारी

**पाकुड़ :** भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों को राहत देने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी पहल की है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का गठन किया है। इसके जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत की शिकायत दर्ज कराकर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम जिला कंट्रोल रूम में राकेश मरांडी (मो०- 9304773442) एवं श्रीजल मुर्मू (मो०- 7482924365) को तैनात किया गया है। आमजन इन नंबरों पर संपर्क कर खराब चापाकल की सूचना दे सकते हैं। प्रखंडवार अधिकारी व हेल्पलाइन नंबर पाकुड़ प्रखंड कनीय अभियंता: सुभेन्दु मिश्र, मो०- 8252295342, सहायक अभियंता: अभिजीत किशोर, मो०- 9773807198।

## बरहरवा प्रखंड मुख्यालय में शेरशाहवादी समुदाय का अनिश्चितकालीन महाधरना शुरू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के बरहरवा प्रखंड में शेरशाहवादी जाति प्रमाण पत्र को पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर सोमवार से बरहरवा अंचल परिसर में शेरशाहवादी डेवलपमेंट सोसाइटी के बैनर तले अनिश्चितकालीन महाधरना शुरू हो गया है। धरना में समुदाय के बड़ी संख्या में लोग,सामाजिक कार्यकर्ता और युवा वर्ग शामिल हुए, जिससे आंदोलन की व्यापकता साफ नजर आई। इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य शेरशाहवादी समुदाय को दोबारा जाति प्रमाण पत्र जारी कराना है,ताकि वे शिक्षा,रोजगार और सरकारी योजनाओं में आरक्षण का लाभ उठा सकें। धरनास्थल में प्रदर्शनकारियों ने हाथ में तख्तियां लिए ‘शेरशाहबादी प्रमाण पत्र निर्गत करो,अंचल प्रशासन हाय हाय,जिला प्रशासन हाय हाय, प्रशासन की मनमानी नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए। इस दौरान मुखिया मो. इश्तियाक ने कहा कि झारखंड के पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में इस समुदाय की बड़ी आबादी निवास करती है और राज्य की ओबीसी सूची में क्रमांक 102 पर इसका उल्लेख भी है। इसके बावजूद अंचल प्रशासन की अनदेखी के कारण वर्षों से जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है। युवा नेता अफीफ अमसल ने कहा कि वर्ष 2012 तक इस समुदाय के लोगों को नियमित रूप से शेरशाहवादी जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाता था,लेकिन उसके बाद से यह प्रक्रिया बंद हो गई है। इसका सीधा असर समुदाय के युवाओं पर पड़ा है,जो प्रतियोगी परीक्षाओं, सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के लाभ से वंचित हो रहे हैं। वहीं सोसाइटी के सदस्य अजमाइल शेख ने स्पष्ट किया कि यह महाधरना तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार और प्रशासन उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेते। उन्होंने प्रशासन से जल्द वार्ता कर समाधान निकालने की अपील भी की।इसके अलावा महमूद आलम, मो.कैफुल सहित कई अन्य वक्ताओं ने भी धरना प्रदर्शन के दौरान अपनी बातें रखी। आंदोलनकारियों ने यह भी कहा कि उनका धरना पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से संचालित किया जा रहा है।

## एक नजर

### बंद घर में लाखों रुपए के आभूषण व नगदी चोरी

**साहिबगंज :** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के मुरली सिमलढाब में बंद घर से लाखों रुपए के गहने सहित नगदी की चोरी कर ली गई है। मकान मालिक संजीव महतो (40) ने बताया कि बीते तीन मई को वे अपने पूरे परिवार के साथ शिवनारणपुर के देवरी गांव गए थे। चार मई को वापस लौट कर घर में दाखिल हुए तो देखा कि एक साइकिल गायब है। आंगन का दरवाजा टूटा है। बक्सा का भी ताला टूटा और घर का सामान बिखरा हुआ हैं। बक्से में रखे सोने-चांदी के करीब 1.20 लाख के गहने, 70 हजार रुपए नगद व दो गुल्लक में रखे 7,500 रुपए चोरी कर ली गई है। पीड़ित ने चोरी करने को लेकर तीनपहाड़ थाना में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### पुलिस ने रात्रि में चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**साहिबगंज:** बरहेट पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर देर रात्रि रविवार को थाना प्रभारी चंदन भैया के नेतृत्व में थाना समीप पर दोपहिया वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, नाबालिग के वाहन चलाने तथा अन्य कागजात की जांच की गयी। पुलिस एएसआई चंदन कुमार ने बताया कि दो दर्जन से अधिक दोपहिया वाहनों की जांच की गया। सड़क हादसे रोकने को लेकर परिवहन विभाग के नियम को जो भी बाइक चालक अमल नहीं करते पकड़े जा रहे लोगों पर कार्रवाई किया जा रहा है। वही दोपहिया वाहन जांच अभियान के बाद बगैर हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों पर खलबली मच गई है। मौके पर अन्य पुलिस मौजूद थे।

### हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत

**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला चांडिल रेंज के कुकडू गांव का है, जहां हाथी के हमले में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुनी राम गोराई (50) के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव और आसपास के इलाकों में भय का माहौल है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के समीप एक शव पड़ा देखा। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। बाद में वन विभाग और स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना पाकर वन विभाग की टीम और पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मुनी राम गोराई रविवार शाम गांव से ब्लॉक परिसर की ओर गए थे, जहां रोजाना ग्रामीण बैठकी के लिए जुटते हैं। देर शाम घर लौटने के दौरान रास्ते में उनका सामना जंगली हाथियों से हो गया। बताया जा रहा है कि हाथियों ने उन पर हमला कर पटक दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार गांव के आसपास दो जंगली हाथी लगातार घूम रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। हालात ऐसे हैं कि लोग शाम होते ही घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। वन विभाग ने मृतक के परिजनों को सरकारी मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने, समूह में चलने और हाथियों की मौजूदगी वाले क्षेत्रों में अकेले नहीं जाने की अपील की है। लगातार हो रहे हाथी हमलों से चांडिल और आसपास के गांवों के लोग सहमे हुए हैं।


## संक्षिप्त खबरें

### राजमहल अनुमंडल अस्पताल में मासिक समीक्षा बैठक विशेष टीकाकरण अभियान को लेकर सख्त निर्देश



**साहिबगंज:** अनुमंडल अस्पताल राजमहल में सोमवार को उपाधीक्षक अनुमंडल अस्पताल एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उधवा की संयुक्त अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यक्रमों की क्रमवार समीक्षा की गई। इस दौरान वन वीक वन सीएससी कार्यक्रम के तहत विशेष टीकाकरण अभियान पर विशेष चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान राजमहल प्रखंड में 11 मई से तथा उधवा प्रखंड में 18 मई से शुरू किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित कर्मियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए। यदि अभियान के बाद किसी क्षेत्र में अप्रतिरक्षित बच्चे पाए जाते हैं, तो संबंधित क्षेत्र के स्वास्थ्य कर्मियों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सह लेखा प्रबंधक अमित कुमार, प्रखंड डाटा प्रबंधक नितिन मुर्मू, पीएचएम सूरज कुमार, विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि सुनील रंजन, यूनिसेफ के विनोद शर्मा सहित सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, एएनएम, एमपीडब्ल्यू एवं सहिया साथी उपस्थित रहे।

### हाइटेंशन बिजली की तार की चपेट में आने से बच्चा झुलसा, गंभीर



**साहिबगंज:** तालझारी के बेलदार चौक में सोमवार को हाइटेंशन बिजली की तार की चपेट में आने से एक बच्चा झुलस गया परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार छत में खेल के दौरान 33 हजार की हाइटेंशन बिजली की तार की चपेट में आने से पांच वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए बच्चे को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। बच्चा तालझारी के बेलदार चौक के रहने वाले कमरुद्दीन अंसारी का पुत्र अमीर उद्दीन अंसारी(5) है। बच्चे की मां अबजून बीबी ने बताई कि घर के छत से होकर 33 हजार का बिजली का हाइटेंशन तार गया है। बच्चा छत पर खेल रहा था। इसी दौरान उसे करंट लग गया। इसमें बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया। बच्चा करीब 40 फीसदी से अधिक झुलस गया है। वही बच्चा का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इधर परिजन समेत परिजनों ने बिजली विभाग से बिजली के तार को हटाने की मांग की है।

### सड़क हादसे में एक महिला की मौत, पांच घायल

**धनबाद :** धनबाद के जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जेलगोरा में सोमवार तड़के करीब 4 बजे एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए, जबकि एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान 65 वर्षीय राजमणि देवी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, सभी लोग अमलाबाद से धनबाद रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए जा रहे थे। उन्हें गया में एक शादी समारोह में शामिल होना था। परिवार के सदस्य टेम्पो में सवार होकर धनबाद की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जैसे ही टेम्पो जेलगोरा के पास पहुंचा, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टेलर ने टेम्पो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेम्पो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जोड़ापोखर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए टेलर को पाथरडीह क्षेत्र से जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### सीसीएल सुरक्षा पदाधिकारी ने की छापेमारी, 600 लीटर डीजल बरामद



**रामगढ़ :** जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र के कोइहारा गांव में लंबे समय से चल रहे डीजल चोरी के खेल का खुखासा हो गया। सीसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी आशीष झा को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव के कुछ लोग रोजाना सीसीएल क्षेत्र से बड़ी मात्रा में डीजल चोरी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने सोमवार को टीम के साथ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान एक घर से करीब 600 लीटर डीजल बरामद किया गया। इसके अलावा मौके से लगभग 30 गैलन और डीजल निकालने में इस्तेमाल होने वाले पाइप भी जब्त किया गया। इतनी बड़ी मात्रा में डीजल मिलने से साफ है कि यह काम लंबे समय से संगठित तरीके से चल रहा था।

### हाथी के हमले में वृद्धा की मौत, मुआवजे की मांग

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के चाकुलिया प्रखंड अंतर्गत बड़ामारा पंचायत के चौठिया गांव स्थित बांधडीह टोला में सोमवार जंगली हाथी के हमले में वृद्धा दुलारी मुर्मू (72) की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार दुलारी मुर्मू रोज की तरह सुबह अपने घर से चौठिया की ओर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में अचानक एक हाथी ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने मृतका के परिजनों को तत्काल सहायता के रूप में 50 हजार रुपये दिया है, ताकि अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की जा सके। साथ ही आश्वासन दिया गया है कि शेष मुआवजा राशि सरकारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। इधर, घटना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई, जिसके कारण यह दुखद घटना घटी।

## एक नजर

### मैजिक वैन की चपेट में आने से युवक की मौत

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के टाटा-पटमदा मुख्य मार्ग पर रविवार रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह घटना जलडहर पेट्रोल पंप के पास की है , जहां एक तेज रफ्तार मैजिक वैन ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पटमदा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल एमजीएम अस्पताल भेजवाया। हालांकि अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान जलडहर निवासी करीब 40 वर्षीय अजीत सहिस के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय बुधु सहिस के पुत्र थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अजीत सहिस पेट्रोल पंप से पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बेलटांड़ से झाड़बामनी की ओर जा रही एक अनियंत्रित मैजिक वैन ने सड़क पार करते समय उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोट आई, जो उनकी मौत का कारण बनी। बताया जाता है कि दो महीने पहले ही अजीत के पिता का निधन हुआ था और वे ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और दो बेटे हैं। हादसे के समय उनकी पत्नी एक शादी समारोह में गई हुई थी। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### रिटायर्ड शिक्षक के घर लाखों की चोरी

**धनबाद :** धनबाद के भूली थाना क्षेत्र से बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। यहां भूली बस्ती स्थित हड़कू भट्ठा के पास रहने वाले एक रिटायर्ड शिक्षक के घर चोरों ने धावा बोलकर लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। हैरानी की बात यह है कि चोर घर से गहने और नकदी के साथ-साथ कार भी ले उड़े। बताया जा रहा है कि रिटायर्ड शिक्षक अशोक श्रीवास्तव अपने परिवार के साथ इलाज के लिए पुणे गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके सूने घर को निशाना बनाया। सोमवार सुबह जब पड़ोसियों ने घर के मुख्य दरवाजे पर लगा ताला गायब देखा तो उन्हें लगा कि परिवार वापस लौट आया है। लेकिन दरवाजा खटखटाने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। शक होने पर जब अंदर झांका गया तो चोरी की घटना का खुलासा हुआ। चोरों ने घर के अंदर रखी तीन अलमारियां और दो ट्रंक को पूरी तरह खंगाल दिया और सभी कीमती सामान चुरा लिए। गृहस्वामी अशोक श्रीवास्तव ने दूरभाष पर बताया कि चोर करीब 8 लाख रुपये के सोने के जेवर, आधा किलो चांदी के जेवर, करीब 15 हजार रुपये नकद सहित अन्य सामान ले गए।

### हादसे में सुपरवाइजर की मौत

**धनबाद :** धनबाद जिले के पूटकी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालीचक स्थित एसएनआर आउटसोर्सिंग कंपनी में सोमवार को एक हादसा हो गया, जिसमें 54 वर्षीय रामस्वरूप चौहान की मौत हो गई। वे गोधरा 4 नंबर के निवासी थे और सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग कंपनी में पिछले चार वर्षों से सुपरवाइजर (स्विफ्ट इंचार्ज) के पद पर कार्यरत थे। मिली जानकारी के अनुसार, कार्यस्थल पर ड्यूटी के दौरान वे 12 चक्का वाल्वो टिपर की चपेट में आ गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद उन्हें आनन-फानन में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एसएनएमएमसीएच रेफर किया गया। लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन गुड्डू चौहान ने बताया कि उन्हें फोन के जरिए हादसे की सूचना मिली, जिसके बाद वे अस्पताल पहुंचे। उनका आरोप है कि भारी वाहन उनके कमर के पास चढ़ गया, जिससे उनकी मौत हो गई।

# पलामू में तीन अलग-अलग सड़क हादसों में चार की मौत, एक घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** झारखंड के पलामू जिले में रविवार शाम से देर रात तक हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। सभी शवों का पोस्टमार्टम मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) में कराया गया है। पुलिस के अनुसार, पांकी थाना क्षेत्र में रविवार को दो अलग-अलग स्थानों कोनवाई और तेतराई में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की जान चली गई। कोनवाई बांदुबार गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान कोनवाई निवासी रूपक सिंह (शिक्षक विजय सिंह के पुत्र) और कृत रौशन (पिता-जगन्नाथ सिंह) के रूप में हुई है। तेतराई गांव में तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे लेसलीगंज थाना क्षेत्र के नौडीहा निवासी चंदन कुमार (पिता-सिलवंत राम) की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य घायल को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में मेदिनीनगर रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों घटनाओं में संबंधित वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। तीसरी घटना नावा जयपुर थाना क्षेत्र में हुई, जहां 75 वर्षीय शीतल महतो की सड़क हादसे में मौत हो गई। वे घोरीघाट बाजार से सब्जी बेचकर लौट रहे थे, तभी रास्ते में एक बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल शीतल महतो को एमएमसीएच लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वे धनगरडीहा गांव के निवासी थे। परिजनों के अनुसार, हादसा शाम करीब 6:30 बजे घर से लगभग एक किलोमीटर पहले हुआ। बाइक चालक की पहचान कर ली गई है। लगातार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण ऐसी दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। घटना की सूचना मिलने पर भाजपा नेत्री लवली गुप्ता पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें और गति सीमा का पालन करें।

## उपायुक्त और एसपी ने चतरा मंडल कारा का किया औचक निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** उपायुक्त रवि आनंद और पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनिमेष नैथानी ने सोमवार को चतरा मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारा की सुरक्षा व्यवस्था एवं बंदियों से संबंधित सभी मूलभूत सुविधाओं का गहन जायजा लिया गया। अधिकारियों ने सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, प्रवेश एवं निकास नियंत्रण, प्रहरी तैनाती तथा कारा परिसर में साफ-सफाई की स्थिति की जांच की। इस दौरान सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता संतोषजनक पाई गई। साथ ही सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए नियमित पेट्रोलिंग और आगंतुकों की सघन जांच के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में बंदियों के वार्ड, भोजन व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश एवं वेंटिलेशन की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का भी जायजा लेते हुए नियमित चिकित्सकीय जांच एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने कारा प्रशासन को वर्तमान व्यवस्था बनाए रखने के साथ निरंतर सुधारात्मक पहल करते रहने को कहा। इस मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन सहित अन्य अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## धनबाद : तीन नाबालिगों से दरिंदगी की कोशिश नाकाम, आरोपी फरार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद के पूर्वी टुंडी में रविवार रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां तीन नाबालिग लड़कियों के साथ दरिंदगी की कोशिश की गई। हालांकि, बच्चियों की बहादुरी और ग्रामीणों की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश का माहौल है, वहीं पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई है। मामला पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र का है, जहां तीन युवकों ने सरेराह तीन नाबालिग किशोरियों को जबरन पकड़ लिया और उन्हें पास के एक निमार्णाधीन भवन में ले गए। आरोप है कि वहां उनके साथ गलत हरकत करने की कोशिश की गई। लेकिन इसी दौरान पीड़ित किशोरियों ने हिम्मत दिखाते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग और ग्रामीण मौके पर पहुंचने लगे। सैकड़ों ग्रामीणों को आता देख तीनों आरोपितों मौके से फरार हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा भी किया। सूचना मिलते ही पूर्वी टुंडी थाना प्रभारी नीतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि तीनों आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमों को रवाना किया गया है। फिलहाल गांव में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन लोगों में अब भी गुस्सा है।

## पुलिस ने फायरिंग मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, हथियार बरामद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र स्थित घातकीडीह के कुरैशी मुहल्ला में 03 मई 2026 को हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई में घटना में प्रयुक्त हथियार और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किए गए हैं, जिससे पूरे मामले की तस्वीर साफ हो गई है। सोमवार को सिटी एसपी ललित मीणा ने बताया कि धातकीडीह निवासी सह गामा होटल के संचालक सरफराज कुरैशी उर्फ गामा के बयान पर रविवार को जानलेवा फायरिंग संबंधित नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित कर तकनीकी और गुप्त सूचना के आधार पर जांच शुरू की। इसी दौरान सूचना मिली कि नामजद आरोपित मो इमरान उर्फ गोरे और महफूज आलम शहर छोड़कर फरार होने की तैयारी में है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों को धर दबोचा। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपितों के पास से एक देशी ऑटोमैटिक पिस्टल, 7.65 एमएम की एक जिंदा गोली, घटना में इस्तेमाल किया गया खोखा और बिना नंबर प्लेट की एक बाइक बरामद की है। बरामद हथियार और सामग्री ने फायरिंग की घटना की पुष्टि कर दी है और जांच को निर्णायक दिशा मिली है। पुलिस अब हथियार की सप्लाई चेन और इससे जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है। पूछताछ में सामने आया है कि मुख्य आरोपित इमरान और वादी के बीच पहले से विवाद चल रहा था। घटना से एक दिन पहले हुए विवाद के बाद इमरान ने बदला लेने की नीयत से हथियार की व्यवस्था की और फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि यह पूरी घटना पूर्व नियोजित थी। एसपी ने यह भी बताया कि इमरान उर्फ गोरे का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं।

## जंगली हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** जिले के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का खूनी खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में रनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़सीदम के रायमुंडा जंगल में जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव थाना क्षेत्र स्थित जलासार सरामोडा निवासी करीब 65 वर्षीय सामुएल पूर्ति के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, सामुएल पूर्ति शनिवार (2 मई) को घर से गढ़सीदम बाजार जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, पर कोई पता नहीं चल सका। इसी बीच सोमवार को जंगल में मवेशी चरा रहे चरवाहों ने शव देखा और इसकी सूचना वन विभाग व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची टीम ने शव की पहचान सामुएल पूर्ति के रूप में की। बताया जा रहा है कि जंगली हाथी ने उन्हें पटक-पटक कर मार डाला, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। शव दो दिनों तक जंगल में ही पड़ा रहा। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, खूंटी भेज दिया। वहीं, वन विभाग के प्रभारी वनपाल अविनाश लुगुन ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर पीड़ित परिवार को तत्काल 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि रनिया प्रखंड में इन दिनों जंगली हाथियों का आतंक बढ़ गया है, जिससे ग्रामीणों की चिंता और परेशानी लगातार बढ़ रही है। प्रशासन से लोगों ने हाथियों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

# सारंडा जंगल में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आया हाथी, हालत गंभीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर प्रखंड स्थित घने सारंडा जंगल से एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी विस्फोट की चपेट में आकर एक जंगली हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया है। हाथी की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है और उसके बचने की संभावना भी कम मानी जा रही है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर लगातार निगरानी और उपचार की कोशिशों में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम जराइकेला थाना क्षेत्र के कोलबोंगा गांव के समीप अंकुआ कंपार्टमेंट संख्या-48 के जंगल में कुछ ग्रामीण मछली पकड़ने गए थे। इसी दौरान उनकी नजर घायल अवस्था में पड़े हाथी पर पड़ी। हाथी की गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी, जिसके बाद विभागीय टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के सूत्रों का कहना है कि दो दिन पहले चिरिया ओपी क्षेत्र के पोंगा जंक्शन के पास जंगल में एक आईईडी ब्लास्ट की घटना हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि उसी विस्फोट में यह हाथी घायल हुआ होगा और दर्द से कराहते हुए जंगल के अंदर इस स्थान तक पहुंच गया। मनोहरपुर प्रखंड के पशुपालन पदाधिकारी डॉ. संजय घोलटकर के अनुसार हाथी कई दिन पहले ही विस्फोट की चपेट में आ चुका था। गंभीर रूप से घायल होने के कारण वह चलने-फिरने में असमर्थ है और लगातार एक ही स्थान पर पड़ा हुआ है। वन विभाग की टीम उसे प्राथमिक उपचार देने के साथ-साथ विशेषज्ञों की मदद से रेस्क्यू की कोशिश कर रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में चिंता का माहौल है। सारंडा जैसे संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आईईडी जैसे घातक विस्फोटकों की मौजूदगी न सिर्फ सुरक्षा बलों और आम लोगों के लिए खतरा है, बल्कि अब वन्यजीवों के लिए भी बड़ा संकट बनती जा रही है। इस घटना ने जंगलों में छिपे ऐसे खतरों को एक बार फिर उजागर कर दिया है। वन विभाग के अधिकारी लगातार हाथी की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और उसे बचाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि उसकी गंभीर हालत को देखते हुए स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा की जीत पर जश्न, मधु कोड़ा ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाई खुशी



**पश्चिमी सिंहभूम :** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की असम, बंगाल और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में मिली जीत पर कार्यकर्ताओं के साथ पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित नोवामुंडी में जश्न मनाया। इस दौरान मिठाइयां बांटी गईं और आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर मधु कोड़ा ने कहा कि चुनाव परिणाम यह दर्शाता है कि देश की जनता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों पर भरोसा जता रही है। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण से जुड़े कानूनों और एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) जैसे फैसलों को जनता का व्यापक समर्थन मिला है, जो नतीजों में साफ दिखाई देता है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति जैसे गंभीर मुद्दों पर उठाए गए सवालों का जवाब जनता ने अपने मत से दे दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऑपरेशन सिंदूर जैसे मामलों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे थे और विदेश नीति को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा था, लेकिन जनता ने मजबूत और निर्णायक नेतृत्व के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। मधु कोड़ा ने यह भी कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों और अवैध घुसपैठियों के प्रति सहानुभूति रखने वालों को भी जनता ने नकार दिया है। उन्होंने असम, बंगाल और पुडुचेरी की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके समर्थन से ही यह जीत संभव हो सकी है। अंत में उन्होंने भरोसा जताया कि देश की तरह झारखंड में भी जनता बदलाव का निर्णय लेगी और विकास एवं सुशासन की दिशा में आगे बढ़ेगी।

### गैस सिलेंडर लदे ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

**पूर्वी सिंहभूम :** मानगो थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें इलाज के दौरान सोमवार को महिला की मौत हो गई। घटना जवाहरनगर रोड नंबर 13 के सामने हुई, जहां इंडेन गैस सिलेंडरों से लदा एक ट्रक स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दिया। हादसे के वक्त स्कूटी पर सवार जावेद मसूद, जो करीम सिटी कॉलेज में लाइब्रेरियन हैं, अपनी पत्नी सबीहा खातून (54) के साथ घर लौट रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े, जिससे सबीहा खातून गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को मानगो स्थित दया अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार सुबह सबीहा खातून ने दम तोड़ दिया। बेटे शहबाज ने बताया कि जब वह अस्पताल पहुंचे, तब उनकी मां को कमर और हाथ में गंभीर चोटें आई थीं। इधर, हादसे के बाद मानगो थाना पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 'लाल दिवस' की धूम नन्हे बच्चों ने बिखेरी लाल रंग की छटा



**झुमरी तिलैया :** स्थानीय मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आज नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए 'लाल दिवस' का भव्य और रंगारंग आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में पीजी से लेकर केजी-क्क तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर लाल रंग के उत्साह से सराबोर नजर आया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य खेल-खेल में नन्हे बच्चों को प्राथमिक रंगों, विशेषकर 'लाल रंग' की पहचान कराना और उनके प्रति उनकी रुचि जागृत करना था। इस अवसर पर बच्चे और शिक्षिकाएं लाल रंग के परिधानों में विद्यालय आए, जिससे वातावरण अत्यंत आकर्षक और जीवंत हो उठा। कक्षाओं को लाल गुब्बारों, रिबन और विभिन्न लाल वस्तुओं से कलात्मक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने साथ लाए गए लाल रंग के फलों (जैसे सेब, अनार), सब्जियों (टमाटर), खिलौनों और अन्य वस्तुओं के माध्यम से रंग की पहचान करना सीखा। शिक्षिकाओं ने कहानी, कविता और रोचक खेलों के जरिए बच्चों को लाल रंग का महत्व समझाया। इसके साथ ही, बच्चों ने लाल रंग से पेंटिंग और चित्रकारी कर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया और दिन का भरपूर आनंद उठाया। विद्यालय के प्राचार्य गुरु चरण वर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को सरल बनाते हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि करते हैं। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षिकाओं के समर्पित प्रयासों की प्रशंसा की। वहीं, विद्यालय की निदेशिका संगीता शर्मा ने अपने संदेश में कहा, ्रबचपन सीखने की सबसे सुनहरी और महत्वपूर्ण अवस्था है। ह्यलाल दिवसह्ण जैसे आयोजन बच्चों की कल्पनाशक्ति, अवलोकन क्षमता और रंगों की समझ को विकसित करने में सहायक होते हैं। मॉडर्न पब्लिक स्कूल सदैव गतिविधि-आधारित शिक्षा के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### सड़क हादसे में पांच घायल, तीन की हालत नाजुक

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के पोटका थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक मारुति 800 कार और 609 मालवाहक ट्रक के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। यह दुर्घटना टाटा-हाता मुख्य मार्ग पर तुड़ी दास धर्मकांटा के पास सुबह में हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन पलट गए और कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कुल पांच लोग घायल हुए हैं। इनमें कार सवार तीन युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि ट्रक चालक और खलासी को भी चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार परसुडीह थाना क्षेत्र के तुपुडांग निवासी विक्की भूमिज, सन्नी गागराई और कार्तिक सामाद कार से जमशेदपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पोटका थाना प्रभारी सन्नी टोप्पो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को एम्बुलेंस से सदर अस्पताल, जमशेदपुर भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार कार सवार तीनों युवकों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर सड़क से हटाया, जिससे यातायात सामान्य हो सका। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार या तकनीकी खराबी होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## संक्षिप्त डायरी

### मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा के दौरान छात्रा बेहोश, अस्पताल में भर्ती

**पटना (एजेंसी)** मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा के दौरान एक छात्रा अचानक बेहोश हो गई, जिससे परीक्षा हॉल में अफरा-तफरी मच गई. प्लस टू श्री सुंदर उच्च विद्यालय, मुक्तापुर परीक्षा केंद्र पर सोमवार को मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा के दौरान एक छात्रा अचानक बेहोश हो गई, जिससे परीक्षा हॉल में अफरा-तफरी मच गई. केंद्र प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया. परीक्षा के दौरान बिगड़ी तबीयत बेहोश हुई छात्रा की पहचान राखी कुमारी के रूप में हुई है, जो भोला शंकर झा की पुत्री है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वह सामान्य रूप से परीक्षा दे रही थी. इसी दौरान उसे अचानक चक्कर आया और वह अपनी सीट से नीचे गिरकर बेहोश हो गई. घटना से परीक्षा हॉल में मौजूद परीक्षार्थियों और वीक्षकों में हड़कंप मच गया. केंद्र प्रशासन ने दिखाई तत्परता सूचना मिलते ही उप केंद्राधीक्षक मोहम्मद सुल्तान मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला. उन्होंने बिना देर किए छात्रा को प्राथमिक उपचार दिया और उसके परिजनों को सूचना दी. इसके बाद छात्रा को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. लीवर की समस्या बनी कारण अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि छात्रा लीवर में सूजन की समस्या से पीड़ित है, जिसके कारण उसे अचानक कमजोरी और बेहोशी महसूस हुई. फिलहाल छात्रा की स्थिति स्थिर बताई जा रही है और उसका इलाज जारी है.

### पटना में कैसा रहेगा मौसम, 40 से 50 किमी प्रति घंटे रफ्तार से चल सकती है हवायें

**पटना (एजेंसी)** मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूवार्नुमान के अनुसार सोमवार को जिले में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे. कुछ इलाकों में गरज के साथ हल्की बारिश की भी संभावना जताई गई है. पटना और आसपास के मौसम में आज बदलाव देखने को मिलेगा. मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूवार्नुमान के अनुसार सोमवार को जिले में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे. इस दौरान कुछ इलाकों में गरज के साथ हल्की बारिश भी हो सकती है. अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना वहीं 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवायें चलने की भी संभावना जताई गयी है. इसके अलावा शहर का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है. रविवार को छाये रहे बादल मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि मौसम में यह बदलाव अगले एक-दो दिनों तक देखने को मिल सकता है. वहीं, रविवार को भी अधिकांश समय बादल छाया रहा. शहर का अधिकतम तापमान 29.4 और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

### बेगूसराय में कैसा रहेगा आज का मौसम, कुछ जगहों पर बारिश का अनुमान

**पटना (एजेंसी)** मौसम विभाग ने बेगूसराय में मौसम को मिलाजुला रहने का अनुमान बताया है. जिले में अगले चार दिनों तक अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है. बेगूसराय में आज का मौसम मिलाजुला रहने वाला है. भारतीय मौसम विभाग की ओर से जारी पूवार्नुमान के अनुसार बेगूसराय में हल्के बादल छाए रह सकते हैं. जिले में अगले चार दिनों तक अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान जताया गया है. जिले में कुछ जगह बारिश का अनुमान हालांकि जिले में एक-दो जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है. जहां तक बेगूसराय शहर की बात है, तो यहां मौसम में थोड़ी नमी रहेगी. अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है. मौसम का कुछ ऐसा ही हाल अगले तीन से चार दिनों तक बना रह सकता.

### सोनपुर के बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की लगी भक्तों की भीड़, दिनभर रहेगा दर्शन

**पटना (एजेंसी)** बिहार के सारण जिला के सोनपुर का बाबा हरिहरनाथ मंदिर ,दिघवारा का अंबिका भवानी मंदिर और छपरा के प्रसिद्ध बाबा धर्मनाथ मंदिर में आज के आरती,दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचने की संभावना हैं. इसको देखते हुए मंदिर प्रशासन ने आरती ,पट खुलने और पूजा के लिए समय जारी कर दिया है. सभी श्रद्धालुओं के लिए ब्रह्म मुहूर्त से ही दर्शन शुरू रहेंगे. बिहार के सारण जिला के सोनपुर के प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना को लेकर लगी भक्तों की भीड़, दिनभर रहेगा दर्शन का अवसर. भक्तों से आग्रह है कि समय से दर्शन करें. मंदिर प्रशासन ने समय सारणी को लेकर क्या कहा? सारण के सभी मंदिर में आरती दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचने की संभावना हैं. इसको देखते हुए बाबा हरिहरनाथ मंदिर प्रशासन ने आरती,पट खुलने और पूजा अर्चना के लिए समय जारी कर दिया है. आप सभी श्रद्धालुओं के लिए ब्रह्म मुहूर्त से ही दर्शन शुरू होंगे. सारण जिले के बिभिन्न मंदिरों की समय सारणी क्या है? सुप्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर सोनपुर की समय सारणी क्या है? मंदिर प्रशासन के अनुसार पट रोजाना सुबह 4 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक भक्तों के दर्शन के लिए खुला रहता है. सुबह का आरती रोजाना सुबह 5 बजे होता हैं. दिघवारा का अंबिका भवानी मंदिर में पूजा-दर्शन की समय सारणी क्या है? मंदिर प्रशासन के अनुसार पट रोजाना सुबह 4 बजे से रात 8:30 बजे तक भक्तों के दर्शन के लिए खुलता है. सुबह का आरती रोजाना सुबह 5 बजे होता हैं. छपरा के प्रसिद्ध बाबा धर्मनाथ मंदिर में पूजा-दर्शन की समय सारणी क्या है? मंदिर प्रशासन के अनुसार पट रोजाना सुबह 4:30 बजे से रात 9 बजे तक भक्तों के लिए खुला रहता हैं.सुबह का आरती रोजाना सुबह 5:30 बजे होता हैं. मंदिर प्रशासन ने भक्तों से निर्धारित समय का पालन करने और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है. ताकि सभी श्रद्धालु सुचारु रूप से आरती एवं पूजा का आनंद ले सकें.

### हाजीपुर में आज क्या खास? जनगणना से लेकर कई परीक्षाएं शुरू

**पटना (एजेंसी)** हाजीपुर में जनगणना के तहत मकान सूचीकरण कार्य किया जाएगा. साथ ही मैट्रिक-इंटर कंपार्टमेंटल परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं. प्रशासन ने इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं. शहर में आज यानि सोमवार को प्रशासनिक और शैक्षणिक गतिविधियां काफी व्यस्त रहने वाला है. जिले के अलग-अलग प्रखंडों और परीक्षा केंद्रों पर महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.आज कई अहम कार्यक्रम होने वाले हैं. जिनसे छात्र, आम लोग और प्रशासनिक गतिविधियां सीधे तौर पर जुड़ी रहेंगी. अलग-अलग जगहों पर होने वाले इन कार्यक्रमों में लोगों की भागीदारी भी अहम मानी जा रही है. जिले के विभिन्न प्रखंडों में आज जनगणना कार्य के अंतर्गत मकान सूचीकरण किया जाएगा. इस अभियान के तहत घर-घर जाकर जानकारी जुटाई जाएगी. जिससे भविष्य की योजनाओं के लिए सटीक डेटा तैयार किया जा सके. मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा जिले के पांच परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी. परीक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं. इंटर कंपार्टमेंटल परीक्षा इसके साथ ही जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर इंटरमीडिएट कंपार्टमेंटल परीक्षा भी आयोजित की जा रही है.

# दिल्ली से पटना लौटे सम्राट चौधरी, 7 मई के बाद बिहार कैबिनेट विस्तार संभव

## एनडीए के घटक दलों के बीच कैबिनेट का फॉमूर्ला



**पटना (एजेंसी)** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज दिल्ली से पटना लौट रहे हैं. माना जा रहा है कि वे अपने साथ कुछ मंत्रियों की लिस्ट भी लेकर आ रहे हैं. दिल्ली में उन्होंने एनडीए के कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात की थी. संभावना जताई जा रही है कि 7 मई के बाद कैबिनेट का विस्तार हो सकता है.

बिहार में कैबिनेट विस्तार को लेकर सियासी हलचल तेज है. इस बीच आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दिल्ली दौरे के बाद दोपहर 12.30 बजे पटना लौट रहे हैं. ऐसा माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर उन्हें भाजपा के अलावा एनडीए के घटक दलों के शीर्ष नेताओं से सहमति मिल गई है. भाजपा ने अपने कोटे से होने वाले संभावित मंत्रियों के नाम तय कर लिए हैं. चिराग-मांझी-कुशवाहा के कितने मंत्री हो सकते हैं? दिल्ली में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हम के प्रमुख जीतन राम मांझी और लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान से भी मुलाकात की थी. नयी सरकार में चिराग पासवान की पार्टी से दो मंत्री हो सकते हैं जबकि जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी से एक-एक मंत्री पद मिलने की संभावना है. ऐसा माना जा रहा है कि दिल्ली दौरे के क्रम में मंत्रियों के नाम पर मुहर लगा दी गई है. उसकी लिस्ट तैयार हो चुकी है. नयी कैबिनेट का फॉमूर्ला तय जानकारी के अनुसार, नयी कैबिनेट का फॉमूर्ला तय हो चुका है. भाजपा और जदयू इस गठबंधन में सबसे बड़े दावेदार हैं. दोनों पार्टियों की हिस्सेदारी 15-15 ह्यमिनिस्ट्रियल बर्थह्न की होगी. दोनों पार्टियों की ओर से अपने-अपने दलों के मंत्रियों के नाम तय कर दिए गए हैं. सूत्रों ने बताया कि, पहले नीतीश सरकार की कैबिनेट में जो चेहरे शामिल थे, कमोबेश वैसी ही स्थिति रहेगी. सामाजिक संतुलन के साथ पार्टी के जनाधार वाले इलाकों के हिसाब भी मंत्रिमंडल का आधार होगा. मंत्री बनने की लालसा में पूजा-पाठ कई ऐसे विधायक हैं जो मंत्री बनने के लिए देवताओं की अराधना कर रहे हैं. वे अपने ग्रह-नक्षत्र के मुताबिक पुरोहित की सलाह पर पूजा-पाठ कर रहे हैं. कुछ विधायक तो विंध्याचल, देवघर, बनारस के बाबा विश्वनाथ मंदिर के दर्शन के लिए निकल गए हैं. अब देखना है कि मंत्रिमंडल विस्तार में उन्हें इसका फल मिल पाता है या नहीं. कब तक हो सकता है कैबिनेट का विस्तार? सूत्रों की माने तो, पश्चिम बंगाल में अगर चुनाव नतीजे भाजपा के पक्ष में जाते हैं, तो बिहार में मंत्रिमंडल का गठन 7 मई के बाद होगा. अगर इसकी तस्वीर बदली तो बिहार में शपथ ग्रहण की तारीख भी बदल सकती है.

## बिहार के 'कश्मीर' में निशांत कुमार ने की जंगल सफारी



**पटना (एजेंसी)** जदयू नेता निशांत कुमार ने बिहार के 'कश्मीर' वाल्मीकि नगर में जंगल सफारी का लुत्फ उठाया. वन्य जीवों को करीब से देख गदगद हुए निशांत ने नरदेवी और महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की खुशहाली की कामना की. बिहार का कश्मीर कहे जाने वाले वाल्मीकि नगर में सोमवार की सुबह जदयू नेता निशांत कुमार के लिए बेहद खास रही. अपनी सद्भाव यात्रा के दौरान उन्होंने वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (VTR) की प्राकृतिक सुंदरता के बीच जंगल सफारी का आनंद लिया. घने जंगलों और शांत वातावरण के बीच वन्य जीवों को देख वे काफी उत्साहित नजर आए. भालू, हिरण और मोर का हुआ दीदार सफारी के दौरान निशांत कुमार को प्रकृति और वन्य जीवन के अद्भुत दृश्य देखने को मिले. उन्होंने जंगल के बीच स्वतंत्र विचरण करते हुए हिरण, मोर, भालू और जंगली सूअरों को काफी करीब से देखा. इन वन्य जीवों को देख उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वाल्मीकि नगर की जैव विविधता अद्वितीय है. वन विभाग के अधिकारियों ने सफारी के दौरान उन्हें संरक्षण के प्रयासों की जानकारी दी, जिसकी उन्होंने सराहना की. उन्होंने इस क्षेत्र को पर्यटन और रोजगार की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया. नरदेवी और कालेश्वर मंदिर में टेका मत्था प्रकृति के सान्निध्य के साथ-साथ निशांत कुमार ने क्षेत्र की आध्यात्मिक विरासत का भी सम्मान किया. ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार माता सीता के पाताल लोक गमन की इस भूमि पर उन्होंने प्रसिद्ध नरदेवी मंदिर और महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की. उन्होंने जटाशंकर और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन कर राज्य की सुख-शांति की कामना की. निशांत कुमार ने कहा कि वाल्मीकि नगर का यह क्षेत्र आस्था और पर्यावरण का अनूठा संगम है, जिसे हर बिहारी को एक बार जरूर देखना चाहिए.

## बक्सर के सदर अस्पताल का ड्यूटी चार्ट, जानिए पूरा समय

**पटना (एजेंसी)** बक्सर के सदर अस्पताल में जेनरल ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर के 2 बजे तक और शाम 4 बजे से 6 बजे तक रहेगा. जबकि सर्जरी ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर के 2 बजे तक और शाम 4 बजे से 6 बजे तक रहेगा बक्सर के सदर अस्पताल में सोमवार को रहने वाले डॉक्टरों के ड्यूटी का समय आ चुका है. जिसमें जेनरल ओपीडी, सर्जरी ओपीडी, एमसीडी ओपीडी, ऑर्थो, सुबह इमरेजेसी, रात इमरेजेसी और पोस्टमार्टम का समय शामिल है. जेनरल ओपीडी का समय जिले के सदर अस्पताल में जेनरल ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर के 2 बजे तक और शाम 4 बजे से 6 बजे तक रहेगा. इस दौरान डॉक्टर एस सी मिश्रा ड्यूटी पर रहेंगे. सर्जरी ओपीडी का समय सर्जरी ओपीडी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर के 2 बजे तक और शाम 4 बजे से 6 बजे तक रहेगा. इस दौरान डॉक्टर संजय पासवान लोगों का इलाज करेंगे. वहीं आयुष विभाग में डॉक्टर इरफान बैठेंगे. जिसका समय सुबह 9 बजे से दोपहर के 2 बजे तक और शाम 4 बजे से 6 बजे तक रहेगा. एमसीडी ओपीडी में डॉक्टर संजय कुमार सुबह 9 बजे से दोपहर के 2 बजे तक और शाम 4 बजे से 6 बजे तक रहेंगे, वहीं सुबह के इमरजेंसी में डाक्टर अमीत और डाक्टर एस पासवान लोगों का इलाज करेंगे और शाम के इमरजेंसी में डाक्टर संजय सिंह रहेंगे. जिसका समय शाम 3 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा. रात के इमरजेंसी का समय रात 9 बजे से सुबह के 9 बजे तक रहेगा. इस दौरान डॉक्टर आरके भारती ड्यूटी में रहेंगे. पोस्टमार्टम का समय पोस्टमार्टम में सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक डॉक्टर अमलेश कुमार और रात 8 बजे से अगली सुबह 8 बजे तक डाक्टर विंध्याचल रहेंगे.

## हर-हर महादेव से गूंजा पातालेश्वर बाबा का दरबार, सुबह से लगी भक्तों की भीड़



**पटना (एजेंसी)** हाजीपुर के प्रसिद्ध नगर महादेव बाबा पातालेश्वर नाथ मंदिर में सोमवार को भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है. मंदिर का पट सुबह से रात तक खुला रहेगा. जिससे श्रद्धालु दिनभर दर्शन और पूजा-अर्चना कर सकेंगे. शरह के प्रसिद्ध नगर महादेव बाबा पातालेश्वर नाथ मंदिर में सोमवार को भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है. मंदिर का पट सुबह से रात तक खुला रहेगा. जिससे श्रद्धालु दिनभर दर्शन और पूजा-अर्चना कर सकेंगे. सावन जैसा माहौल भले न हो, लेकिन सोमवार आते ही हाजीपुर में भक्तों की आस्था काफी ज्यादा देखने की मिलती है. सुबह होते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है. हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठाता है. सोमवार सुबह करीब पांच बजे मंदिर के पुजारी पंडित ने बाबा पातालेश्वर की आरती की. जिसके बाद जलाभिषेक शुरू हो गया. सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे हैं. पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की भी अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है. इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से रुद्राभिषेक पूजा कराई. वहीं शहर और गांवों से आए लोगों ने सत्यनारायण भगवान की पूजा भी की. ढाई बजे बंद होगा गर्भगृह मंदिर प्रशासन के अनुसार, दोपहर करीब ढाई बजे आरती के बाद गर्भगृह को बंद कर दिया जाएगा. इसके बाद शाम 5 बजे दोबारा पट खोले जाएंगे. शाम 7 बजे से पुजारी द्वारा भव्य आरती की जाएगी. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है. आरती के बाद फिर गर्भगृह बंद कर दिया जाएगा. श्रद्धालुओं के लिए सूचना मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय के अनुसार दर्शन के लिए पहुंचें. जिससे व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें. हाजीपुर के पातालेश्वर नाथ मंदिर में आज भक्तों के लिए पूरे दिन दर्शन का अवसर है.जहां सुबह और शाम की आरती में शामिल होकर श्रद्धालु विशेष पूजा का लाभ ले सकते हैं.

## बाबूबरही रेलवे हॉल्ट पर उतरते समय गिरा यात्री, ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत



**पटना (एजेंसी)** मधुबनी के सरदार वल्लभ भाई पटेल हॉल्ट पर सोमवार को ट्रेन से उतरते समय पैर फिसलने से एक यात्री की कटकर मौत हो गई. मृतक की पहचान खुटौना के राज कुमार राम के रूप में हुई है, जो ससुराल से लौट रहे थे. : बाबूबरही लौकहा-झंझारपुर रेलखंड पर सोमवार को एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है. बाबूबरही थाना क्षेत्र स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल हॉल्ट पर एक यात्री की ट्रेन से उतरने के दौरान कटकर मौत हो गई. इस घटना के बाद स्टेशन परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा. मृतक की पहचान खुटौना प्रखंड के सिकटीयाही गांव निवासी राम प्रसाद राम के 45 वर्षीय पुत्र राज कुमार राम के रूप में की गई है. ससुराल से घर लौट रहे थे राज कुमार प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज कुमार राम सोमवार को अपने ससुराल से घर लौट रहे थे. उन्होंने लौकहा की ओर से आने वाली ट्रेन पकड़ी थी. जैसे ही ट्रेन सरदार वल्लभ भाई पटेल हॉल्ट पर रुकी, राज कुमार जल्दबाजी में नीचे उतरने लगे. इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने के कारण वह सीधे ट्रेन के पहियों के नीचे आ गए. ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई. परिजनों में मचा कोहराम वहाँ मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा इतना अचानक हुआ कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला. स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना जीआरपी और बाबूबरही थाना पुलिस को दी. मामले की छानबीन जारी पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया और कागजी कार्रवाई शुरू की. इधर, घटना की खबर मिलते ही मृतक के गांव सिकटीयाही में मातम पसर गया है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन कर रही है.

## बिहार मंत्रिमंडल विस्तार की हलचल तेज



**पटना (एजेंसी)** बिहार में कैबिनेट विस्तार को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है. चंपारण से रेणु देवी, नारायण प्रसाद, विनय बिहारी और जदयू के समृद्ध वर्मा के नाम मंत्री पद की रेस में सबसे आगे हैं. जानिए क्या हैं इनके समीकरण. जानिए खबर विस्तार से... बिहार में नई सरकार के गठन के बाद अब सबकी निगाहें मंत्रिमंडल विस्तार पर टिकी हैं. दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व के साथ मुख्यमंत्री की बैठकों के बाद संभावित मंत्रियों के नामों पर मंथन अंतिम चरण में है. इस सियासी हलचल के बीच पश्चिम चंपारण जिले से चार प्रमुख चेहरों के नाम चर्चा में हैं, जो जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों में फिट बैठ रहे हैं. इनमें पूर्व डिप्टी सीएम रेणु देवी से लेकर जदयू के युवा चेहरे समृद्ध वर्मा तक शामिल हैं. अनुभव और संगठन की पसंद भाजपा की वरिष्ठ नेता और राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री रहीं रेणु देवी इस रेस में सबसे आगे मानी जा रही हैं. बेतिया से 22 हजार से अधिक मतों से जीत दर्ज करने वाली रेणु देवी का संगठनात्मक कद काफी ऊंचा है. वहीं, नौतन से लगातार तीन बार के विधायक नारायण प्रसाद भी मजबूत दावेदार हैं. 1985 से राजनीति में सक्रिय नारायण प्रसाद 2025 की सरकार में आपदा प्रबंधन मंत्री रह चुके हैं. उनकी प्रशासनिक पकड़ और अनुभव उन्हें दोबारा कैबिनेट में जगह दिलाने के लिए पर्याप्त माना जा रहा है. विनय बिहारी और समृद्ध वर्मा की चर्चा लौरिया विधानसभा से चार बार के विधायक विनय बिहारी अपनी सांस्कृतिक पहचान और राजनीतिक पकड़ के लिए जाने जाते हैं. पूर्व कला एवं संस्कृति मंत्री रहे विनय बिहारी ने इस बार 27 हजार वोटों के अंतर से जीत हासिल की है. दूसरी ओर, जदयू के इकलौते जिला विधायक समृद्ध वर्मा ने सिकटा सीट से 47 हजार मतों की रिकॉर्ड जीत दर्ज कर सबको चौंका दिया है. युवा नेतृत्व और जदयू के एकमात्र प्रतिनिधि होने के नाते समृद्ध वर्मा का नाम भी मंत्री पद की दौड़ में तेजी से उछल रहा है. क्षेत्रीय और जातीय संतुलन पर जोर राजनीतिक जानकारों की मानें तो इस बार मंत्रिमंडल में अनुभव और युवा जोश का मिश्रण देखने को मिल सकता है. चंपारण क्षेत्र सामरिक और राजनीतिक रूप से काफी अहम है, ऐसे में एनडीए गठबंधन यहाँ से कम से कम दो चेहरों को कैबिनेट में जगह देकर संतुलन बनाने की कोशिश करेगा. हालांकि, अंतिम मुहर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा ही लगाई जानी है.

## विधायक अनंत सिंह का नया अंदाज वायरल, देर रात कार्यक्रम का लिया मजा



**पटना (एजेंसी)** मोकामा के विधायक अनंत सिंह का अंदाज एक बार फिर वायरल हो रहा है. अनंत सिंह एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गोपालगंज पहुंचे थे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया. इस दौरान बार-बाला के डांस का भी आयोजन किया गया था, जहां उनके समर्थक डांसर पर नोट उड़ाते दिखे. मोकामा के विधायक अनंत सिंह एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं. अनंत सिंह गोपालगंज पहुंचे थे, जहां समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया. इस दौरान एक कार्यक्रम में वे शामिल हुए, जिसका वीडियो वायरल हो रहा. वीडियो में देखा गया कि बार-बाला के डांस का आयोजन किया गया था. इस दौरान अनंत सिंह के समर्थक भी मौजूद रहे. देर रात अनंत सिंह ने कार्यक्रम का आनंद उठाया. डांसर पर समर्थकों ने उड़ाए नोट वीडियो में अनंत सिंह के समर्थक डांसर पर नोट उड़ाते हुए भी दिखे. इस मामले को लेकर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. लेकिन स्थानीय स्तर पर यह वीडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है और तेजी से शेयर किया जा रहा है. पारिवारिक कार्यक्रम में पहुंचे थे अनंत सिंह जानकारी के अनुसार, अनंत सिंह मीरगंज थाना इलाके के सेमराव गांव में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे. उनका काफिला सिवान के अमलोरी मार्ग से होते हुए गोपालगंज जिले में दाखिल हुआ. जैसे ही काफिला मटिहानी मोड़ पहुंचा, पहले से मौजूद समर्थकों ने जोरदार स्वागत शुरू कर दिया. इस दौरान छोटे सिंह, बिन्नू सिंह, रंजीत कुमार उर्फ मुन्नू बाबू, रतन सिंह, अमरेश राय, बिल्टू बाबू और टिंकू बाबू समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे. अनंत सिंह के काफिले की चर्चा तेज इस दौरान समर्थकों ने अनंत सिंह पर फूल बरसाए और पूरे सम्मान के साथ भव्य स्वागत किया. सबसे ज्यादा चर्चा उनके लंबे काफिले की हो रही. बताया जा रहा है कि करीब 100 से अधिक गाड़ियों के साथ अनंत सिंह पहुंचे थे. सड़क पर गाड़ियों की लंबी लाइन देखने को मिली. काफिले के साथ चल रहे समर्थक लगातार अनंत सिंह जिंदाबाद और छोटे सरकार जिंदाबाद के नारे लगाते रहे. मटिहानी मोड़ पर कुछ देर तक मेले जैसा नजारा बना रहा.

# क्या आप भी घर के आंगन को देना चाहती है खूबसूरत लुक, तो इन बेकार चीजों का इस तरह करें इस्तेमाल



हर कोई अपने घर को सुंदर बनाना चाहता है। ऐसे में घर को खूबसूरत बनाने के लिए हर छोटी-छोटी बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। अगर आप भी अपने घर के आंगन को आकर्षक बनाना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको कुछ टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप घर के उस हिस्से को सजा सकते हैं जहां सबसे ज्यादा लोग आते-जाते हैं।

### अपने यार्ड को ऐसे बनाएं खूबसूरत

आंगन घर की सुंदरता में चार चांद लगा देता है। इसे खूबसूरत बनाने के लिए आप कई तरह के पौधे, फूल और सजावटी सामान का इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे पहले आप किसी भी दुकान या नर्सरी से रंग-बिरंगे फूलों के गमले लाकर अपने घर के आंगन में रख सकते हैं। आजकल बाजार में सजावट के लिए भी एक से एक पौधे आसानी से उपलब्ध हैं।

### दीवारों पर बेलें लगाएँ

आप आंगन की दीवारों को सुंदर बनाने के लिए मनी प्लांट, मोगरा जैसी कई सुगंधित लताएं लगा सकते हैं। इससे आंगन की दीवारें चमक उठेंगी। आप आंगन के बाहर बाउंड्री पर नींबू, संतरा या आम जैसे छोटे पेड़ लगा सकते हैं। यह पेड़ आपके यार्ड को हरा-भरा बना देगा और घर आने वाले सभी मेहमान आपके यार्ड की तारीफ करने लगेंगे।

### आँगन में एक सुन्दर झूला लगाओ

इतना ही नहीं, आप अपने यार्ड में एक छोटा सा फव्वारा भी स्थापित कर सकते हैं। यह आपके घर में शांति और सुन्दरता ला सकता है। इसके अलावा आप आंगन में छोटा सा सुंदर झूला या बेंच लगा सकते हैं ताकि आप शांति से बैठ सकें या झूले में झूलकर प्रकृति का आनंद ले सकें। यहां बैठने से आपको आराम मिलेगा।

### बांस की छड़ियों का उपयोग करें

आप शाम के समय अपने आँगन में रोशनी या लैंप का उपयोग कर सकते हैं। इससे पूरा प्रांगण रोशन हो जाएगा। आप अपने आँगन को पत्थरों से सजा सकते हैं। इसके अलावा, सजावट के लिए भी बांस की छड़ियों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

### प्रतिदिन यार्ड साफ करें

इन सभी सुझावों के अलावा आपको अपने यार्ड को रोजाना साफ करना चाहिए और पौधों को पानी देना चाहिए। यदि आप ऐसा करेंगे तो आपका यार्ड हरा-भरा और सुंदर दिखेगा। ये सभी टिप्स आपके यार्ड को सुंदर बनाने में आपकी मदद करेंगे।



# घर को मिलेगा अमीरों वाला रॉयल लुक, इन 4 ट्रिक्स से हमेशा साफ-सुथरा दिखेगा हर कोना

**हर किसी का सपना होता है कि उसका घर न केवल आरामदायक हो, बल्कि उसका लुक भी रॉयल और शानदार हो। खासकर जब बात सफाई और सजा-संवारा की हो, तो यह महत्वपूर्ण होता है कि घर का हर कोना हमेशा साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखे। हालांकि, घर को हमेशा एक रॉयल लुक देना और उसे अच्छे से सजाना उतना कठिन भी नहीं है। कुछ आसान और प्रभावी ट्रिक्स के जरिए आप भी अपने घर को अमीरों जैसा दिखा सकते हैं। आइए जानते हैं उन 4 खास ट्रिक्स के बारे में, जो आपके घर को हमेशा साफ-सुथरा और शानदार बनाए रखेंगी।**

### 1. फर्नीचर की व्यवस्था और डिजाइन

घर के फर्नीचर की सही व्यवस्था और चयन रॉयल लुक पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कुछ बुनियादी फर्नीचर डिजाइनों को ध्यान में रखकर आप घर को रॉयल बना सकते हैं। जैसे:

क्लासिक और स्लीक फर्नीचर: अमीर घरों में हमेशा क्लासिक, एंटीक और स्लीक डिज़ाइन का फर्नीचर होता है। इसके लिए आप अपनी लाइविंग रूम में लकड़ी के सुरुचिपूर्ण सोफा सेट या मेटल और ग्लास के संयोजन वाले टेबल का चुनाव कर सकते हैं।

साफ-सुथरी व्यवस्था: फर्नीचर की व्यवस्था इस तरह करें कि घर में हवा का सही संचार हो और कमरे की विशालता बनी रहे। फर्नीचर का ओवरलोडिंग न करें और हर सामान को उसकी जगह पर व्यवस्थित रखें।

### 2. साफ-सफाई का ध्यान रखें

अमीर लोग हमेशा अपने घर की सफाई का विशेष ध्यान रखते हैं। घर को हमेशा साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखना रॉयल लुक में एक अहम योगदान देता है। कुछ टिप्स:

डेली क्लीनिंग रूटीन: घर के हर हिस्से को रोज़ाना साफ करने की आदत डालें। फ्लोर को अच्छे से धोने के लिए एक अच्छा क्लीनर इस्तेमाल करें और वाइप से टेबल, काउंटर और गद्दे साफ करें।

धूल-मिट्टी से बचाव: खिड़कियों और दरवाजों के पर्दों को नियमित रूप से धोएं ताकि धूल-मिट्टी का जमाव न हो। एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल भी कमरे को ताजगी से भर देता है।

### 3. हाई-एंड डेकोर और एक्सेसरीज़

रॉयल लुक पाने के लिए, घर में सही डेकोर और एक्सेसरीज का होना जरूरी है। कुछ महत्वपूर्ण चीजों का ध्यान रखें:

आर्ट पीस और वॉल पेंटिंग: दीवारों पर पेंटिंग या आर्ट पीस लगाना घर को रॉयल लुक देता है। अमीर घरों में अक्सर महंगे और अनोखे आर्टवर्क होते हैं, जिन्हें देखकर ही घर की भव्यता का अहसास होता है।

लक्ज़री लाइटिंग: अच्छे और भव्य लाइटिंग से घर की खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं। आप सोने के रंग के झूमर, क्रिस्टल लाइट्स या महंगे चांदी के लैंप का इस्तेमाल कर सकते हैं।

विंटर कुशन और थ्रो: सोफे पर रंग-बिरंगे, मुलायम और लक्ज़री फैब्रिक के कुशन और थ्रो रखें। यह न केवल सोफे को और आकर्षक बनाता है, बल्कि घर को भी रॉयल और आरामदायक लुक देता है।

### 4. रंगों का चुनाव और व्यवस्था

घर में सही रंगों का चुनाव भी उसकी सफाई और रॉयल लुक को बेहतर बना सकता है। अमीर घरों में रंगों का चयन बेहद ध्यान से किया जाता है, क्योंकि यह कमरे की खूबसूरती और शांति को बढ़ाता है।

लाइट और न्यूट्रल शेड्स: रॉयल लुक के लिए हलके रंग जैसे क्रीम, बेज, सफेद, हल्के गुलाबी या आइलिवन पिंक का चुनाव करें। इन रंगों से घर की जगह खुली और रोशन दिखेगी। इसके अलावा, डार्क टोन जैसे डार्क ग्रीन या ब्लू भी रॉयल लुक के लिए बेहतरीन होते हैं।

कलर्ड ऐक्सेंट्स: कमरे में थोड़े-बहुत रंग के ऐक्सेंट्स जैसे सजावटी वस्त्र, कुशन या दीवारों पर पेंटिंग्स भी रॉयल लुक को हाईलाइट करते हैं। इनसे कमरे की सुंदरता और विविधता में इजाफा होता है।

इन ट्रिक्स को अपनाकर आप अपने घर को एक रॉयल और क्लासी लुक दे सकते हैं, जो न केवल आपको बल्कि आपके मेहमानों को भी प्रभावित करेगा। सही फर्नीचर, अच्छी सफाई, खूबसूरत डेकोर और उपयुक्त रंगों के साथ, आपका घर हमेशा साफ-सुथरा और शानदार नजर आएगा। तो, तैयार हो जाइए अपने घर को अमीरों जैसा बनाने के लिए और उसे हर दिन रॉयल लुक में सजाने के लिए!



# क्या आप जानते हैं रोज 5 मिनट अनुलोम विलोम करने से क्या होता है? सेहतमंद बीतेगी जिंदगी, ऐसे करें अभ्यास

स्वस्थ रहने के लिए सभी स्वास्थ्य विशेषज्ञ उचित आहार के साथ-साथ योग और व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह देते हैं। अक्सर लोग यह सोचकर योग और व्यायाम से बचते हैं कि यह बहुत कठिन है या इसमें बहुत समय लगेगा। लेकिन, ऐसा बिल्कुल नहीं है। योग और प्राणायाम शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। अनुलोम-विलोम और कपालभाति प्राणायाम सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचाता है। क्या आप जानते हैं कि रोजाना 5 मिनट अनुलोम-विलोम और कपालभाति करने से क्या फायदा होता है और इसे करने का सही तरीका क्या है, आइए विशेषज्ञ से जानते हैं। योग विशेषज्ञ नताशा कपूर इस बारे में जानकारी दे रही हैं। वह एक प्रमाणित योग शिक्षिका हैं।

अगर आप रोजाना 5 मिनट अनुलोम-विलोम और कपालभाति करते हैं तो क्या होता है?

रोजाना 5 मिनट तक अनुलोम-विलोम और कपालभाति करने से मन शांत होता है। इससे तनाव दूर होता है और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।

यह पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है. जिन लोगों का पाचन तंत्र खराब है, उन्हें रोजाना 5 मिनट अनुलोम-विलोम और कपालभाति करना चाहिए।

कपालभाति प्राणायाम एसिडिटी, गैस और कब्ज को दूर करता है और पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है।

यह एकाग्रता और स्मरण शक्ति में सुधार करता है तथा चिंता से राहत देता है।

रोजाना 5 मिनट अनुलोम-विलोम करने से भी बीपी नियंत्रित रहता है। अगर आपका बीपी हाई रहता है तो आपको कपालभाति के बाद अनुलोम-विलोम जरूर करना चाहिए।

कपालभाति प्राणायाम करने से भी पेट की चर्बी कम होती है।

रोजाना 5 मिनट कपालभाति और अनुलोम-विलोम करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और चेहरे पर चमक आती है। इससे वजन भी कम होता है।

अगर आपको अच्छी नींद नहीं आती, शरीर हमेशा थका रहता है और मन शांत नहीं रहता तो ये दो प्राणायाम 5 मिनट तक करें।

रोजाना 5 मिनट कपालभाति और अनुलोम-विलोम करने से शरीर को ऊर्जा मिलती है और फेफड़ों और हृदय का स्वास्थ्य बेहतर होता है।

### उलटने का सही तरीका

इस प्राणायाम को करने के लिए आपको एक शांत जगह पर बैठना होगा।

आप इसे फर्श पर बैठकर या योग मैट के साथ बिस्तर पर बैठकर भी कर सकते हैं।

आपको इसे सुखासन या पद्मासन में बैठकर करना होगा।

यह करने के लिए बहुत आसान है।

सबसे पहले आपको अपने दाहिने अंगूठे को अपने दाहिने नथुने पर रखना होगा।

इसके बाद आपको दूसरे नथुने यानि बायें नथुने से सांस लेनी है।

सांस लेते समय इस नथुने को बंद कर लें और अपने अंगूठे को दाएं नथुने से हटाकर सांस छोड़ें।

अब केवल दाहिने नथुने से ही श्वास लें।

आपको इसे बायीं नासिका से बाहर निकालना होगा।

इस प्रक्रिया को इस प्रकार दोहराएँ।

याद रखें कि आपको उसी नथुने से दोबारा सांस लेनी है जिससे आपने सांस छोड़ी थी।

कपालभाति करने का सही तरीका

इस प्राणायाम को करने के लिए आपको सुखासन में बैठना होगा।

अपनी रीढ़ सीधी रखें.

पेट को ढीला छोड़ दें।

अब आपको तेजी से सांस बाहर छोड़नी है।

ऐसा करते समय आपका पेट अंदर की ओर खिंचना चाहिए और पेट पर दबाव महसूस होना चाहिए।

इसे कुछ समय तक दोहराएँ।

रोजाना 5 मिनट अनुलोम-विलोम और कपालभाति करने से आपको ये फायदे मिल सकते हैं। अगर आपको कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या है तो हमें लेख के ऊपर कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने लेखों के माध्यम से आपकी समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे।

# गर्मी में बर्फ की तरह पिघलेगी पेट और जांघों की चर्बी

## डाइट में सिर्फ इन 5 फूड्स को कर लें शामिल

महिलाएं घर और बाहर की जिम्मेदारियों में इतनी व्यस्त रहती हैं कि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पातीं। इसके अलावा, लंबे समय तक बैठे रहने से शारीरिक गतिविधियां भी कम हो रही हैं। इन कारणों से शरीर का वजन और चर्बी बढ़ने लगती है। शरीर की चर्बी न सिर्फ पर्सनालिटी खराब करती है, बल्कि कई तरह की समस्याएं भी पैदा करती है।

मोटापे के कारण शरीर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, गठिया, स्ट्रोक जैसी कई बीमारियां घर करने लगती हैं। ऐसे में अपने खान-पान और जीवनशैली में जरूरी बदलाव करना बेहद जरूरी है। इसके लिए रोजाना व्यायाम करना जरूरी है। हालांकि, कभी-कभी महिलाओं के लिए घर और ऑफिस के काम के बीच जिम जाने और व्यायाम करने के लिए समय निकालना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में ऐसे व्यायामों की जरूरत है, जो आसानी से और कम समय में किए जा सकें।

हम आपके लिए 4 ऐसी एक्सरसाइज लेकर आए हैं, जिन्हें करने के लिए आपको जिम जाने की भी जरूरत नहीं है, बल्कि आप घर पर ही थोड़ा-बहुत कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस एक दीवार की जरूरत है। आप ये व्यायाम दीवार के सहारे खड़े होकर आसानी से कर सकते हैं। फिटनेस एक्सपर्ट जूही कपूर हमें इनके बारे में बता रही हैं।

विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आपने अभी-अभी फिटनेस पर ध्यान देना शुरू किया है और आप आसान एक्सरसाइज की तलाश में हैं, तो आप दीवार के सहारे कुछ एक्सरसाइज कर सकते हैं। इससे आपको कई फायदे मिलते हैं। यह शरीर की कई मांसपेशियों पर काम करता है। इससे संतुलन और मुद्रा में सुधार होता है और पैर, हाथ और पेट की चर्बी कम होती है। इन एक्सरसाइज को रोजाना करने से शरीर में लचीलापन भी बढ़ता है। इसके अलावा यह फैट बर्न करने और पूरे शरीर को टोन करने में मदद करता है।

### दीवार पर मार्च

यह एक बहुत ही आसान और प्रभावी व्यायाम है जिसे आप घर पर दीवार की मदद से कर सकते हैं। यह पूरे शरीर को सक्रिय करता है और मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। यह एक कार्डियो व्यायाम है जो हृदय गति को बढ़ाता है और पैरों, जांघों और ग्लूट्स को मजबूत करता है।

### दीवार मार्चिंग के चरण

इसे करने के लिए दीवार की ओर मुंह करके अपने पैरों को थोड़ा अलग रखकर खड़े हो जाएं।

अपने दोनों हाथ सीधे दीवार पर रखें।

फिर उसी स्थान पर खड़े होकर बारी-बारी से पैरों को छाती की ओर ऊपर उठाएं, जैसे कि आप मार्च कर रहे हों।

इस व्यायाम को 50 बार दोहराएँ।

### दीवार मोड़

यह व्यायाम करना थोड़ा कठिन है, लेकिन इसे रोजाना करने से आप पूरे शरीर की चर्बी कम कर सकते हैं। इसके अलावा, यह व्यायाम कमर की मांसपेशियों को मजबूत करता है, रीढ़ को लचीला बनाता है, पाचन में सुधार करता है और तनाव को कम करता है।

### दीवार मोड़ने के चरण

इस व्यायाम को करने के लिए दीवार के पास खड़े हो जाएं।

अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई तक खोलें।

दोनों हाथ दीवार पर रखें।

कमर से शरीर को दाएं से बाएं ओर घुमाएं, जैसे आप कुर्सी घुमा रहे हों।


यह व्यायाम दूसरी तरफ से भी करें।

व्यायाम करते समय सांस अंदर और बाहर लें।

यह व्यायाम 50 बार करें।

दीवार पर उकड़ूँ बैठना

यह एक ऐसा व्यायाम है, जो न केवल आपके पैरों, जांघों और कूल्हों को मजबूत बनाता है, बल्कि पूरे शरीर को टोन करने में भी मदद करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ऐसा करने से अधिक कैलोरी बर्न होती है और मेटाबोलिज्म भी बढ़ता है। इसके अलावा यह तनाव को भी कम करता है।



# आईपीएल में आज होगा सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। दिल्ली का लक्ष्य जीत के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदें बनाये रखना रहेगा। दिल्ली ने अब तक खेले गए नौ मैचों में से चार में जीत हासिल की है जबकि उसे पांच में हार का सामना करना पड़ा है और वह अंक तालिका में सातवं स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर सीएसके ने अबतक नौ मैचों में चार जीत हासिल की है और वह भी 6 अंक लेकर छठे स्थान पर है। नेट रन रेट बेहतर होने के कारण वह दिल्ली से अंक तालिका में ऊपर है।

पिछले मैच में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मिली जीत से भी सीएसक टीम उत्साहित है। उसके कप्तान रुतुराज गायकवाड़ भी फार्म में आ गये हैं जिससे टीम की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। टीम के पास संजू सैसमन जैसा बल्लेबाज भी है। सैमसन ने अब तक दो शतक लगाये हैं। जहां तक गेंदबाजी की बात है दोनो ही टीमों के पास अच्छे गेंदबाज हैं। दिल्ली के पास मिचेल स्टार्क के अलावा कुलदीप यादव और टी नटराजन जैसे गेंदबाज हैं। वहीं सीएसके के पास अंशुल कंबोज और मुकेश चौधरी व नूर अहमद हैं।

अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी केएल राहुल के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स और पथुम निसांका पर आधारित रहेगी।

दोनो ही टीमों के बीच अबतक 32 मुकाबले हुए है, इनमें से दिल्ली कैपिटल्स ने 12 जबकि चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 मैच जीते हैं।




**टीम इस प्रकार है**

**चेन्नई सुपर किंग्सः** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान),संजू सैमसन (विकेटकीपर), उर्विल पटेल, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, जेमी ओवरटन, रामकृष्ण घोष, प्रशांत वीर, नूर अहमद, अंशुल कंबोज और मुकेश चौधरी, इम्पैक्ट प्लेयरः कार्तिक शर्मा

**दिल्ली कैपिटल्सः** अक्षर पटेल (कप्तान),केएल राहुल (विकेटकीपर), पथुम निसांका, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, नितीश राणा, आशुतोष शर्मा, काइल जैमीसन, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव और टी नटराजन, इम्पैक्ट प्लेयरः आशुतोष शर्मा

# आरसीबी को झटका, चोटिल होने के कारण इंग्लैंड वापस गये सॉल्ट



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेल रहे इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट चोटिल होने के कारण स्वदेश लौट गये हैं। माना जा रहा है कि कि सॉल्ट उंगली में लगी चोट की जांच और इलाके लिए अपने घर गये हैं। साल्ट के स्वदेश लौटने से आसीबी की बल्लेबाजी प्रभावित हुई है। इससे उनकी टीम आरसीबी की खिताब बचाने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सॉल्ट को यह चोट दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में लगी थी। बाउंड्री लाइन के पास एक शॉट लगाते समय उनकी बाएं हाथ की उंगली में काफी चोट आई थी। जिसके बाद से ही वह खेल से दूर हैं। चोट इतनी गंभीर हैं कि फ्रेंचाइजी को उन्हें जांच और इलाके लिए स्वदेश भेजना पड़ा।

आरसीबी ने अभी तक सॉल्ट की चोट की गंभीरता और उनके इंग्लैंड रवाना होने को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है, जिससे भी प्रशंसक साल्ट की वापसी को लेकर आशंकित हैं। सॉल्ट के बाहर होने से उनकी जगह पर इंग्लैंड के ही युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल को शीर्ष क्रम में अवसर मिला है। इस सत्र में साल्ट ने 6 पारियों में 168.33 के शानदार स्ट्राइक रेट से कुल 202 रन बनाए थे। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी ने विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाया था और टीम के मध्यक्रम के लिए एक मजबूत मंच तैयार किया था। उनकी अनुपस्थिति में टीम की शुरुआत धीमी पड़ रही है, जिसका सीधा असर कुल स्कोर पर दिख रहा है।रिपोर्ट के अनुसार, सॉल्ट और टीम मैनेजमेंट दोनों को उम्मीद है कि वह इस महीने के अंत तक भारत लौटकर टीम के साथ जुड़ सकते हैं, बशर्ते उनकी चोट की स्थिति में सुधार हो।

# अश्विन बोले, धोनी को अपनी गेंदबाजों पर रहता था पूरा भरोसा

**-मेरे लिए कभी फील्डिंग नहीं सजाई**

**चेन्नई (एजेंसी)।** पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि जितना भरोसा उनको गेंदबाजों पर रहता था उतना किसी और में नहीं देखा है। अश्विन ने धोनी की कप्तानी कौशल के लिए नहीं, बल्कि उनकी विकेटकीपिंग और खेल के प्रति स्पष्ट सोच के लिए है। अश्विन ने स्पष्ट किया कि उन्हें स्पिनरों के सामने धोनी जैसी विकेटकीपिंग करते हुए किसी और को नहीं देखा है।

अश्विन ने कहा कि लोग धोनी की शानदार कप्तानी की बहुत तारीफ करते हैं, और उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है, लेकिन उनके लिए धोनी की दो विशेषताएं सबसे अलग हैं। पहली, एक मध्य क्रम के बल्लेबाज के रूप में उनकी क्षमता, जो खेल को आखिर तक ले जाकर अनुकूल परिणाम में बदल सकते थे। और दूसरी, स्पिन गेंदबाजों के सामने उनकी अद्भुत विकेटकीपिंग, जिसमें उन्हें कोई सानी नहीं।अश्विन ने धोनी के अपनी गेंदबाजों पर भरोसे को भी याद किया। उन्होंने बताया, धोनी ने कभी मेरे लिए फील्डिंग नहीं सजाई। मैं अपनी फील्डिंग स्वयं जमाता था। धोनी उन्हें बस एक सरल सलाह देते थे- दोहरा अनुमान मत लगाओ। पहले से कुछ मत सोचो। अगर तुम्हारी गेंद पर कोई बड़ा शॉट लगता है, तो कोई बात नहीं। अगर कोई जोखिम लेता है तो लेने दो। बस अपनी तय फील्डिंग के हिसाब से गेंदबाजी करो। इस बात से अश्विन को महसूस होता था कि धोनी को उन पर पूरा विश्वास था।

इस भरोसे और धोनी की सजगता का एक उदाहरण देते हुए अश्विन ने 2011 के आईपीएल फाइनल को याद किया, जब धोनी ने क्रिस गेल को शून्य पर आउट करने के लिए स्टंप के पीछे एक शानदार कैच लपका था। अश्विन के अनुसार, आप मैच की रणनीति और विकेट गिरने के बारे में बात कर सकते हैं, लेकिन धोनी ने जिस तरह से वह कैच पकड़ा, वह वास्तव में लाजवाब था। अश्विन ने अपने आईपीएल करियर (2009-25) में कुल 221 मैचों में 187 विकेट लिए हैं, जो उनकी लंबी और सफल यात्रा का प्रमाण है।धोनी के साथ अपने अनुभवों के अलावा, अश्विन ने अपने स्वयं के आईपीएल करियर के उतार-चढ़ाव पर भी बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि 2018-19 में पंजाब किंग्स की कप्तानी करने के बावजूद, वह उस टीम के साथ पूरी तरह से जुड़ नहीं पाए। उन्होंने कहा, पंजाब ने मुझे 2018 में चुना और मैंने अपना पूरा प्रयास किया, लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि मैं उस टीम को वास्तव में अपनी टीम नहीं बना पाया। कप्तान के तौर पर शायद मैंने बहुत कुछ हासिल न किया हो, लेकिन इस दौरा मुझे सीखने को बहुत कुछ मिला।हालांकि, राजस्थान रॉयल्स के साथ बिताए अपने समय को अश्विन ने सबसे संतोषजनक बताया।

# पंजाब किंग्स को हराकर पांचवे नंबर पर पहुंची गुजरात, मुम्बई हुई बाहर

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में पंजाब किंग्स को हराकर अपनी प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखी हैं। गुजरात अब पांचवें स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं मुम्बई इंडियंस की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। पंजाब की टीम हार के बाद भी नंबर एक पर बनी हुई है। गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में साई सुदर्शन की 57 रनों की आक्रामक पारी से जीत हासिल की। गुजरात की गेंदबाजी भी हावी रही और उसने पंजाब को 163 रन ही बनाने दिये। इसके बाद जीत का लक्ष्य हासिल करने उतरी टाइटंस के लिए सुदर्शन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को अहम जीत दिलाई। अंक तालिका में पंजाब किंग्स नंबर एक पर बनी रही।



वहीं पंजाब किंग्स 9 मैचों में 6 जीत, 2 हार और एक मैच का परिणाम नहीं निकलने कारण 13 अंक लेकर शीर्ष पर बनी हुई है। वहीं, गुजरात टाइटंस, इस जीत के बाद 10 मैचों में 6 जीत दर्ज करते हुए 12 अंक लेकर अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गयी है। अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है, जिसने पंजाब जितने ही 9 मैच खेलकर 6 जीत और 3 हार के साथ 12 अंक हासिल किए हैं। इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स भी 12 अंकों के साथ ही तीसरे और चौथे स्थान पर बरकरार हैं। वहीं हैदराबाद ने 10 मैच खेले हैं और रॉयल्स को भी इतने ही मैचों में जीत मिली है। इन तीनों टीमों के बीच नेट रन रेट के आधार पर कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है, जो प्लेऑफ की दौड़ को और भी दिलचस्प बना रही है।

मध्य तालिका में चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों ने 9 मैच खेलकर 4 जीत दर्ज की हैं और 8 अंकों के साथ छठे व सातवें स्थान पर हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने 9 में से 3 मैच जीतकर 6 अंक हासिल किए हैं और आठवें स्थान पर है।

वहीं अंक तालिका में मुम्बई इंडियंस 9 मैचों में सिर्फ 2 जीत के साथ ही 4 अंक हैं और वह नौवें स्थान पर हैं। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए, मुंबई के लिए प्लेऑफ की रेस अब लगभग समाप्त हो चुकी है।वहीं सबसे निचले स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स है, जिसने 8 मैचों में केवल 2 जीत दर्ज की हैं और उसके भी 4 ही अंक हैं।

## चहल को एक ओवर दिये जाने से कैफ हैरान

नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने स्पिनर युजवेंद्र चहल को कम गेंदबाजी दिये जाने की पंजाब किंग्स की रणनीति पर सवाल उठाये हैं। ।कैफ के अनुसार पंजाब को चहल की क्षमताओं पर भरोसा बनाये रखना चाहिये।कैफ के अनुसार गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में जिस प्रकार से चहल को कम गेंदबाजी मिली उससे मुझे हैरानी हुई है।इस मैच में पंजाब किंग्स को हार का सामना करना पड़ा था।इस हार के बाद से ही पंजाब की गेंदबाजी रणनीति पर सवाल उठ खड़े हुए हैं।इसी को लेकर कैफ ने कहा था कि आईपीएल इतिहास के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक होने के बाद भी चहल को केवल एक ही ओवर दिये जाने पर उन्हें हैरानी हुई है जबकि वह अपनी कलात्मक लेग-स्पिन और विकेट लेने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं।कैफ के अनुसार चहल ने आईपीएल में कुल 228 विकेट लिए हैं और उनका नाम सबसे अधिक विकेट लेने वालों में शामिल है।इसमें से उन्होंने काफी विकेट चिन्नास्वामी स्टेडियम जैसी सपाट पिचों पर लिए थे जहां गेंदबाजों को काफी कम सहायता मिलती है।हालांकि, कैफ ने पिच की स्थितियों को भी ध्यान में रखा और स्वीकार किया कि शायद पिच पर घास मौजूद होने के कारण टीम की रणनीति प्रभावित हुई हो।

# जैनिक सिनर ने जीता मैड्रिड ओपन का खिताब, फाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया



मैड्रिड ।विश्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर मैड्रिड ओपन का खिताब अपने नाम किया।इटली के दिग्गज जैनिक सिनर ने जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 6-2 से हराकर, अपने करियर में पहला मैड्रिड ओपन का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ सिनर लगातार पांच एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब (पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे-कार्लो, मैड्रिड) जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। सिनर ने अब कैलेंडर पर मौजूद नौ मास्टर्स 1000 प्रतियोगिताओं में से आठ जीत लिए हैं; उनके कलेक्शन में केवल रोम का खिताब ही शेष है। सिनर अपने करियर में आठ अलग-अलग मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता जीतने वाले इतिहास के सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं; उनसे पहले यह कारनामा सिर्फ जोकोविच और रोजर फेडरर ही कर पाए थे।

# बीसीसीआई अब आईपीएल में क्रिकेटरों की गर्लफ्रेंड्स के रहने को लेकर सख्त नियम बनाने जा रहा

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स के रहने को लेकर सख्त नियम बनाने जा रहा है। बीसीसीआई ये कदम मुख्य रूप से भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों को रोकने, खिलाड़ियों की आचार संहिता को बनाए रखने और उनकी छवि को देखते हुए उठा रहा है।जहां भारतीय टीम के विदेशी दौरों के दौरान खिलाड़ियों की पत्नियों और परिवार के सदस्यों के साथ रहने को लेकर पिछले साल बोर्ड ने सख्त नियम बनये थे, वहीं आईपीएल में इस प्रकार के कोई नियम नहीं है जिसका लाभ खिलाड़ी उठा रहे हैं।आईपीएल में खिलाड़ियों की यात्रा और ठहरने की व्यवस्था की जिम्मेदारी आमतौर पर टीम मालिकों की होती है पर बोर्ड के पास इसमें हस्तक्षेप के अधिकार हैं। पिछले कुछ सत्र में कई खिलाड़ी अपनी गर्लफेंड्स के साथ यात्रा करते और होटलों में रुकते देखे गए हैं, जिससे बोर्ड नाराज हैं।बीसीसीआई इसलिए भी परेशान है क्योंकि कुछ खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स पर बेटिंग ऐप्स के लिए काम करने का संदेश है।यह भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन के साथ ही खेल की अखंडता के लिए खतरा है। इसके अतिरिक्त, कई युवा भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स सोशल मीडिया पर इन्फ्लुएंसर हैं और अपने पेज पर विभिन्न प्रोडक्ट्स, जिनमें बेटिंग ऐप्स और शराब ब्रांड्स भी शामिल हैं, का प्रचार करती हैं।ऐसे ब्रांड्स का प्रचार बीसीसीआई के नियमों के खिलाफ है और इससे गलत संदेश जाता है।बोर्ड नहीं चाहता कि भारतीय टीम के लिए खेलने वाले या भविष्य में खेलने की इच्छा रखने वाले किसी भी खिलाड़ी को ऐसी गतिविधियों से कोई परेशानी हो।कुछ खिलाड़ियों के फ्रेंचाइजी की बसों का अपनी गर्लफ्रेंड्स से मिलने के लिए इस्तेमाल करने के मामले भी सामने आए हैं, जिसे भी आचार संहिता का उल्लंघन माना गया है।




# एकजुट होकर प्रदर्शन करने से गुजरात टाइटंस को मिल रही सफलता : होल्डर

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली जीत पर उत्साहित होते हुए कहा है कि हमारी सफलता का कारण एक ईकाई के तौर पर खेलना रहा है। आईपीएल के इस मुकाबले में गुजरात ने अंक तालिका में नंबर एक पर चल रही पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया। होल्डर ने इस मैच में 4 ओवर में ही केवल 24 रन देकर 4 विकेट लिए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

होल्डर ने कहा कि टीम की सफलता का सबसे बड़ा कारण उसका एकजुट होकर खेलना रहा है। टीम किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं है। उन्होंने कहा, यही हमारी टीम का टेम्पलेट रहा है। हमारे पास मजबूत खिलाड़ी हैं और हर मुकाबले में अलग-अलग खिलाड़ी आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि टीम किसी एक स्टार खिलाड़ी पर निर्भर नहीं करती, बल्कि हर मैच में एक नया हीरो सामने आता है। इसी से टीम अब तक टिकी हुई है।



होल्डर ने साथ ही कहा, हमने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी नहीं किया है, फिर भी हम जीत हासिल कर रहे हैं। यह बयान टीम की गहराई और क्षमता को दर्शाता है। उनके अनुसार, टीम अभी अपनी क्षमता के शिखर पर नहीं पहुंची है, लेकिन इसके बावजूद लगातार जीत दर्ज कर रही है, जो उनके लिए सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू है। यह दिखाता है कि टीम में न केवल गहराई है, बल्कि संतुलन भी मजबूत है, जिससे वे दबाव में भी बेहतर प्रदर्शन कर पा रहे हैं।

इस महत्वपूर्ण जीत के साथ गुजरात टाइटंस की स्थिति अंक तालिका में और बेहतर हुई है। टीम अब तक 10 मुकाबले खेल चुकी है, जिसमें से उसने 6 में जीत हासिल की है और 4 में उसे हार का सामना करना पड़ा है। 12 अंकों के साथ गुजरात टाइटंस अंक तालिका में पांचवें स्थान पर आ गई है। अब गुजरात टाइटंस अपने अगले मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करेगी। यह मैच 9 मई को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला जाएगा।

## रहाणे ने जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया, वरुण ने अच्छी गेंदबाजी की

हैदराबाद ।कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान आजिंक्य रहाणें ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली 7 विकेट से जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया है।रहाणे ने कहा कि हमारे गेंदबाजों विशेषकर वरुण चक्रवर्ती ने काफी सटीक गेंदबाजी कर करते हुए सनराइजर्स के बल्लेबाजों को खेलने का कोई अवसर नहीं दिया।केकेआर के गेंदबाजों ने इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स के बल्लेबाजों को 19 ओवर में ही 165 रनों पर समेट दिया था। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अपने चार ओवर में केवल 36 रन देकर तीन अहम विकेट लिए, वहीं अनुभवी सुनील नारायण ने 31 रन देकर दो विकेट लिए।इन दोनों गेंदबाजों ने मिलकर सनराइजर्स के बल्लेबाजों पर अंकुश लगा दिया।ये गेंदबाज नियमित अंतराल पर विकेट लेते रहे।इसके बाद लक्ष्य का पीछा रते हुए कोलकाता ने 10 गेंद पहले ही मुकाबला जीत लिया।रहाणे ने उम्मीद जतायी कि इस जीत से उनकी टीम टूर्नामेंट में टिकी रह सकती है।उन्होंने कहा, यह एक अच्छा मैच रहा और जिस तरह से हमने गेंदबाजी में वापसी की, वह शानदार था।एक समय ऐसा लग रहा था कि वे 190-200 रन बना लेंगे, और उस लक्ष्य का पीछा करना कठिन होगा पर हमारे गेंदबाजों ने उन्हें रोक दिया।। रहाणे ने पिछले कुछ मैचों में गेंदबाजों के निरंतर प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, हमारी गेंदबाजी इकाई पिछले पांच-छह मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है।इसका श्रेय हमारे गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो और टिम साउदी को जाता है, जिन्होंने खिलाड़ियों को सही मार्गदर्शन दिया है।इस मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए वरुण चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# इंटर मिलान का जलवा बरकरार, 3 मैच बाकी रहते ही सीरी ए खिताब किया अपने नाम



इटली।प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट Serie A में Inter Milan ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।इंटर मिलान ने परमा को 2-0 से हराकर तीन मैच शेष रहते ही चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।इस जीत के साथ इंटर मिलान ने अंक तालिका में अपनी पकड़ इतनी मजबूत कर ली कि अब कोई भी टीम उन्हें पीछे नहीं छोड़ सकती।इंटर मिलान को खिताब जीतने के लिए सिर्फ एक ड्रॉ की जरूरत थी, लेकिन टीम ने जीत के साथ ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।इस जीत के बाद टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद Napoli पर 12 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है।यह इंटर मिलान का कुल 21वां सीरी ए खिताब है, जिससे वह सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाली टीमों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।मैच में इंटर मिलान की शुरुआत दमदार रही और पहले हाफ में ही बढ़त हासिल कर ली।टीम की ओर से Marcus Thuram ने पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद अनुभवी खिलाड़ी Henrikh Mkhitaryan ने 80वें मिनट में दूसरा गोल कर जीत पक्की कर दी।पूरे सीजन में इंटर मिलान का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है।टीम ने लगातार अच्छा खेल दिखाते हुए बाकी टीमों को पीछे छोड़ दिया।उनकी मजबूत डिफेंस और आक्रामक अटैक ने उन्हें इस सीजन का सबसे संतुलित टीम बना दिया।अब इंटर मिलान की नजर एक और ट्रॉफी पर है।टीम जल्द ही इटालियन कप के फाइनल में Lazio से भिड़ेगी।अगर इंटर यह मुकाबला जीत लेती है, तो इस सीजन में डबल ट्रॉफी जीतने का सपना भी पूरा हो सकता है।

# पीएसएल जीत से उत्साहित बाबर बोले, तीनों प्रारुप खेलूंगा, किसी भी एक से संन्यास का इरादा नहीं

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान सुपर लीग में अपनी टीम के खिताब जीतने से उत्साहित अनुभवी बल्लेबाज बाबर जाने ने कहा है कि अभी वह तीनों ही प्रारुप खेलते रहेंगे और उनके किसी भी एक प्रारुप को छोड़ने की कोई संभावना नहीं है। आजम ने इसी के साथ ही उनके किसी एक प्रारुप से संन्यास की अटकलों पर भी विराम लगा दिया। वहीं लंबे समय से यह चर्चा जोरों पर थी कि बाबर अपने करियर को बढ़ाने के लिए किसी एक फॉर्मेट से संन्यास ले सकते हैं, लेकिन उन्होंने इन सभी संभावनाओं को खारिज कर दिया। बाबर ने कहा, परेशान न हों, में तीनों प्रारुप खेलूंगा।

बाबर के इस बयान से साफ है कि उन्हें अब पाक टीम में वापसी का अवसर मिल सकता है। पिछले काफी समय से उनकी धीमी बल्लेबाजी पर सवाल उठते रहे हैं। यही वजह थी कि उनके टी20 करियर को लेकर तरह-तरह की बातें शुरू हो गई थीं, जिसमें फॉर्मेट छोड़ने की अटकलें प्रमुख थीं।

हालांकि, इन आलोचनाओं के बीच बाबर ने पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में जबरदस्त वापसी की। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 पारियों में कुल 588 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 73.50 और स्ट्राइक रेट 145.90 रहा। इस दौरान बाबर ने दो शानदार शतक और तीन अर्धशतक लगाये।

बाबर ने जोर दिया कि एक खिलाड़ी को सभी प्रारुप खेलने चाहिए। उन्होंने तर्क दिया, यह एक खिलाड़ी का काम है कि वह हर फॉर्मेट में अपनी टीम के लिए उपलब्ध रहे। साथ ही कहा कि टेस्ट प्रारुप आपको धैर्य और लंबी पारी खेलने की कला सिखाता है।। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि टेस्ट क्रिकेट से मिलने वाला अनुभव न केवल टेस्ट मैचों में बल्कि टी20 और एकदिवीसय जैसे सीमित ओवरों के प्रारूपों में भी एक खिलाड़ी को बेहतर बनाता है।

पीएसएल की सफलता के बाद अब बाबर का अगला ध्यान टेस्ट क्रिकेट पर है। पाकिस्तानी टीम जल्द ही बांग्लादेश के दौरे पर दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी। यह श्रृंखला आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का महत्वपूर्ण हिस्सा होगी, और बाबर इसमें अपनी टीम के लिए अहम भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे हैं। बाबर ने यह भी साफ संकेत दिए हैं कि वह 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप की योजनाओं का एक अभिन्न अंग बने रहना चाहते हैं।



# विश्व एथलेटिक्स 2026 : रागुल , नित्या सहित भारतीय रिले टीम ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

गाबोरोन ।बोत्सवाना में हुए विश्व एथलेटिक्स 2026 भारतीय एथलेटिक्स में भारतीय टीम क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद भी एक रिकार्ड बनाने में सफल रही ।इसमें शामिल पांचों भारतीय टीमें अपने-अपने वर्ग में क्वालिफिकेशन नहीं कर पायीं पर 4 गुणा 400 मीटर में भारत की र रिले टीम ने एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड जरूर बनाया। भारतीय रिले टीम में रागुल कुमार, नित्या गांधे, अनिमेश कुजूर और स्नेहा सत्यनारायण शनुवल्ली शामिल थे।इस चारों ने शानदार तालमेल और गति का प्रदर्शन करते हुए 41.35 सेकंड का समय निकाला।इससे ये हीट में छठे स्थान पर रहे और क्वालीफाई नहीं कर पाये पर 42.30 सेकंड के पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ने में जरुर सफल रहे।यह प्रदर्शन भारतीय रिले एथलेटिक्स के भविष्य लिए सकारात्मक कदम है, जो आगामी प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है और युवा एथलीटों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।वहीं अन्य रिले टीमों का प्रदर्शन हालांकि उतना प्रभावशाली नहीं रहा।मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर रिले में भारत की दूसरी टीम अपनी हीट में ही पांचवें स्थान पर रही।वहीं, पुरुषों की 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम दौड़ पूरी नहीं कर सकी।इसका कारण ये रहा कि अनुभवी धावक आमोज जैकब को दौड़ के बीच में ऐंठन का सामना करना पड़ा।वहीं महिला 4 गुणा 400 मीटर टीम अपनी हीट में अंतिम स्थान पर रही, जबकि पुरुषों की गुणा 400 मीटर टीम को बैटन बदलने के दौरान हुई गलती के कारण अयोग्य करार दिया गया।

## एक नजर

### गुवाहाटी के प्रदेश भाजपा मुख्यालय में जीत का जश्न, उत्सव जैसा माहौल

**गुवाहाटी :** गुवाहाटी के बशिष्ठ स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में सोमवार को उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। असम विधानसभा चुनाव 2026 में भाजपा की अभूतपूर्व सफलता के बाद पार्टी कार्यालय में दीपावली और होली जैसा वातावरण बन गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने असम की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तीसरी बार सरकार बनाने का अवसर देने के लिए वे जनता के प्रति कृतज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ह्लसबका साथ, सबका विकासह्व की नीति को प्राथमिकता देते हुए अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर राज्य में सरकार का गठन करेगी। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे और पार्टी के विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी। हालांकि, कुछ विधानसभा क्षेत्रों के परिणामों की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है।
उल्लेखनीय है कि आज सुबह चुनाव परिणाम के रुझान भाजपा के पक्ष में आने के साथ ही बड़ी संख्या में राज्यभर से पार्टी के नेता और कार्यकर्ता पार्टी मुख्यालय में जुटने लगे। पार्टी कार्यकर्ता आपस में होली खेलते हुए देखे गए। व्यापक पैमाने पर मिठाइयां बांटी जा रही थीं। विभिन्न प्रकार के पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ पारंपरिक वेशभूषा में असम की सांस्कृतिक झांकियां भाजपा कार्यालय परिसर में प्रस्तुत होते देखी गई।

### अस्पतालों की सुरक्षा के लिए केन्द्र सरकार ने जारी किए नए अग्नि सुरक्षा दिशा निर्देश

नई दिल्ली : अस्पतालों में बढ़ते बिजली लोड और ऑक्सीजन-समृद्ध वातावरण के कारण आग लगने का खतरा अधिक होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अग्नि सुरक्षा से संबंधित नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन नए दिशा-निर्देशों का उद्देश्य विशेष रूप से आपात स्थितियों के दौरान मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नई दिशा-निर्देशों में मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए उन्नत और व्यवस्थित रणनीतियां शामिल की गई हैं। खासतौर पर गंभीर मरीजों, आईसीयू, एनआईसीयू और अन्य संवेदनशील वार्डों के लिए अलग से चरणबद्ध निकासी की व्यवस्था पर जोर दिया गया है। इसके अलावा इन दिशानिर्देशों में फायर सेफ्टी गवर्नेंस को मजबूत करने, नियमित ऑडिट सुनिश्चित करने और अस्पताल स्टाफ को बेहतर प्रशिक्षण देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि ह्लनेशनल गाइडलाइंस ऑन फायर एंड लाइफ सेफ्टी इन हेल्थकेयर फैसिलिटीज (2026)ह्व अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा कि इन दिशानिर्देशों में खास तौर पर गंभीर और चलने-फिरने में असमर्थ मरीजों के लिए फेज्ड इवैक्युएशन (चरणबद्ध निकासी) की रणनीति शामिल की गई है। नई गाइडलाइंस में आईसीयू, एनआईसीयू (नवजात गहन चिकित्सा इकाई), पीआईसीयू (बाल गहन चिकित्सा इकाई) और ऑपरेशन थिएटर जैसे हाई-रिस्क क्षेत्रों के लिए विशेष सुरक्षा प्रोटोकॉल तय किए गए हैं, ताकि इन संवेदनशील स्थानों पर किसी भी आपात स्थिति में तेजी और सुरक्षित तरीके से प्रतिक्रिया दी जा सके। उन्होंने सभी राज्यों और स्वास्थ्य सुविधाओं से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से अग्नि सुरक्षा ऑडिट विवरण आईएचआईपी पोर्टल पर अपलोड करें, यह देखते हुए कि ऐसी प्रथाएं अनुपालन को संस्थागत रूप देंगी और सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए एक निरंतर अनुस्मारक के रूप में कार्य करेंगी।

# आज के तकनीकी दौर में भविष्य के लिए 'रिसर्च और सरप्राइज' बेहद जरूरी : राजनाथ

एजेंसी



**प्रयागराज :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीव्र तकनीकी क्रांति के वर्तमान युग में भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए अनुसंधान पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने और अप्रत्याशित नवाचार की रणनीति अपनाने के महत्व पर बल दिया। रक्षा मंत्री 4 मई को प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में भारतीय सेना की उत्तरी एवं मध्य कमान तथा भारतीय रक्षा निमार्ता सोसायटी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय नॉर्थ टेक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में रक्षा कर्मियों, उद्योगपतियों, नवप्रवर्तकों, स्टार्टअप्स और शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे।
रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष में, युद्ध का स्वरूप महज तीन-चार वर्षों में टैंकों और मिसाइलों से बदलकर ड्रोन और सेंसर जैसे क्रांतिकारी उपकरणों में परिवर्तित हो गया है। इसके अलावा, दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुकी वस्तुएं भी घातक हथियार बनती जा रही हैं। लेबनान और सीरिया में हुए पेजर हमलों ने आधुनिक युद्ध पद्धतियों के पुनर्मूल्यांकन को प्रेरित किया है। ऐसी स्थिति में हमें तैयार रहना होगा। राजनाथ सिंह ने सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने और ऐसी क्षमताएं विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जो आवश्यकता पड़ने पर देश को अपने शत्रु पर अप्रत्याशित हमला करने में सक्षम बनाएं। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि युद्ध में निर्णायक बढ़त सदैव उसी को मिलती है, जिसके पास अचानक हमला करने की शक्ति होती है। हालांकि हमारे रक्षा बल पहले से ही इस दिशा में कार्य कर रहे हैं, हमें और अधिक सक्रियता के साथ आगे बढ़ना होगा।
रक्षा मंत्री ने कहा कि जो राष्ट्र तकनीकी क्रांति को सबसे तेजी से अपनाएगा, उसे भविष्य के युद्ध परिदृश्य में निर्णायक बढ़त प्राप्त होगी। आज की दुनिया में अनुसंधान का कोई विकल्प नहीं है और भविष्य के युद्ध किस प्रकार लड़े जाएंगे, यह आज प्रयोगशालाओं में निर्धारित हो रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने रक्षा अनुसंधान को अपनी प्राथमिकताओं के केंद्र में रखा है। डीआरडीओ अब इस यात्रा पर अकेला नहीं है। 'दूर तक जाने के लिए साथ चलें' के मंत्र से प्रेरित होकर, यह बड़ी संख्या में उद्योगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास बजट का 25 प्रतिशत हिस्सा उद्योग, शिक्षा जगत और स्टार्टअप्स को आवंटित किया गया है और अब तक इन संस्थाओं ने बजट का 4,500 करोड़ रुपये से अधिक का उपयोग कर लिया है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की एक नई नीति लागू की गई है, जिसके अंतर्गत विकास-सह-उत्पादन साझेदारों, विकास साझेदारों और उत्पादन एजेंसियों के लिए पहले लगने वाला 20 प्रतिशत शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप, डीआरडीओ ने अब तक विभिन्न उद्योगों को 2,200 से अधिक प्रौद्योगिकियां हस्तांतरित की हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि डीआरडीओ ने भारतीय उद्योगों को अपने पेटेंट तक निःशुल्क पहुंच प्रदान करने की नीति शुरू की है, जिससे उनकी तकनीकी क्षमताओं और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता दोनों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ की परीक्षण सुविधाएं भी भुगतान के आधार पर उद्योगों के लिए खोल दी गई हैं।

## गडकरी ने की महाराष्ट्र में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा


एजेंसी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने महाराष्ट्र में प्रस्तावित हाई-स्पीड और हाई-डेंसिटी कॉरिडोर सहित राज्य के बीओटी निर्माण-संचालन-हस्तांतरण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि सोमवार को यहां आयोजित समीक्षा बैठक में गडकरी ने नागपुर-भंडारा सेक्शन के छह लेनिंग, तलोदा-बुरहानपुर सेक्शन के चार लेनिंग, दुर्ग-गड़चिरोली-मंचेरियल कॉरिडोर, गड़चिरोली-कांकेर कॉरिडोर, ग्वालियर-नागपुर कॉरिडोर, नागपुर-हैदराबाद कॉरिडोर, भंडारा-रायपुर सेक्शन के छह लेनिंग, लखनादोन-दुर्ग-रायपुर कॉरिडोर, नागपुर-अमरावती सेक्शन के छह लेनिंग, मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र बॉर्डर-नागपुर बायपास-बोरखेड़ी स्टेच (एनएच-44) और पुणे-सातारा सेक्शन के छह लेनिंग जैसे प्रमुख राजमार्ग विकास कार्यों पर चर्चा की। बैठक में राज्य की नौ बीओटी परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई। इन परियोजनाओं की कुल लंबाई 527 किलोमीटर है। इन परियोनाओं में शिरूर-अहिल्यानगर, छत्रपति संभाजीनगर-जालना, वरोरा-चंद्रपुर-बामनी और मलकापुर-चिखली कॉरिडोर शामिल हैं।

## देश में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति लगभग 70 फीसदी तक बहाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में एलपीजी वितरकों के पास घरेलू रसोई गैस की कोई कमी नहीं हुई है। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई लगभग 70 फीसदी तक बहाल हो गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में बताया कि अप्रैल महीने में 2.15 लाख टन से ज्यादा कमर्शियल एलपीजी बेची गई है। ऑटो एलपीजी की बिक्री अब तक लगभग 11,100 टन तक पहुंच गई है। इस महीने के दौरान 23 लाख से ज्यादा 5 किलोग्राम वाले सिलेंडर बेचे गए हैं। इसके साथ ही 3 अप्रैल से अब तक 10,000 से ज्यादा जागरूकता शिविर आयोजित किए गए हैं। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव , असीम आर. महाजन ने बताया कि विदेश मंत्रालय पश्चिम एशिया क्षेत्र के खाड़ी इलाके में हो रहे घटनाक्रमों पर लगातार करीब से नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रयास इस क्षेत्र में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने पर केंद्रित हैं। महाजन ने बताया कि जानकारी साझा करने और अपने प्रयासों में तालमेल बिठाने के लिए हम राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ लगातार संपर्क में हैं। असीम आर. महाजन ने कहा कि मंत्रालय में एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है, जो भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों के सवालों का जवाब देने के लिए काम कर रहा है।

## अहमदाबाद में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत 22 दिनों में 5 भारी पोर्टल बीम लॉन्च

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** अहमदाबाद में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत एक महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग उपलब्धि हासिल की गई है। मणिनगर क्षेत्र में अहमदाबाद-वडोदरा रेलवे लाइन के ऊपर कुल पांच प्रीकास्ट-प्रेस्ट्रेस्ड भारी पोर्टल बीम मात्र 22 दिनों के भीतर सफलतापूर्वक लॉन्च किए गए।
नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सोमवार को एक बयान में बताया कि यह लॉन्चिंग गतिविधि 8, 13, 19, 24 और 29 अप्रैल को सुनियोजित क्रम में पूरी की गई, जो सक्रिय रेलवे ट्रैक के ऊपर तेज और सटीक कार्य निष्पादन का उदाहरण है। इनमें सबसे भारी बीम, जिसका वजन लगभग 1360 मीट्रिक टन था, 8 अप्रैल को लॉन्च किया गया। अन्य बीमों का वजन 1170 से 1360 मीट्रिक टन के बीच रहा, जिससे यह रेलवे अवसंरचना पर किए गए सबसे जटिल कार्यों में से एक बन गया है। मणिनगर में बुलेट ट्रेन का एलाइन्मेंट मौजूदा रेलवे ट्रैकों के ऊपर से ऊंचाई पर और तिरछे कोण पर गुजरता है, जिसके कारण संरचनात्मक योजना बेहद चुनौतीपूर्ण रही। यहां दो पिलरों के बीच की दूरी लगभग 30 से 34 मीटर है, जिसके चलते मजबूत और स्थिर पोर्टल बीम की आवश्यकता पड़ी।
इन भारी पोर्टल बीमों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे अहमदाबादझ्रवडोदरा रेलवे की अप, डाउन और तीसरी लाइन सहित कई सक्रिय ट्रैकों को सुरक्षित रूप से कवर कर सकें। इनके बड़े आकार और वजन से संरचना में स्थिरता बनी रहती है और झुकाव न्यूनतम रहता है, जिससे ट्रैक की सटीकता और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित होता है।
लॉन्चिंग के लिए 2200 मीट्रिक टन क्षमता वाले क्रॉलर क्रेन का उपयोग किया गया, जिसे पहली बार भारत में सक्रिय रेलवे ट्रैक के ऊपर इस्तेमाल किया गया। प्रत्येक बीम को लगभग 3.5 घंटे में स्थापित किया गया, जो पहले के 9 घंटे के ब्लॉक की तुलना में काफी तेज है। यह कार्य भारतीय रेलवे के साथ समन्वय, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निरंतर निगरानी के साथ पूरा किया गया।

### असम में भाजपा को अपने दम पर मिला पूर्ण बहुमत

**गुवाहाटी :** असम प्रदेश विधानसभा चुनाव 2026 में भाजपा को अकेले दम पर पूर्ण बहुमत मिल गया है। भाजपा लगातार तीसरी बार राज्य में सरकार बनाने जा रही है। हालांकि भाजपा गठबंधन के तहत चुनावी में उतरी थी। भाजपा अकेले राज्य की 126 में से 65 सीटें जीत चुकी है, जबकि 17 सीटों पर अभी भी आगे चल रही है। ऐसे में भाजपा 82 सीटें जीतती हुई दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि भाजपा अगप, बीपीएफ के साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरी थी। भाजपा की सहयोगी पार्टी अगप 5 सीटें जीत चुकी है तथा 5 सीटों पर आगे चल रही है। बीपीएफ भी 7 सीटें जीत चुकी है, जबकि 3 सीटों पर आगे चल रही है। ऐसे में भाजपा और सहयोगी पार्टियों को 102 सीटें मिलती दिखाई दे रही है।

## पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने मालीगांव सेक्शन में नया पुल संख्या 7 चालू किया, परिचालन दक्षता और सुरक्षा में सुधार

एजेंसी



**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने एक नवनिर्मित बड़े पुल संख्या 7 को सफलतापूर्वक चालू कर बुनियादी ढांचे के उन्नयन में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन हासिल किया है। यह पुल लामडिंग मंडल के अंतर्गत चापरमुख-सेनचोवा सेक्शन में एक स्थायी ट्रैक डायवर्जन के साथ बनाया गया है। इस नए पुल में प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट स्लैब और ओपन वेब गर्डर का एक संयोजन है, जो इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण विकास को दर्शाता है। यह पुल उस स्थान पर मौजूद पुराने पुल की जगह लेगा। पुराना पुल मूल रूप से मीटर गेज का था, जिसे 1994 में ब्रॉड गेज में रूपांतरण के दौरान मजबूती देकर बनाए रखा गया था। हालांकि, इसमें परिचालन संबंधी सीमाएं थीं और इस पर 40 कि.मी. प्रति घंटे की परमानेंट स्पीड रेस्ट्रिक्शन (पीएसआर) लागू था। आधुनिकीकरण और बेहतर सुरक्षा की तकनीकी आवश्यकता को देखते हुए, रेल मंडल ने इस सेक्शन में ट्रेनों की आवाजाही को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए, एक स्थायी वैकल्पिक मार्ग निर्माण के साथ-साथ पुल के पुनर्निर्माण का कार्य भी शुरू किया।
नए पुल और वैकल्पिक ट्रैक को, लगभग छह घंटे के 'ट्रैफिक ब्लॉक' के दौरान चलाए गए एक सुनियोजित 'कट-एंड-कनेक्शन' अभियान के माध्यम से, दोनों छोर पर मौजूदा चालू लाइन से सफलतापूर्वक जोड़ा गया। परिचालन संबंधी चुनौतियों के बावजूद, यह कार्य अत्यंत कुशलता से पूरा किया गया और उसी दिन इस सेक्शन को ट्रेनों की आवाजाही के लिए चालू कर दिया गया। यह उपलब्धि इंजीनियरिंग और परिचालन टीमों द्वारा की गई उच्च स्तरीय योजना, समन्वय और कार्य-निष्पादन का प्रमाण है। इस अपग्रेडेड बुनियादी ढांचे के चालू होने से पहले लागू 40 कि.मी. प्रति घंटे की गति सीमा समाप्त हो गई है, जिसके परिणामस्वरूप इस सेक्शन में परिचालन दक्षता में सुधार हुआ है, सुरक्षा बढ़ी है और ट्रेनों का परिचालन अधिक सुगम हो गया है। यह उपलब्धि इस क्षेत्र में रेल बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने तथा यात्रियों और माल ढुलाई के लिए विश्वसनीय सेवाएं सुनिश्चित करने के प्रति एनएफआर की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## संक्षिप्त खबरें

### विपक्षी दलों ने संसद की उपेक्षा करके अध्यादेश लाए जाने का किया विरोध



**काठमांडू :** नेपाल के विपक्षी दलों के सांसदों ने सरकार के अध्यादेश लाने के फैसले का विरोध करते हुए आरोप लगाया है कि यह कदम संसद को दरकिनार करने और लोकतांत्रिक मानदंडों को कमजोर करने वाला है। सिंह दरबार में सोमवार को प्रतिनिधि सभा की कानून, न्याय एवं मानवाधिकार समिति की बैठक में विपक्षी दलों के सांसदों ने कहा कि लगभग दो-तिहाई बहुमत होने के बावजूद अध्यादेश लाना लोकतांत्रिक सिद्धांतों के खिलाफ है। नेपाली कांग्रेस के सांसद मदन कृष्ण श्रेष्ठ ने सरकार से ऐसे कदम उठाने से बचने का आग्रह किया, जो विवाद को जन्म दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास में अध्यादेश अक्सर विवाद का कारण बने हैं और बिना संसदीय चर्चा के जल्दबाजी में अध्यादेश लाना लोकतांत्रिक परंपरा के विपरीत है। श्रेष्ठ ने यह भी कहा कि विधेयकों को संसदीय समितियों और पूर्ण सदन में उचित विचार-विमर्श के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए, ताकि सभी पक्ष इस प्रक्रिया में सहभागी बन सकें। इसी तरह, सीपीएन-यूएमएल के सांसद सुहांग नेमबांग ने कहा कि अध्यादेश लाने और भूमिहीन नागरिकों से जुड़े मुद्दों को संभालने में सरकार की कमजोरी उजागर हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद सरकार संसद के माध्यम से पुराने कानूनों में संशोधन या उन्हें समाप्त करने में क्यों विफल रही। नेमबांग ने चेतावनी दी कि संसद को दरकिनार करने की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय मानदंडों और संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करती है। उन्होंने यह भी कहा कि भूमिहीन समुदायों की समस्याओं के समाधान की आवश्यकता पर कोई मतभेद नहीं है, लेकिन समाधान संवैधानिक, कानूनी और मानवीय होना चाहिए। साथ ही उचित विकल्प और पुनर्वास की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने नागरिकों के अधिकारों से जुड़े मामलों में सरकार से संवेदनशीलता के साथ काम करने पर जोर दिया।

### विश्वास का उदय- बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक महाविजय : जेपी नड्डा



**नयी दिल्ली :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक जीत की ओर अग्रसर है। इसपर जीत पर खुशी जाहिर करते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि विश्वास का उदय- बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक महाविजय है। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए भावुक पल है।
पश्चिम बंगाल में भाजपा की अभूतपूर्व महाविजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता की मुहर और तृणमूल कांग्रेस के कुशासन, भ्रष्टाचार, टोलाबाजी, घुसपैठ, तुष्टिकरण, अराजकता एवं गुंडागर्दी की करारी हार है। सोमवार को एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि इतिहास गवाह है कि बंगाल जब परिवर्तन ठान लेता है तो कोई भी ताकत उसे नहीं रोक पाती। गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर, बंकिम चन्द्र चटर्जी, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी जैसे महान देशभक्तों की पावन धरा ने तृणमूल कांग्रेस के अहंकार को चूर-चूरकर पहली बार भाजपा पर भरोसा जताया है।
उन्होंने इस प्रचंड विजय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य एवं नेता प्रतिपक्ष सुवेन्दु अधिकारी और बूथ-स्तरीय कर्मठ कार्यकताओं को हार्दिक बधाई दी और प्रदेश के सभी मतदाताओं का हृदय से आभार जताया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार 'आमार शोनार बांग्ला' के ध्येय से 'विकसित पश्चिम बंगाल' बनाने को कृत-संकल्पित है।

### गुजरात और महाराष्ट्र के लोगों का दिल्ली के विकास में महत्वपूर्ण योगदान : कपिल मिश्रा




**नयी दिल्ली :** दिल्ली सचिवालय में सोमवार को गुजरात एवं महाराष्ट्र दिवस के परिप्रेक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सरकार की ओर से शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुजरात एवं महाराष्ट्र के लोगों का देश और दिल्ली के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। सचिवालय में महाराष्ट्र के लोक नृत्य लावणी, लेजिम, कोली और गुजरात के डांडिया रास, गरबा एवं टिप्पनी की मनमोहक प्रस्तुति हुई। दर्शकों ने श्रृंगार, प्रेम, भक्ति और सामाजिक मुद्दों के नृत्य के जरिये प्रदर्शन को खूब सराहा। करीब 25 कलाकारों ने मां दुर्गा की स्तुति और भगवान गणेश की वंदना, नृत्य के जरिये की। कपिल मिश्रा ने कहा कि गुजरात सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि के साथ ही आर्थिक, औद्योगिक, कृषि और ऊर्जा क्षेत्रों में भी देश के विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। यह राज्य भारत की आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान को मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ 'गुजरात का विकास मॉडल', आज अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा है।
कपिल मिश्रा ने कहा कि गुजरात के पवित्र धाम सोमनाथ की अटूट आस्था और भक्ति को समर्पित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का दिल्ली सरकार ने भव्य आयोजन किया, साथ ही सोमनाथ यात्रा के लिए विशेष ट्रेन भी चलाई। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्य भूमि महाराष्ट्र आज भारत के विकास का एक प्रमुख स्तंभ है, अर्थव्यवस्था, उद्योग, कृषि, फिल्म उद्योग और इंफ्रास्ट्रक्चर में इस राज्य का योगदान अद्भुत है। यह राज्य देश की आर्थिक मजबूती, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान को निरंतर आगे बढ़ाता रहा है। कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प की दिशा में राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए यह आयोजन हो रहे हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902